दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा से एक साथ प्रकाशित

/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///

वर्ष : 14 | अंक : 87 | जयपुर | बुधवार, 31 जनवरी, 2024 | माघ, कृष्ण पक्ष पंचमी, संवत्-2080 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

### राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के जवाब में विधानसभा में पहली बार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भाषण

# ये सरकार धरती पुत्रों की हैं, पिछली सरकार प्रिपेड

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री के रूप में भजनलाल शर्मा का पहला भाषण प्रभावशाली रहा। सीएम शर्मा ने कांग्रेस की पिछली सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार तो धरती पुत्रों की है लेकिन पिछली सरकार लक्ष्मी पुत्रों की थी। जिसमें कोई भी काम बिना खर्चे पानी के नहीं होता था। एक तरह से सरकार प्रीपेड सेवा के रूप में काम कर रही थी। मंगलवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर विपक्ष की तरफ से अन्तिम बात प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने रखी। इसके बाद मेजों की थपथपाहट के साथ सीएम भजनलाल शर्मा पोडियम पर आए और उन्होंने पहली बार सदन में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार न पर्ची की है न ही खर्ची की। यह सरकार धरती की है। धरती पुत्रों की हैं। मैं तो गांव से आता हूं। एक छोटे किसान परिवार से हूं। जीवन अभावों में भी गुजरा है। मेरा मुख्यमंत्री बनना शायद कांग्रेस को अच्छा नहीं लग रहा है। दरअसल, विपक्ष के कुछ सदस्यों में पर्ची का डर बैठा है। इसलिए वो बार-बार पर्ची की बात करते हैं। विपक्ष के सदस्यों को कौनसी तारीख की पर्ची का डर है। यह डर 25 सितंबर 2022 का है। विधायक दल की बैठक के बहिष्कार का है।

**महिला अत्याचार में नंबर वन कर दिया था प्रदेश को**-सीएम ने कहा कि इनके समय प्रदेश को महिला अत्याचार के मामलों से शर्मसार होना पड़ा था। पिछली सरकार के समय राजस्थान महिला अत्याचार के मामले में नंबर वन बना रहा। हर दिन अबलाओं की इज्जत तार-तार होती थी।

#### जो मंत्री महिला अत्याचार के खिलाफ बोला उसे हटा दिया

मुख्यमंत्री बोले कि जब भी कांग्रेस सरकार आती है, तब-तब महिला अत्याचार बढ़ते हैं। उन्होंने भंवरी कांड को याद करते हुए कहा कि महिला अत्याचार पर बात उठाने वाले अपने ही मंत्री को कांग्रेस सरकार ने बर्खास्त कर दिया। ऐसा क्या कह दिया था कि सदन में बात उठाने के कुछ ही घंटे बाद अपने ही मंत्री को बर्खास्त कर दिया। मुझे करौली की घटना याद है, जब पीड़ितों के खिलाफ ही कार्रवाई कर दी। जयपुर में युवक की हत्या को सांप्रदायिक रूप दिया गया। तुष्टीकरण के आधार पर फैसले हो तो संविधान और कानून बौने हो जाते हैं। बात संविधान की करते हैं, लेकिन उस पर चलना होता है। झालावाड़ और जोधपुर की घटनाओं को ही देख लेते, उनकी सुनने वाला कोई नहीं था। देश-प्रदेश कानून से चलेगा, तुष्टीकरण से नहीं चलेगा। शांतिप्रिय प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

#### 500 साल का काला इतिहास 84 सैकेण्ड में बदला मोदी ने

शर्मा ने कहा कि रामलला प्राण प्रतिष्ठा को भी राजनीति के चश्मे से देख रहे हैं, जिन्होंने राम और रामसेतु के अस्तित्व को नकारा, उन्हें जनता ने नकार दिया। आने वाले समय में जनता चुनावों में इन्हें नकारेगी। राम मंदिर देश की आध्यामिक स्वतंत्रता के साथ आर्थिक तरक्की का प्रतीक हैं। हमारे प्रधानमंत्री भी कहते हैं कि विकसित भारत की संकल्पना राम से राष्ट्र और देव से देश के चिंतन का विस्तार है। हमारे संविधान के निर्माता अंबेडकर ने संविधान की मूल प्रति के भाग तीन में भगवान राम, सीता और लक्ष्मण का भी चित्रण है। पीएम का आभार प्रकट करना चाहता हूं जिन्होंने 500 साल की सनातन की प्रतिक्षा के बाद पूरा किया।



### कांग्रेस पर साधा जमकर निशाना, पिछली सरकार में बिना सेवा-पानी के काम नहीं होता था

### एक ही परिवार के कई सदस्य आरएएस बन गए

सीएम शर्मा ने कहा कि जब हम पढ़ते थे, तब आरपीएससी की साख होती थी, लेकिन आज उस संस्था पर सवाल उठ रहे हैं। पेपरलीक के सरगनाओं को सामने लाने में पिछली सरकार विफल रही। अब युवाओं के साथ धोखा कभी बर्दाश्त नहीं होगा। आरपीएससी के मेंबर पेपर चोरी करते पकड़े गए। पेपरलीक के मामलों में युवाओं को आत्मदाह करने को मजबूर कर दिया। कई सदस्य तो ऐसे हैं, जिन्होंने खुद ने तो कुछ काम नहीं किया। वो अपने पिता और पूर्वजों की खा रहे हैं। लेकिन बात बड़ी-बड़ी करते हैं। इसलिए एक ही परिवार के 3-3, 4-4 सदस्य आरएएस सिलेक्ट हो रहे थे। वो कौनसी चक्की का आटा खाते हैं, कहां का पानी पीते थे। यहीं नहीं आगे सुनिए, नंबर भी सबके बराबर आ रहे हैं। वो तो वहीं करेगा, जो उसे कहा गया है।

## राजीव का नाम पसन्द नहीं तो अटल के नाम कर दो पर बेरोजगार युवाओं का रोजगार मत छीनो: जूली

इससे पहले नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि मोदी जी ने आज तक कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की। 100 दिन में काला धन लाने की बात कही, 2 करोड़ युवाओं को रोजगार, महंगाई-भ्रष्टाचार कम करूंगा, डॉलर रुपया बराबर करने के वादे किए। ऐसे लग रहा है कि 90 के पार पहुंचाकर मानोंगे। किसान की आमदनी दोगुनी करने का वादा किया, आमदनी तो दोगुनी नहीं हुई, लेकिन यूरिया का कट्टा 40 किलो से घटाकर 35 किलो कर दिया। पीएम आवास में राजस्थान के 9 लाख लोगों को वंचित कर दिया। यूपीए सरकार में डीजल 55 रुपए लीटर था, कहां पहुंचा दिया। राजस्थान के सभी लोगों को 450 में सिलेंडर दे दीजिए, लोग कहेंगे कि भजनलाल जैसा सीएम मिला है। जूली ने कहा कि राजीव गांधी युवा मित्रों का क्या दोष है? आपको राजीव गांधी का नाम पसंद नहीं है तो मैं प्रस्ताव करता हूं कि इन्हें अटल युवा मित्र नाम दे दीजिए। बच्चों का रोजगार मत छीनिए। अग्निवीर की जगह मंत्रीवीर योजना शुरू कर दी। मुख्यमंत्री जी ये लोग आपको निपटाने में लगे थे। जब आचार संहिता लगती है, चुनाव में आचार संहिता में बच्चियां स्वागत करती हैं तो हम 100-50 देते भी डरते हैं, आपने तो आचार संहिता में मंत्री बना दिया। हम संवैधानिक परंपराओं को माने। हमने पहले दिन ही कहा था सरकार अच्छा काम करेगी तो हम सरकार का साथ देंगे।



**विधानसभा 8 फरवरी तक स्थगित** | राजस्थान विधानसभा की कार्यवाही आगामी आठ फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इससे पहले सदन में राज्यपाल का अभिभाषण पारित किया गया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की 4 बड़ी घोषणाएं

### पीएम किसान सम्मान निधि और सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाई; पाक विस्थापितों के लिए लाई जाएगी योजना

राज्यपाल के अभिभाषण पर विधानसभा में जवाब देते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 4 बड़ी घोषणाएं की हैं। राज्य सरकार ने किसानों को दी जाने वाली पीएम किसान सम्मान निधि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और गेहूं की एमएसपी पर बोनस में बढ़ोतरी की है। किसानों को दी जाने वाली पीएम किसान सम्मान निधि के तहत अब किसानों को हर साल 8 हजार रुपए मिलेंगे। पहले 6 हजार रुपए मिलते थे। इससे सरकार पर 1300 करोड़ रुपए का भार आएगा। वहीं गेहूं की फसल पर किसानों को 125 रुपए क्विंटल ज्यादा मिलेंगे। गेहूं की फसल की एमएसपी पर बोनस सहित 2275 रुपए मिलते थे, अब 2400 रुपए प्रति क्विंटल मिलेंगे। वहीं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में भी सरकार ने 150 रुपए की बढ़ोतरी कर दी है। विधवा, बुजुर्गों और परित्यक्ताओं को अब हर महीने 1150 रुपए मिलेंगे। इससे सरकार पर 1800 करोड़ रुपए का बोझ बढ़ेगा। वहीं पाक से विस्ताथपित परिवारों को आवास व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने अलग से योजना लाने का ऐलान किया है।

**पीएम किसान सम्मान निधि**

अभी मिलते हैं - 6 हजार रुपए
सरकार ने बढ़ाए - 2 हजार रुपए
अब मिलेंगे - 8 हजार रुपए
(1300 करोड़ का अतिरिक्त भार आएगा)

**गेहूं की फसल की एमएसपी पर बोनस**

अभी मिलते हैं - 2275 रुपए
सरकार ने बढ़ाए - 125 रुपए
अब मिलेंगे - 2400 रुपए
(250 करोड़ का अतिरिक्त भार आएगा)

**सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना**

अभी मिलते हैं - 1000 रुपए
सरकार ने बढ़ाए - 150 रुपए
अब मिलेंगे - 1150 रुपए
(1800 करोड़ का अतिरिक्त भार आएगा)

## छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ कैंप पर नक्सली हमला, तीन जवान शहीद



बढ़ता राजस्थान। एजेंसी

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में मंगलवार को नक्सलियों ने सीआरपीएफ कैंप पर हमला किया। इस जवाबी कार्रवाई में सीआरपीएफ के तीन जवान शहीद हो गए, और 14 घायल हो गए। यह वही जगह है जहां 2021 में 23 जवान शहीद हो गए थे। सीआरपीएफ कोबरा और डीआरजी के जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ जारी है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने घटना की पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक, लोगों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने और नक्सली गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सुकमा के टेकलगुडेम गांव में मंगलवार यानी आज ही एक सुरक्षा कैंप स्थापित किया गया था। कैंप स्थापित करने के बाद डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड, कोबरा बटालियन और स्पेशल टास्क फोर्स इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। नक्सलियों की इस गोलीबारी का सुरक्षाबलों ने मुंहतोड़ जवाब दिया, जिसके बाद नक्सली जंगल की आड़ लेकर भाग निकले। हालांकि मुठभेड़ के दौरान तीन जवान शहीद हो गए और 14 घायल हुए हैं। घायल जवानों को इलाज के लिए रायपुर भेजा गया है। बता दें, साल 2021 में टेकलगुड़ेम के जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में 23 जवान शहीद हो गए थे।

## जेडीए के बाद मुख्य सचिव का कलेक्ट्रेट में धावा अधिकारी कर्मचारियों का अब नहीं सुधरा ढर्रा

### अधिकारी-कर्मचारी नदारद मिले, कमरों में फाइलों का अम्बार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्य सचिव सुधांश पंत की जेडीए के बाद छापामार कार्रवाई मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट में हुई। पंत अचानक सुबह साढ़े नौ बजे पहुंचे और एक-एक कमरे में घूमे। कुछ अधिकारी गायब मिले तो कुछ मौजूद भी मिले। सीएस ने संभागीय आयुक्त कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इससे पहले मुख्य सचिव पंत ने जयपुर जेडीए का ऐसा ही औचक निरीक्षण किया था। उस दौरान जेडीए सचिव, जोन उपायुक्त और अतिरिक्त आयुक्त के चैंबर में न मिलने पर उनको एपीओ कर दिया था।

कलेक्ट्रेट ऑफिस आने से पहले पंत संभागीय आयुक्त की बिल्डिंग में भी गए थे, जहां उन्होंने कर्मचारियों-अधिकारियों की उपस्थिति और उनके टेबल पर रखी फाइलों को देखा। यहां करीब 15 मिनट रुकने के बाद वे जयपुर कलेक्ट्रेट के ऑफिस पहुंचे। अचानक जयपुर कलेक्ट्रेट ऑफिस में सीएस के पहुंचते ही कर्मचारियों-अधिकारियों में हड़कंप मच गया। दौरे के दौरान सीएस ने एक-एक एसडीएम और एडीएम के चैंबर को खुद जाकर देखा। जहां अधिकांश अधिकारी मौके पर मिले। जयपुर सिटी एसडीएम के चैंबर में उन्होंने फाइलों का अंबार देखा तो कुछ फाइलें भी पढ़कर देखीं।



#### राजस्व अपील अधिकारी के चैंबर की फोटो उतारी

कलेक्ट्रेट ऑफिस में राजस्व अपील अधिकारी रामावतार गुर्जर अपने चैंबर में नहीं मिले, तो सीएम ने उनके स्टाफ से जानकारी ली। उनके यहां भी फाइलों की पेंडेंसी दिखी, जिसकी मुख्य सचिव ने फोटो ली।

#### खुद कलक्टर व जेडीसी रह चुके पंत

1991 बैच के सीनियर आईएएस अधिकारी सुधांश पंत जयपुर में कलेक्टर रह चुके हैं। सरकार ने उन्हें अगस्त 2002 में जयपुर कलेक्टर के पद पर लगाया था। इससे पहले वे ट्रेनिंग के दौरान 1994 में जयपुर उपखण्ड अधिकारी के तौर पर काम कर चुके है। 2010 में जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त रह चुके हैं।

## सीएम आवास पर हेमंत सोरेन ने डेढ़ घंटे मीटिंग की

### जेएमएम के 7 विधायक नहीं आए, कल्पना सोरेन को सीएम बनाने की चर्चा से नाराज



बढ़ता राजस्थान । एजेंसी

**रांची।** लापता होने की चर्चा के बीच 31 घंटे बाद मंगलवार दोपहर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची आए। उन्होंने दो बैठकें की। शाम को सीएम हाउस में महागठबंधन के विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा के सात विधायक नहीं पहुंचे। वे हेमंत की पत्नी कल्पना को मुख्यमंत्री बनाने की चर्चा से नाराज हैं। इनमें हेमंत सोरेन के भाई बसंत सोरेन और भाभी सीता सोरेन भी शामिल हैं। मीटिंग में चर्चा हुई कि यदि श्रष्ठ जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करती है तो प्लान क्या होगा? डेढ़ घंटे की मीटिंग से निकले मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि प्लान बी की कोई बात नहीं हुई है। प्लान बी तब होगा जब प्लान ए में गड़बड़ होगी। कल हेमंत सोरेन से जब श्रष्ठ पूछताछ करेगी, तब सभी विधायक सीएम आवास पर मौजूद होंगे।


#### पीछे के दरवाजे से निकले ज्यादातर विधायक

मीटिंग के बाद ज्यादातर विधायक सीएम आवास के पीछे वाले रास्ते से निकल गए। विधायक दीपिका पांडे, बन्ना गुप्ता, प्रदीप यादव आदि मुख्य गेट से बाहर निकले। सभी ने एक स्वर में कहा की हेमंत सोरेन की सरकार 5 साल के लिए है, जो बनी रहेगी। वहीं कल्पना सोरेन के नाम पर मोहर लगने के सवाल पर मंत्री बना गुप्ता ने कहा कि आत्मरक्षा का हक हर किसी को होता है।

#### बैठक में नहीं पहुंचे 7 विधायक

सीएम हाउस से सामने आ रही जानकारी के मुताबिक, बैठक में बसंत सोरेन, सीता सोरेन, लॉबिन हेंब्रम, रामदास सोरेन, विकास मुंडा, चमरा लिंडा और रवींद्रनाथ महतो नहीं पहुंचे हैं। विधायकों के नहीं आने की वजह पता नहीं चल पाया है। सीता सोरेन और बसंत सोरेन को लेकर चर्चा है कि सीएम हेमंत सोरेन की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए कल्पना सोरेन का नाम पेश किया जाएगा। इसी वजह से ये विधायक नाराज हैं।

## राजस्थान में आज से 6 जिलों में बारिश की संभावना



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में अगले पांच दिन मौसम पलटने वाला है। 5 दिनों तक एक के बाद एक सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ की वजह से प्रदेश के कुछ इलाकों में बारिश की संभावना है। मंगलवार को पश्चिमी राजस्थान में हल्के बादल छाए हुए हैं।

इस कारण तापमान में बढ़ोतरी हुई है और तेज ठंड से राहत मिली है। मौसम विशेषज्ञों ने कल से राज्य के उत्तरी हिस्से में बादल छाने और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना जताई है। वहीं, मंगलवार सुबह जयपुर, अलवर, दौसा, भरतपुर समेत पूर्वी हिस्सों मौसम साफ रहा। जयपुर में धूप निकली। जयपुर में न्यूनतम तापमान भी एक डिग्री सेल्सियस बढ़कर 12.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

#### उत्तरी और पश्चिमी इलाकों में बारिश के आसार

मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में 31 जनवरी से दो बैक टू बैक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। पहला विक्षोभ 31 जनवरी से 1 फरवरी के दौरान सक्रिय होगा। इससे उत्तर और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के छह जिलों में बारिश के आसार हैं। जबकि दूसरा पश्चिमी विक्षोभ 3-4 फरवरी को सक्रिय होगा। इसके प्रभाव से बीकानेर संभाग, शेखावाटी क्षेत्र और जयपुर संभाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है।

#### माउंट आबू में दूसरे दिन भी तेज सर्दी से राहत

हिल स्टेशन माउंट आबू में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तापमान जमाव बिंदु से ऊपर रहा। यहां आज न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह हल्के बादल रहे और पश्चिमी हवाओं का असर रहा। इससे पहले कल भी जयपुर, अलवर, सीकर, गंगानगर समेत कई जिलों में बादल छाए, जिससे दिन का तापमान कम रहा। कोहरे, बादलों के कारण गंगानगर में कल दिन का तापमान 6 डिग्री गिरकर 16 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ।

# धूमधाम से मनाया गया उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का जन्मदिन

## जरूरतमंदों को खिलाया खाना

बढ़ता राजस्थान






**जयपुर (का.स.)।** उपमुख्यमंत्री एवं विद्याधर नगर विधायक दिया कुमारी का जन्मदिन हरि ओम जन सेवा समिति की ओर से आयोजित मां अन्नपूर्णा भंडारे में जरूरतमंद लोगों को भोजन कराकर मनाया। समिति के प्रदेश अध्यक्ष पंकज गोयल ने बताया कि हरि ओम जन सेवा समिति ने उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के जन्मदिन पर शिव मंदिर, मां अन्नपूर्णा भंडारा स्थल रोड नंबर 5 विश्वकर्मा सीकर रोड पर 500 जरूरत मंदलोगों को पूड़ी, सब्जी, खीर, जलेबी, देसी घी के मालपुआ भगवान के भोग लगाकर जरूरतमंद लोगों में वितरित किए गए। मां अन्नपूर्णा भंडारा लगातार 6 साल से निरंतर प्रतिदिन जरूरतमंद लोगों के लिए चल रहा है। मां अन्नपूर्णा भंडारा में समिति के प्रदेश अध्यक्ष पंकज गोयल, प्रदेश संगठन मंत्री अजयकांत हिंदू, प्रदेश मीडिया प्रभारी विवेक गुप्ता, गौ सेवक मनोज अग्रवाल, नवीन वर्मा, डॉ. नरेश गर्ग, मुहुल मीणा, राजकमल शर्मा, प्रकाश शर्मा ने सेवाएं दीं।

**द पैलेस स्कूल में मनाया संस्थापक दिवस समारोह :** द पैलेस विद्यालय की संस्थापिका प्रिंसेस दिया कुमारी का जन्म दिवस धूमधाम से बनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अनेक कार्यक्रम रखे गए। जिसके अन्तर्गत एडवेंचर कैंप एवं इंक्लसिव ऑर्केस्ट्रा भिन्न-भिन्न तरह के खेलों का आयोजन किया गया। इस समारोह में राजकुमारी गौरवी, रमा दत्त, वैदेही सिंह एवं विशेष अतिथि के रूप में दिशा फाउंडेशन राजस्थान नेत्रहीन कल्याण संघ उपस्थित रहे। समारोह में द पैलेस विद्यालय के विद्यार्थियों के अलावा एम.एस.बी.एस.एस. दिशा फाउंडेशन राजस्थान नेत्रहीन कल्याण संघ, आश्रय केयर होम के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इन विद्यार्थियों ने वाद्ययंत्रों से संगीत की शानदार प्रस्तुति दी जिसकी धुन कर्णप्रिय एवं मनमोहक थी। द पैलेस विद्यालय के विद्यार्थी ने जल तरंग से संगीत धुन बजाई जिसे सुनकर सभी मंत्र मुग्ध हो गए । सभी विद्यार्थियों के लिए एक कला गतिविधि कॉर्नर रखा गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इंटरेक्ट क्लब के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर गोविंद देवजी मंदिर परिसर में सभी को मिठाइयां बांटी। समारोह के अंत में राजकुमारी गौरवी कुमारी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम तथा गतिविधियों से आपसी मेलजोल, सामंजस्य की भावना विकसित होती है तथा दिव्यांग एवं विशेष विद्यार्थियों को समाज के साथ जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है।

**धूमधाम से मनाया गया उप मुख्यमंत्री का जन्मदिन :** उप मुख्यमंत्री दिया ने अपना जन्मदिन कार्यकर्ताओं और जनता के बीच धूमधाम से मनाया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री का जगह-जगह स्वागत किया और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की। जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राज्य भर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और शुभचिंतकों सहित आमजन उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री दिया क ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ता और प्रदेश की जनता मेरा एक परिवार है और आज मेरे जन्मदिन के अवसर पर आप सभी से इतना स्नेह और आशीर्वाद पाकर मैं अभिभूत हूं।

## महापौर डॉ. सौम्या ने किया रैन बसेरों का औचक निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स.)।** नगर निगम ग्रेटर जयपुर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने सोमवार को रात्रि में स्थायी एवं अस्थायी रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरों में ठहरे हुए व्यक्तियों से संवाद किया। महापौर डॉ.सौम्या गुर्जर ने सांगानेर पुलिया के नीचे, गौरव टावर के सामने पुलिया के नीचे, गांधी नगर रेल्वे स्टेशन के सामने, पुलिस मुख्यालय लालकोठी सब्जी मंडी के पास, 200 फीट बाईपास अजमेर रोड़, त्रिवेणी नगर पुलिया के नीचे, महारानी फार्म पुलिया के नीचे, थर्ड़ी मार्केट मानसरोवर, रामनिवास बाग अलवर दल के पास, जे.के. लॉन अस्पताल के सामने दोनों तरफ, एसएमएस अस्पताल बांगड़ के पास, झालाना बाईपास, जगतपुर रेलवे स्टेशन के सामने, विद्याधर नगर सेक्टर 6, सांगानेर नगर निगम पुराना भवन आदि में से एक दर्जन से अधिक संचालित स्थायी व अस्थायी आश्रय स्थलों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान वहां पर ठहरे हुए लोगों से नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली निशुल्क के व्यवस्थाओं जैसे खाना, दवाइयां, सुलभ शौचालय का उपयोग एवं सुरक्षा की दृष्टि से महिला एवं पुरूषों की अलग-अलग व्यवस्थाएं उनकी उपस्थिति विवरण आदि के बारे में जानकारी ली गई। यहां पर ठहरे हुए लोगों ने अवगत कराया की नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराई गई व्यवस्थाएं बिल्कुल नि:शुल्क है किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर द्वारा रेनबसेरों में उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं की सराहना की गई साथ ही ठहरे हुए व्यक्तियों से संवाद कर स्वच्छता के प्रति प्रेरित करते हुए यह अनुरोध किया गया कि स्वच्छता नगर निगम की ही नहीं बल्कि हम सब की जिम्मेदारी है। चाहे रैन बसेरों हो, हमारा घर हो, हमारी कॉलोनी हो, हमारी गली हो, मोहल्ला हो या हमारा शहर हो इसे स्वच्छ एवं साफ रखना और इसका उपयोग करना हमारी प्राथमिक ड्यूटी है। उन्होंने बताया कि हम कचरा इधर उधर ना फेंके कचरा हमेशा कचरा पात्र में ही डालें और जगह-जगह नगर निगम द्वारा गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग कचरा पात्र लगाए हुए हैं। कचरा इन्हीं कचरा पात्रों में डालें जिसे समय-समय पर खाली किया जाकर इसे निस्तारण के लिए भिजवाया जा सके। उन्होंने निरीक्षण के दौरान रैन बसेरों के आस-पास जो थड़ी ठेले वाले हैं उनके द्वारा रात को कचरा जगह-जगह डाल दिया जाता है। उसे देखकर महापौर द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई और संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही महापौर द्वारा नगर निगम द्वारा जवाहर लाल नेहरू मार्ग पर मैकेनिकल रोड स्वीपर से की जा रही सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया एवं निर्देशित किया गया कि जो हेल्पर है वह बीच-बीच में उतरकर यह चेक करें कि कहीं कोई कचरा डिवाइडर के पास छूट तो नहीं गया है।

### इंडिया स्टोनमार्ट-24 का होगा आयोजन : इंडिया स्टोनमार्ट में भाग लेंगे 411 एग्जीबिटर्स

## 1 फरवरी से जयपुर में सजेगा पत्थरों का बाजार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पत्थर उद्योगों एवं अन्य गतिविधियों का प्रमुख स्थान है। राजस्थान में खनिज पत्थर एवं इससे संबंधित उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार प्रयासरत है। इसी दिशा में रीको के अभिन्न अंग सेंटर फॉर डवलपमेंट ऑफ स्टोन्स (सीडॉस) के तत्वावधान में इंडिया स्टोनमाट-24 के 12वें संस्करण का शुभारंभ 1 फरवरी 24 को सुबह 11 बजे जयपुर एग्जीबिशन एंड कंवेंशन सेन्टर (जेईसीसी) सीतापुरा में किया जाएगा। इंडिया स्टोनमार्ट का यह अन्तरराष्ट्रीय आयोजन 1 फरवरी से 4 फरवरी तक आयोजित होगा।

यह आयोजन पत्थर उद्योग से संबधित विभिन्न हितधारकों जैसे घरेलू और विदेशी उत्पादकों, निर्यातकों, आयातकों, उपभोक्ताओं और खरीदारों, विशेषज्ञों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, वास्तुकारों, बिल्डरों, डेवलपर्स, कॉरपोरेट्स आदि को एक छत के नीचे लाएगा। इंडिया स्टोनमार्ट-24 स्टोन सेक्टर से जुड़े उद्यमियों, सेवा प्रदाताओं, मैन्युफैक्चरिंग, कारोबारी जैसे एग्जीबिटर्स को दुनिया भर के उपभोक्ताओं के बीच अपने उत्पादों, सेवाओं और ब्रांडिंग को बढ़ावा देने और उनके व्यापार को बढ़ाने के लिए एक विश्व स्तरीय मंच प्रदान करेगा। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया स्टोनमार्ट प्रदेश के समृद्ध पत्थर उद्योग को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाने में कामयाब साबित होगा। इस तरह के आयोजनों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों की राह खुलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया कार्यक्रम की दिशा में यह एक सार्थक प्रयास है। मंत्री राठौड़ ने बताया कि प्रदर्शनी में कुल 411 एग्जीबिटर्स में से तुर्की से 68, ईरान एवं इटली से 5.5, अमेरिका से 2, वियतनाम, स्पेन-रूस-इथोपिया-चीन से एक-एक, कुल 85 विदेशी एग्जीबिटर्स तथा देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 326 एग्जीबिटर्स शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में 198 पत्थर उद्यमी, 195 टूल्स-मशीनरी उद्यमी, 18 संस्थागत व सेवा संबंधी एग्जीबिटर्स भाग लेंगे एवं अपने उत्पादों को दर्शाएंगे। स्टोनमार्ट में इस बार तुर्की, ईरान, ईटली के विदेशी मंडप एवं गुजरात, उड़ीसा, कर्नाटक एवं झारखंड राज्य के मंडप भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। उन्होंने बताया कि इंडिया स्टोनमार्ट में विशेष रूप से स्टोन ऑफ राजस्थान गैलरी बनाई गई है।

जिसमें राजस्थान के उत्कृष्ठ पत्थरों का प्रदर्शन किया जाएगा। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव तथा रीको अध्यक्ष अजिताभ शर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में मार्बल, ग्रेनाइट, सैंड स्टोन, कोटा स्टोन, स्लेट, क्वार्ट्ज, पत्थर खनन एवं प्रसंस्करण मशीनरी, उपकरण, खनन के लिए भारी मशीनरी और पत्थर की विभिन्न किस्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इंडिया स्टोन मार्ट में 2 से 3 फरवरी 24 तक जयपुर आर्किटेक्चर फेस्टिवल साथ ही क्रेता-विक्रेता बैठकें एवं इस बार भी शिल्पग्राम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इंडिया स्टोनमार्ट का पहला संस्करण वर्ष 2000 में आयोजित किया गया था।

तब से अब तक इस द्विवार्षिक आयोजन के 11 संस्करण सफलतापूर्वक सम्पन्न हो चुके हैं। इस आयोजन का प्रमुख प्रायोजक रीको है। इस अवसर पर रीको के प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार शर्मा उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त हिमांशु गुप्ता सहित रीको एवं सीडॉस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### नेक्स्ट आईएएस की सेमिनार का आयोजन

## सिविल सेवा समस्याओं का समाधान अब एक छत के नीचे : बी सिंह सर

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर( का.स.)।** टोंक रोड ए 1 लायंस कॉलोनी सीताबाड़ी स्थित नेक्स्ट आईएएस की ओर से सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जयपुर के अनेक सिविल सेवा के अभ्यर्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर नेक्स्ट आईएएस के संस्थापक बी. सिंह कहा कि अब सिविल सेवाओं से जुड़ी सभी समस्याओं का एक ही छत के नीचे युवाओं को समाधान मिल सकेगा। उन्होंने सिविल सेवा कोचिंग संस्थान की भूमिका और सफलता सूत्र पर वृहत् चर्चा की गई। बी. सिंह का यह सपना है कि दिल्ली की तर्ज पर उन्ही मापदंडों और उच्च गुणवक्ता के साथ सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी जयपुर में भी उपलब्ध हो सके ताकि देश की इस कठिनतम परीक्षा को आसान बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि नेस्ट में मुख्य रूप से नॉलेज, समाज सेवा, ट्रिप्स वेल्यूज सिखाना मुख्य होंगे। ग्राउंड स्तर पर बच्चों को पूरी जानकारी दी जाएगी। गरीब बच्चों को पंवेश के दौरान 50 फीसदी छूट दी जा रही है। वहीं जिन बच्चों के माता-पिता नहीं हैं उन्हें नि:शुल्क शिक्षा दी जाएगी। कार्यक्रम में अन्य प्रतिष्ठित शिक्षकगणों में विभास झा, उपेंद्र अनमोल और संजीव श्रीवास्तव ने अभ्यर्थियों के साथ परीक्षा संबंधित विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई। इस सेमिनार में छात्रों को ना सिर्फ इस परीक्षा को समझने का अवसर मिला बल्कि सिविल सेवा परीक्षा से जुड़ी सारी भ्रांतियों को दूर करने का एक सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ।

## जियाना को मिला डबल ब्लैक बेल्ट

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 की छात्रा जियाना पालीवाल ने दस वर्ष की अल्पायु में डबल ब्लैक बेल्ट की उपाधि हासिल की है। जियाना 5 वर्ष की उम्र से ही नियमित कराटे की तैयारी अशोक स्पोर्ट्स अकादमी से कर रही है। अकादमी के सेंसई अशोक पारीक ने बताया की जियाना ने गोजु रियो और कराते डेन दोनों विधाओं में ब्लैक बेल्ट प्राप्त किया है। एक ही प्रयास में दोनों विधाओं में परीक्षा पास करना उसकी कुशलता का प्रमाण है। जियाना के पिता कमल पालीवाल ने बताया की वह अब तक कई जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत कर जयपुर, अकादमी और विद्यालय का परचम लहरा चुकी है

## धूमधाम से मनाया प्रेमभाया का छठी उत्सव बधाईगान नृत्य के बीच की उछाल

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर( का.स.)।** श्री खोले के हनुमान मंदिर परिसर में नवनिर्मित प्रेमभाया मंदिर में मंगलवार को छठी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज ने बांदरवाल, प्रसाद, उछाल के खिलौने, राधा-कृष्ण, श्री प्रेमभाया की पोशाक सहित अन्य सामान भेंट किया। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि राधाकृष्ण और प्रेमभाया मंदिर में 25 जनवरी को मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। प्राण प्रतिष्ठा उत्सव 21 जनवरी से प्रारंभ हुआ था। जिसका मंगलवार को छठी उत्सव के साथ समापन किया गया। छठी उत्सव में अलबेली माधुरी शरण के सान्निध्य में भजन और बधाइयां प्रस्तुत की गई। भाव विभोर भक्तजनों के मध्य मिठाई, वस्त्र, खिलौनों की जमकर उछाल की गई।

**भगवान कृष्ण को दिया प्रेम भाया नाम :** उल्लेखनीय है कि जयपुर रियासत के महाराजा मानसिंह के राजवैद्य पंडित गणेश नारायण शर्मा के यहां सन 1916 वैशाख कृष्ण द्वादशी शनिवार को भक्त युगल का जन्म युगल कुटीर, जयलाल मुंशी के रास्ता चांदपोल बाजार में हुआ था। वे बचपन से ही नैसर्गिक प्रतिभा के धनी थे। संगीत, कविता और अभिनय में विशेष रुचि थी। भक्त युगल जी ने आयुर्वेदाचार्य की शिक्षा प्राप्त की थी। सन् 1940 में जबलपुर में अपने मित्र के यहां भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप पर दृष्टि पड़ी जो कि गीता प्रेस गोरखपुर से प्रकाशित हुआ था। उस चित्र सेवा को शीतलाष्टमी के दिन युगल कुटीर, जयलाल मुंशी का रास्ता चांदपोल बाजार में विराजमान कर जयपुर की ढूंढाड़ी भाषा में भगवान कृष्ण को श्री प्रेमभाया सरकार का नाम दिया। तभी से तीन दिवसीय भक्ति संगीत समारोह श्री प्रेमभाया महोत्सव के नाम से मनाना प्रारंभ किया जो कि अनवरत रूप से मनाया जा रहा है। भक्ति युगल जी द्वारा पुरानी बस्ती स्थित गोपीनाथजी के मंदिर में नित्य एक नवीन भजन की रचना गोपीनाथ जी को सुनाई जाती थी। उसके बाद ही प्रसाद ग्रहण करते थे। यह कर्म जीवन पर्यंत रहा। राज वैद्य के रूप में भक्ति युगल जी की नियुक्ति दूणी राजमहल टोंक में हुई। वहां भी श्री प्रेमभाया के चरणों में नित्य नवीन भजन की रचना सुनाने का क्रम रहा। इसी क्रम में एक दिन सन् 1949 जैयष्ठ कृष्णा द्वादशी को स्नान करते हुए बनास नदी में पद गाते हुए जल समाधी ली। इसके बाद उनके मित्रों और शिष्यों ने लक्ष्मण डूंगरी के मनोहर वातावरण में भक्त युगल जी महाराज की स्मृति में युगल धाम स्थान बनाने का निश्चय किया। सन् 1955 में युगल धाम, मंदिर श्री प्रेमभाया सरकार की स्थापना की गई।

## विशेष योग में बसंत पंचमी 14 को, विवाहों की रहेगी धूम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स.)।** इस बार बसंत पंचमी कुछ खास होगी। अबूझ सावा होने के कारण इस दिन विवाह सहित मांगलिक आयोजनों की धूम रहेगी। लेकिन इस बार तारीख 14 फरवरी होने से और खास हो गया।

वैलेंटाइन डे होने से वे युवा बेहद उत्साहित हैं जिनके विवाह इस तिथि को हैं उनके लिए ये दिन यादगार बनने वाला है। बसंत पंचमी पर जिले में एक हजार से से अधिक शादियां होने की संभावना है। बसंत पंचमी पर विद्यालयों में विद्यादायिनी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की जाएगी। उल्लेखनीय है कि देवप्रबोधिनी और देवशयनी एकादशी, अक्षय तृतीया, पीपल पूर्णिमा की तरह बसंत पंचमी भी अबूझ मुहूर्त है। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेंद्र मिश्रा के अनुसार पंचमी तिथि 13 फरवरी को दिन में 2.45 से प्रारंभ होगी जो 14 फरवरी को दोपहर 12:12 बजे तक रहेगी। इस दिन रेवती अश्विनी नक्षत्र और शुभ नामक योग रहेगा।

मकर संक्रांति के साथ मांगलिक आयोजन माह में शुरू हो गए हैं। मार्च मध्य तक। तक मांगलिक आयोजनों की बहार रहेगी। जनवरी 31 जनवरी को सावा है। फरवरी में बीस से अधिक सावे हैं। मार्च में 4ए 5ए 6ए 7 को मांगलिक आयोजन होंगे। 12 मार्च को फुलेरा दोज का अबूझ सावा रहेगा। फिर अप्रैल में मांगलिक आयोजन होंगे।

## सद्‌गुणों का विकास करते हुए अपने पैरों पर खड़ा होना ही नारी सशक्तिकरण



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स.)।** नारी सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत सांगानेर तहसील के ग्राम भममोरिया में महिंद्रा वर्ल्ड सिटी के सहयोग से महिलाओं को करवाए जा रहे ब्यूटीशियन के प्रशिक्षण शिविर में ममता त्रिपाठी ने आत्मबल बढ़ाने के लिए गायत्री मंत्र की उपासना के विषय में बताया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को गायत्री मंत्र लेखन की किताब नि: शुल्क वितरित की गई। सभी महिलाओं को गायत्री मंत्र लेखन के साथ गायत्री उपासना के लिए प्रेरित किया गया। ममता त्रिपाठी ने इस मौके पर कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिए हमें किसी पुरुष से प्रतिस्पर्धा नहीं करनी है। और न पुरुष बनने की आवश्यकता है। नारी का सशक्तिकरण उसके अपने गुणों के साथ है। हमारे अंदर ईश्वर ने दया, ममता, प्रेम, स्नेह, संवेदना, करुणा जैसे अनगिनत गुण दिए है। इनके विकास के बिना हमारी प्रगति अधूरी है। इसलिए हमें अपने सद्‌गुणों का विकास करते हुए अपने पैरों पर खड़े होने का प्रयास करना चाहिए। इस कार्य में गायत्री मंत्र की साधना हमारी सहायक सिद्ध होगी।

## भामाशाहों के सहयोग से बेहतर होंगे रोडवेज बस स्टैंड

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की 305वीं संचालन मंडल बैठक मंगलवार को रोड़वेज मुख्यालय पर निगम अध्यक्ष श्रेया गुहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में दानदाता, भामाशाह एवं आद्यौगिक संस्थानों द्वारा बस स्टैंड्स पर निर्माण कार्यों में सहयोग संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक में निगम अध्यक्ष ने बिना टिकिट यात्रा करवाए जाने पर पर परिचालकों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निगम की वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए गैर संचालन आय के विकल्प तलाशने के साथ-साथ ही रोडवेज बस स्टैंड के रख-रखाव के लिए पॉलिसी बनाने एवं निगम की सेवा में गुणवत्तापूर्ण सुधार के लिए रोड़ मैप तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में ऑल्ड पेंशन स्कीम ओपीएस फंड का प्रबंधन विद्युत कंपनियों की तर्ज पर ट्रस्ट के माध्यम से करने के साथ ही उडन दस्तों के निरिक्षण परिणामों की तुलना एवं त्रैमासिक संचालन परिणामों की विवेचना भी की गई।

# राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ एवं बीयूवीएम की कोर कमेटी की मीटिंग






बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ एवं भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बीयूवीएम की कोर कमेटी की मीटिंग केन्द्रीय बजट से अपेक्षा को लेकर मीटिंग का आयोजन किया गया। राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ एवं भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बीयूवीएम के चेयरमैन बाबूलाल गुप्ता ने बताया कि कोर कमेटी में उपस्थित सभी सदस्यों ने एकमत से मांग की है कि जीएसटी में खड़े हो गए ये मिसमैच को केन्द्र सरकार एमनेस्टी स्कीम लाकर समाप्त करें। फाइनेन्स एक्ट 2020 के सेक्शन 206ष्ट (1एच) के द्वारा माल के विक्रेताओं पर टी.सी.एस. लागू किया गया है। इस कानून के अनुसार एक विक्रेता जिसका टर्नओवर 10 करोड़ से अधिक है को विक्रय मूल्य का 0.1 प्रतिशत टी.सी.एस. संग्रहित करना होगा। यदि कुल विक्रय 1 अक्टूबर 2020 के बाद रूपये 50 लाख से अधिक है तो यह कानून प्रभावी होगा। इसके अलावा सरकार ने नया टी.डी.एस. धारा 194फ भी लागू किया है। यह 1 जुलाई 2021 से प्रभावी है। इसके अनुसार क्रेता को गत वर्ष में किसी भी माल के क्रय के लिये 50 लाख रुपये से अधिक का भुगतान करना हैं तो टी.डी.एस. 0.1 प्रतिशत काटना होगा। इसे वापिस लिया जाना चाहिये। एफएसएसएआई कृषि मण्डी में साबुत कृषि जिंस के क्रय-विक्रय के लिये आवश्यक किये गये लाईसेन्स को समाप्त किया जायें, क्योंकि यह माल किसान का होता है। किसान पर लाईसेन्स नहीं है। एम.एस.एम.ई. में व्यापारियों को ब्याज पर अधिक छूट दी जायें। एमएसएमई 11 करोड़ लोगों को रोजगार देता है एवं 40 प्रतिशत जी.डी.पी. में अपना हिस्सा रखता है। 5. समर्थन मूल्य पर खरीद की जाने वाली कृषि जिंसों को मण्डी के आढ़तियों के मार्फत खरीद किया जायें।

एक राष्ट्र, एक मण्डी टैक्स का कानून लाया जायें। 6. जीरा, ईसबगोल तथा धनिया की मण्डियों को ड्राईपोर्ट घोषित किया जायें। और नयी प्रस्तावित रेल योजना में मण्डियों तक ट्रेक दिये जायें, ताकि लदान तीव्र हो सके।

### जेईई-मेन : जनवरी-सेशन 2024

# पेपर का स्तर थोड़ा सुधरा, कुछ प्रश्न हुए रिपीट

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी-एनटीए की ओर से आयोजित जेईई-मेन,2024 के जनवरी-सेशन बीई/बीटेक की परीक्षा में 30-जनवरी के प्रश्नपत्रों के स्तर पिछले प्रश्नपत्रों के सापेक्ष थोड़ा बेहतर रहा। एजुकेशन एक्सपर्ट देव शर्मा ने बताया कि फिजिक्स विषय में जेनर-डायोड तथा गैल्वेनोमीटर से संबंधित प्रश्न फिर से पूछे गए। फिजिक्स एवं केमिस्ट्री दोनों ही विषयों में कुछ प्रश्न रिपीट हुए। शर्मा ने बताया कि 30-जनवरी के प्रश्न पत्रों में भी फार्मूला एवं फैक्ट-बेस्ड प्रश्न पूछे गए।


**मैकेनिकल वेव्स, अल्टरनेटिंग करंट एवं मॉडर्न-फिजिक्स से पूछें गए अधिक प्रश्न :** 30-जनवरी को आयोजित किए गए मॉर्निंग-शिफ्ट के प्रश्न पत्र में मैकेनिकल वेव्स, अल्टरनेटिंग करंट तथा मॉडर्न फिजिक्स से प्रश्न पूछे गए। करंट इलेक्ट्रिसिटी में फिर से गैल्वेनोमीटर डिफ्लेक्शन तथा करंट कैलकुलेशन से संबंधित प्रश्न पूछे गए। मॉडर्न-फिजिक्स में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक-वेव से संबंधित प्रश्न भी फिर से पूछा गया। देव शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी इलेक्ट्रोमैग्नेटिक-वेव को ठीक से पढ़कर जाए क्योंकि अब तक के सभी प्रश्न पत्रों में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक-वेव से संबंधित प्रश्न पूछा गया है।

**फिजिकल केमिस्ट्री में केमिकल काइनेटिक्स तथा इनॉर्गेनिक केमिस्ट्री में केमिकल बॉन्डिंग से संबंधित स्तरीय प्रश्न पूछे गए :** शर्मा ने बताया कि परीक्षार्थियों से चर्चा करने पर ज्ञात हुआ कि फिजिकल केमेस्ट्री में केमिकल काइनेटिक्स तथा इनआर्गेनिक केमेस्ट्री में केमिकल बॉन्डिंग से संबंधित स्तरीय प्रश्न पूछे गए।ऑर्गेनिक-केमिस्ट्री में रिएक्टेंट,रीएजेंट तथा प्रोडक्ट से संबंधित प्रश्न फिर से पूछे गए।

**अलजेब्रा, कैलकुलस, कोऑर्डिनेट-ज्योमेट्री तथा वेक्टर-3डी सभी भागों से पूछें गए प्रश्न**

विद्यार्थियों के अनुसार गणित का प्रश्नपत्र परंपरागत तौर पर डिफिकल्ट एवं लेंदी रहा। मैथमेटिक्स के प्रश्न-पत्र में कंपलेक्स-नंबर, क्वाड्रेटिक-इक्वेशंस, प्रोग्रेशंस से सामान्य प्रश्न पूछे गए। देव शर्मा ने बताया कि प्रश्न पत्र में अलजेब्रा, कैलकुलस, कोऑर्डिनेट-ज्योमेट्री तथा वेक्टर-3डी सभी भागों से प्रश्न पूछे गए।

# अतिक्रमण पर फिर चला बुलडोजर



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** नगर विकास न्यास के अतिक्रमण विरोधी दस्ता एक्शन मोड में है। लगातार 2 दिन से शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चल रही है। मंगलवार को कोटा यूनिवर्सिटी के सामने और खड़े गणेश मंदिर एरिया में अतिक्रमण हटाए गए। डिप्टी एसपी आशीष भार्गव ने बताया कि कोटा यूनिवर्सिटी के सामने रोड पर काफी अतिक्रमण हो रहे थे। बिना अनुमति के ही यहां पर लोगों ने गुमटी और कच्ची-पक्की दुकानें बना ली थीं। जिससे असामाजिक तत्वों का भी यहां पर जमावड़ा लगा रहता था। मंगलवार को इन अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। इसके बाद खड़े गणेश मंदिर एरिया से भी अतिक्रमण हटाए गए जहां पर लोगों ने फूलमाला व अन्य दुकानें बना रखी थीं। ऐसे लोगों को पाबंद किया गया कि दोबारा यहां अतिक्रमण न करें, वरना कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि सोमवार को भी टीम ने कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटवाया था।

# प्रत्येक गांव-ढाणी तक पहुंचे पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ : सत्यानी

बढ़ता राजस्थान

**चूरू, (सुरेश लाटा)।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय तथा जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, चूरू के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु चूरू पंचायत समिति में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना लोगों के रोजगार के संदर्भ में एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण योजना है। संबंधित अधिकारियों को सजगता एवं सक्रियता के साथ काम करते हुए योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना चाहिए। उन्होंने योजना की प्रगति के संबंध में जानकारी ली तथा योजना के निराकरण में आ रही समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्र्देशित किया। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा लोगों के रोजगार की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि योजना को लेकर समुचित प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए ताकि अधिक पात्र एवं जरूरतमंद लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। एसीईओ दुर्गा ढाका ने योजना के पात्र लोगों की पहचान कर उन्हें योजना से जोड़े जाने की जरूरत जाहिर की। प्रधान दीपचंद राहड़ ने कहा कि ग्रामीण परिवेश के लोगों के लिए योजना बहुत फायदेमंद है। उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया ने योजना के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुये प्रथम स्तर पर लंबित आवेदनों को यथाशीघ्र सत्यापित कर पात्र व्यक्तियों के आवेदन आगे प्रेषित किये जाने के संबंध में जानकारी दी। लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष दौलत तंवर ने बूंदी-बंधेज तथा लाख से चूड़ियां बनाने वाले दस्तकारों एवं कारीगरों को योजना में जोड़े जाने के संबंध में सुझाव दिया। विश्वकर्मा उद्योग संघ के अध्यक्ष अजित अग्रवाल, प्रधानमंत्री जिला स्तरीय मॉनीटरिंग कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र कंवल, बीडीओ अशोक ढाका, चुन्नीलाल ने भी योजना के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। एमएसएमई के सहायक निदेशक तरूण भटनागर संजय मीना ने अतिथियों का स्वागत किया व योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की। सीएससी के जिला प्रबंधक चुन्नीलाल ने पीपीटी के माध्यम से योजना अन्तर्गत मिलने वाले लाभों के बारे में बताया। जिला प्रबंधक सत्यवीर ने पंजीयन किये जाने व ग्राम पंचायतों को ऑनबोर्ड किये जाने के बारे में जानकारी दी। बीआरकेजीबी के सोमेश पोटालिया ने योजना में बैंक के कार्य की जानकारी दी गई।

# शिक्षण संस्थानों में सभी के लिए हो समान यूनिफॉम : विहिप

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान के स्कूलों में ड्रेस कोड या बुर्का हिजाब पहनने के विवाद पर विश्व हिंदू परिषद ने समान गणवेश का समर्थन किया है। भारत माता मंदिर में विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय मंत्री सुरेश उपाध्याय ने कहा कि अनुशासन के लिए सभी शिक्षण संस्थानों में समान गणवेश अनिवार्य होना चाहिए। विद्यालयों में गणवेश का उद्देश्य है कि सभी छात्रों के मन में समता का भाव हो तथा वेशभूषा के कारण सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक या अन्य किसी प्रकार का भेदभाव उत्पन्न न हो। उन्होंने उच्च न्यायालय कर्नाटक के निर्णय का उदाहरण देते हुए कहा कि हिजाब इस्लाम का अनिवार्य भाग न होकर स्वेच्छा पर निर्भर है। रामगंज में हुए विवाद पर उन्होंने कहा कि स्कूल की छोटी छात्राएं इस प्रकार के आंदोलन को अंजाम देने में सक्षम नहीं हैं। देश के आपसी सौहार्द को बिगाड़ने के लिए अलगाववादी सोच रखने वाले कुछ लोग बच्चियों को मोहरा बनाकर सड़क पर प्रदर्शन करवा रहे हैं तथा प्रदेश में शांति भंग करने का षड्यंत्र कर रहे हैं जिन पर राज्य सरकार तथा प्रशासन द्वारा कठोरतम कार्रवाई की जानी चाहिए। विश्व हिंदू परिषद क्षेत्रीय मंत्री ने प्रदेश और देश में चल रहे लैंड जिहाद पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि आज कई स्थलों पर वक्फबोर्ड ने अनैतिक रूप से कब्जा कर लिया है। मेवात जिले के 90 से ज्यादा गांव आज हिंदू विहीन हो गए हैं और साइबर क्राइम का गढ़ बन चुके हैं। इन गांव में गौ तस्करी, ड्रग्स एवं अन्य साइबर क्राइम को छोटे-छोटे बच्चे भी अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी केंद्र और राज्य सरकार से मांग है कि देश में एक ही कानून के अनुसार काम हो और समान रूप से सब उसकी पालना करें।

# चौबे जी की पुण्यतिथि एक फरवरी को

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** श्री नरवर आश्रम सेवा समिति और श्री खोले के हनुमान मंदिर के संस्थापक ब्रह्मलीन पंडित राधेलाल चौबेजी की 14 वीं पुण्यतिथि गुरुवार एक फरवरी को मनाई जाएगी। इस अवसर पर गौ सेवा, कुष्ठ रोग आश्रम में प्रसादी वितरण, सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा। इस दिन श्रीमद् भागवत का पूर्ण पारायण कराया जाएगा।

### जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने शिक्षा विभाग की जिला निष्पादन समिति एवं मिड डे मील की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# विद्यालयों की स्थिति में हो सुधार विद्यार्थियों को मिले बेहतर माहौल : सत्यानी

बढ़ता राजस्थान

**चूरू (सुरेश लाटा)।** जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने कहा है कि शिक्षा विभाग से जुड़े सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ इस प्रकार से मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें कि विद्यालयों की स्थिति में निरंतर बेहतरी आए और विद्यार्थियों को एक अच्छा शैक्षणिक माहौल उपलब्ध हो। जिला कलक्टर मंगलवार को कलक्ट्रेट में आयोजित जिला निष्पादन समिति एवं मिड डे मिल की समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों को संबोधित कर रही थीं। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभाग की लाभकारी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाना सुनिश्चित करें, शिक्षा विभाग की जिला रैंकिंग को सतत् बनाये रखने के लिए अधिकारी सुनियोजित प्रयास करें, शून्य एवं न्यून नामांकन वाले विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने हेतु सामूहिक प्रयास करें। कार्यालयों एवं विद्यालयों में कार्मिकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें एवं आकस्मिक निरीक्षण कर विलम्ब से आने वाले एवं बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के खिलाफ कार्यवाही करें। मिड डे मिल पर चर्चा करते हुए जिला कलक्टर ने अधिकारियों से कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर गुणवत्तायुक्त एवं समुचित पोषाहार उपलब्ध करवाना हमारी जिम्मेदारी है, इस दिशा में समुचित मॉनीटरिंग करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित करें। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जगबीर सिंह यादव ने शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं प्रगति के सबंध में अवगत करवाते हुए पट्टा विहीन विद्यालयों के भू आवंटन, खेल मैदान, विद्यालयों में स्मार्ट क्लास एवं विद्यालयों में सीसीटीवी के बारे में जानकारी दी। सहायक परियोजना समन्वयक हरिप्रसाद शर्मा ने न्यून नामांकन वाले विद्यालयों, शाला दर्पण, निर्माण कार्यों, विद्यार्थियों के आधार एवं जन आधार कार्ड लिंक, जिला रैंकिग, कस्तूरबा गांधी विद्यालयों, राजकीय विद्यालयों में ब्रॉडबैन्ड कनेक्शन तथा सेनेटरी नेपकिन डिस्पेंसर एवं इन्सिनरेटर की विद्यालयों में उपलब्धता के बारे में अवगत कराया।

जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा गोविन्द सिंह राठौड़ ने विद्यार्थियों हेतु कल्याणकारी लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिला साक्षरता अधिकारी ओमप्रकाश फगेड़िया ने नव भारत साक्षरता कार्यकम के बारे में बताया। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा संतोष महर्षि ने मिड-डे-मील योजना के बारे में जानकारी दी। सहायक निदेशक बृजेन्द्र दाधीच ने नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण के सबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर जिले के समस्त ब्लॉक के सीबीईओ ओमदत्त सहारण, अशोक कुमार पारीक, भंवरलाल डूडी, संदीप व्यास, ओमप्रकाश देवठिया, एसीबीईओ बाबूलाल बुनकर, बेधड़क बडसरा, सीडीईओ कार्यालय के जनार्दन गहलोत सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने कुलदेवता श्रीघाट के बालाजी के किए दर्शन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने मंगलवार को जयपुर के कुलदेवता श्रीघाट के बालाजी के दर्शन किए। उन्होंने अंजनीलाल की स्तुति की। गलताजी ट्रस्ट एवम मंदिर महंत स्वामी सुरेश कुमार सुदर्शनाचार्य ने उनका स्वागत बहुमान किया। इस मौके पर जगद्गुरु शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती ने कहा कि अयोध्या में रामलाल का भव्य मंदिर बनने और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा किए पीछे देश भर के हनुमान मंदिरों में सतत रूप से की जा रही हनुमान चालीसा और सुंदरकांड पाठ का बहुत बड़ा योगदान है। भक्तों की सामूहिक रूप से की गई साधना से उत्पन्न ऊर्जा के कारण ही यह असंभव कार्य संभव हुआ है। मोती डूंगरी गणेश मंदिर के महंत कैलाश शर्मा ने भी इनके साथ घाट के बालाजी के दर्शन किए। उल्लेखनीय है कि शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती महाराज श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य है। राम मंदिर आंदोलन के अग्रणी रहे जगद्गुरू भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए। वासुदेवानंद सरस्वती महाराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत सहित प्रमुख अतिथियों को अंगूठी पहनाकर उनका सम्मान किया गया था।

# जयपुर में अवैध खनन, निर्गमन एवं भंडारण के खिलाफ संयुक्त जांच दल ने 71 कार्यवाहियों को दिया अंजाम

### अभियान के तहत 24,939 टन खनिज जब्त, 26.31 लाख का जुर्माना वसूला, कलक्टर ने ली जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की समीक्षा बैठक



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अवैध खनन, अवैध निर्गमन एवं भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिले में संयुक्त जांच दल का अभियान जारी है। अभियान के तहत 15 जनवरी से अब तक संयुक्त जांच दल ने 71 जगह कार्यवाहियों को अंजाम दिया है।

जिसमें 24 हजार 939 टन खनिज जब्त किया गया है वहीं, 26 लाख 31 हजार का जुर्माना वसूल किया गया है। साथ ही, अवैध खनन एवं परिवहन में लिप्त 59 वाहनों को भी जब्त किया है। मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर श्री प्रकाश राजपुरोहित ने अवैध खनन के खिलाफ और प्रभावी कार्यवाही को अंजाम देने के निर्देश दिये है। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी से अब तक जयपुर ग्रामीण जिले में संयुक्त जांच दल ने 17 अवैध खनन, 34 अवैध निर्गमन एवं अवैध भंडारण के 9 सहित कुल 60 प्रकरण बनाए गए हैं। जयपुर ग्रामीण में 24 हजार 801 टन खनिज जब्त किया गया है एवं 49 वाहन जब्त किये गए हैं साथ ही 24 लाख 93 हजार जुर्माना राशि वसूल की गई है।

# सच साबित हो रही है मेरी भविष्यवाणी : बाबा भागलपुर

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** सपने देखना बुरी बात नहीं है, लेकिन जिस प्रकार से बिहार भाजपा के कई नेता सपने देख रहे हैं। वह निकट भविष्य में पूरे होने के आसार नहीं है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी को उप-मुख्यमंत्री के पद मिल जाय तो बहुत हैं वहीं मुख्यमंत्री पद के लिए मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखने से मंसूबों पर फिर गया पानी। मेरे द्वारा की जा रही भविष्यवाणी सच साबित हो रही है। इस सम्बन्ध में जोरदार ढंग से कहना है कि मेरे द्वारा 13 जून 2023 को लिखी गई भविष्यवाणी जो बिहार सहित कई प्रदेशों के हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों में 22 और 23 मई 2023 को प्रकाशित हुई थी। जिसमें स्पष्ट है कि कई राजनीतिक पार्टी में थोड़ा-बहुत परिवर्तन सहित बिहार के सियासत में भी कुछेक परिवर्तन के योग बन रहे हैं। फलत: नीतीश मंत्रिमंडल में आंशिक परिवर्तन हो सकता है। कुछ नए लोग जुट सकते हैं वहीं किसी को मंत्री पद गंवाना पड़ सकता है।

कुम्भ राशि के तेजस्वी यादव के लिए समय अत्यन्त प्रतिकूल हो सकता है वहीं बिहार सरकार के लिए जद्दोजहद वाली स्थिति बन सकती है। राजनीतिक अंतर्द्वद बढ़ने के योग बन रहे हैं। 28 जनवरी 2024 रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महागठबंधन इण्डिया गठबंधन से सम्बंध तोड़कर राज्यपाल को त्यागपत्र सौंपा। जिसे महामहिम राज्यपाल ने स्वीकार किया। उसके बाद एनडीए से गठबंधन करए इस गठबंधन के विधायक दल के नेता चुने गए और महामहिम राज्यपाल को पत्र सौपकर शाम 5 बजे के करीब 9 वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। भाजपा के 2 नेता क्रमश सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा उप-मुख्यमंत्री इसके अलावा 6 नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली। राजनीतिक के नखरे और कुर्सी की दिवानगी को बाबा भागलपुर ने रहस्यमय ढंग से अपने भविष्यवाणी के माध्यम से 22 व 23 मई 2023 को ही उजागर कर दिया था जो 28 जनवरी रविवार 2024 को सच साबित हुई।

सर्वविदित हो कि अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर सुप्रसिद्ध भविष्यवेत्ता व हस्तरेखा विशेषज्ञ दैवज्ञ पं. आर. के. चौधरी उर्फबाबा भागलपुर द्वारा की गई अनेकानेक शत-प्रतिशत सच हुई भविष्यवाणी को ऐसा गौरव मिला जिसे इतिहास कभी भूला नहीं सकेगा।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

## सम्पादकीय

### परियोजनाओं में देरी के लिए सरकारी इच्छाशक्ति का अभाव ही मूल कारण

बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में देरी कोई नई बात नहीं है। हालांकि इस समस्या से पार पाने के लिए समय-समय पर सख्ती बरतने का प्रयास होता रहा है, मगर अब तक उल्लेखनीय नतीजे नहीं निकल पाए हैं। यही वजह है कि विलंब से चल रही परियोजनाओं की लागत बढ़ जाती है, जिसका बोझ सार्वजनिक खजाने पर पड़ता है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक डेढ़ सौ करोड़ रुपये से अधिक खर्च वाली चार सौ इकतीस बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत 4.82 लाख करोड़ रुपए से अधिक बढ़ गई है। मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार बीते दिसंबर तक एक हजार आठ सौ बीस ऐसी परियोजनाएं देर से चल रही थीं, जिनमें से चार सौ बत्तीस परियोजनाओं की लागत बढ़ गई है। ये परियोजनाएं औसतन तीन वर्ष से अधिक की देरी से चल रही हैं। इसके प्रमुख कारणों में भूमि अधिग्रहण में विलंब, पर्यावरण और वन विभाग से मंजूरी मिलने में देरी और बुनियादी संरचना में कमी को बताया गया है। इसके अलावा परियोजना का वित्तपोषण, विस्तृत अभियांत्रिकी को मूर्त रूप देने में देरी, परियोजनाओं की संभावना में बदलाव, निविदा प्रक्रिया और ठेके देने में देरी, उपकरण मंगाने में विलंब, अप्रत्याशित भू-उपयोग में परिवर्तन आदि भी बड़े कारण हैं। ये सारी वजहें पहले भी बताई जाती रही हैं। इससे निपटने के लिए परियोजना में देरी होने पर ठेकेदार से प्रतिदिन के हिसाब से विलंब शुल्क वसूलने का प्रावधान किया गया। तब माना गया कि इससे परियोजनाएं समय पर पूरी हो सकेंगी और उन पर लागत बढ़ने के खर्च से बचा जा सकेगा। मगर अब भी चार सौ से ऊपर परियोजनाएं अगर तीन वर्ष की औसत देरी से चल रही हैं, तो जाहिर है कि परियोजनाओं को मंजूरी देने से पहले उनके व्यावहारिक पहलुओं का मूल्यांकन ठीक से नहीं किया जाता।

आमतौर पर सड़कों, पुलों आदि जैसी बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं का निर्णय राजनीतिक स्तर पर ले लिए जाते हैं। उनके मूल्यांकन में प्रायः संभावित अड़चनों, मसलन भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण संबंधी मानक, भू-उपयोग आदि को लेकर लापरवाही बरती जाती है। बिना जरूरी मंजूरी के परियोजनाओं के ठेके इस विश्वास के साथ दे दिए जाते हैं कि उन अड़चनों से पार पा लिया जाएगा। इसका नतीजा यह होता है कि कहीं अगर परियोजना के बीच में आने वाले किसी छोटे से हिस्से पर भी किसी ने मुकदमा कर दिया, तो वह तब तक लटक जाती है, जब तक न्यायालय का निर्णय नहीं आ जाता। मुआवजे आदि को लेकर भी विवाद पैदा हो जाते हैं। यह भी छिपी बात नहीं है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र की परियोजनाओं में देरी और फिर उनकी लागत बढ़ने के पीछे बड़ा कारण भ्रष्टाचार है।

ठेकेदार और वित्तपोषण करने वाले विभाग के बीच अक्सर भुगतान को लेकर रस्साकशी देखी जाती है। समय पर भुगतान न मिल पाने से ठेकेदार काम बीच में छोड़ देते हैं। भुगतान समय पर न मिलने के पीछे अक्सर कमीशनखोरी बड़ा कारण होती है। इस पर अनेक निर्माण कंपनियां सार्वजनिक रूप से असंतोष प्रकट कर चुकी हैं। परियोजना में विलंब होने का अर्थ है कि उसमें इस्तेमाल होने वाली सामग्री और सेवाओं की कीमत बढ़ती जाती है। कई बार सक्षम ठेकेदारों को काम न दिए जाने की वजह से भी उनमें जिस ढंग की अभियांत्रिकी का उपयोग अपेक्षित होता है, वह नहीं हो पाता। ये सारे तथ्य किसी से छिपे नहीं हैं, मगर इनमें सुधार के व्यावहारिक उपाय नहीं किए जाते तो जाहिर है।

# निराशा को आशाजनक अवसरों में बदलने की खिड़की है 'परीक्षा पे चर्चा'

**नरेन्द्र मोदी के शब्दों का जादू और भारत की शिक्षा को ऊंचाई तक ले जाने की तड़प ने एक-एक छात्र एवं शिक्षक को भीतर तक हिला दिया। इस अभिक्रम को देख कुछ लोग तो आश्चर्य में डूब गये क्योंकि मोदी ने शुरुआत में ही कहा कि छात्र पहले से कहीं अधिक नवोन्मेषी हो गए हैं, इसलिये यह कार्यक्रम मेरे लिए भी एक परीक्षा की तरह है। उन्होंने माता पिता से कहा कि आपको किसी बच्चे की तुलना किसी दूसरे से नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह उसके भविष्य के लिए हानिकारक हो सकता है। कुछ माता-पिता अपने बच्चे के 'रिपोर्ट कार्ड' को अपना 'विजिटिंग कार्ड' मानते हैं, यह ठीक नहीं है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां जीवन में प्रेरणा का काम करती हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। इसके लिये उन्होंने प्रेरणा, आत्मविश्वास, एकाग्रता, आशा, उत्साह, समय और तनाव प्रबंधन आदि ऐसे अनेक विषयों पर बोला जो विद्यार्थी से लेकर आम व्यक्ति के जीवन को उजालने के लिये जरूरी है।**

ललित गर्ग।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान दिया गया उद्बोधन एवं गुरु मंत्र छात्रों के लिये ऐसा आलोक स्तंभ है जो भविष्य की अजानी राहों एवं परीक्षा के जटिल क्षणों में पांव रखते समय उस आलोक को साथ में रख लिया गया तो उनके मार्ग में कहीं भी अवरोध, तनाव एवं संकट नहीं आ सकेगा। क्योंकि मोदी के ये गुरुमंत्र उनकी समर्थता, सिद्धता, अनुभव एवं साधना से उपजे हैं जो छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों और अभिभावकों के लिये भी रामबाण औषधि की तरह हैं। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छात्रों के अंदर डर और तनाव दोनों होता है, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों के भीतर से इस डर और तनाव को समाप्त करने के लिए हर साल 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम करते हैं। इस वर्ष भारत मंडपम, आईटीपीओ, नई दिल्ली में हुए इस अनूठे एवं प्रेरक कार्यक्रम में जहां तकरीबन 4,000 छात्रों ने हिस्सा लिया, वहीं लगभग 2.26 करोड़ रजिस्ट्रेशन हुए थे, जो एक रिकॉर्ड है। यह परीक्षा पर चर्चा का 7वां संस्करण है, जिसमें छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत करते हुए परीक्षाओं को तनाव का कारण न बनने देने की सीख दी। इस विलक्षण प्रयोग एवं उपक्रम में छात्रों ने अपनी जिज्ञासाओं के पंख खोले। वे परीक्षा से जुड़े अनेक संदेहों, शंकाओं एवं डर को लेकर यहां आये, लेकिन लौटते समय उन चेहरों पर संतोष की झलक थी। उन्होंने कुछ अद्भुत या मौलिक, समाधानकारी एवं प्रभावी पाया या नहीं, लेकिन जितना पाया वह उनकी उम्मीद से अधिक था।

वे ही नहीं, भारत के असंख्य छात्रों एवं परीक्षार्थियों के लिये यह आयोजन नवऊर्जा एवं नयी दिशाओं के उद्घाटन का माध्यम बना है, जहां से छात्रों के जीवन में व्यापक परिवर्तन, उत्साह एवं जिजीविषा की ज्योति प्रज्वलित हुई है। प्रधानमंत्री इस बात को बखूबी समझते हैं कि पढ़ाई और परीक्षा का तनाव छात्रों के लिए अभिशाप है। वे शिक्षा के स्तर को तो सुधार ही रहे हैं, लेकिन 'परीक्षा पे चर्चा' के माध्यम से छात्रों का मनोबल भी बढ़ा रहे हैं ताकि परीक्षा तनावमुक्त हो और मोदी के गुरु मंत्रों का सीधा फायदा छात्रों को मिले। 'परीक्षा पे चर्चा' की विशेषता यह है कि इससे जुड़े प्रतिभागी किसी खास वर्ग, क्षेत्र, उम्र, जाति या धर्म के न होकर भारत के सभी राज्यों से लेकर विदेश तक के जूनियर और सीनियर कक्षाओं के विद्यार्थी के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थी होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के संवाद की व्यापकता विद्यार्थियों द्वारा पूछे प्रश्नों के उत्तर में अपनी बात को केवल परीक्षा तक ही सीमित न कर उसे जीवन से जोड़ देती है। विद्यार्थी जीवन में आने वाली अनेक समस्याएं प्रायः किसी न किसी रूप में जीवन के दूसरे पड़ाव में भी जरूर आती हैं। 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के दौरान मोदी से सवाल हुआ कि छात्रों को प्रेरित करने में शिक्षकों की क्या भूमिका होनी चाहिए और छात्रों को किस तरह से तनावमुक्त रखना चाहिए? मोदी ने कहा कि किसी भी शिक्षक और छात्र के बीच परीक्षा को लेकर सिर्फ नाता नहीं होना चाहिए, अगर ऐसा है तो उसे ठीक करने की जरूरत है। शिक्षक और छात्र का नाता पहले दिन से ही निरंतर प्रगाढ़ता से बढ़ते रहना चाहिए। अगर ऐसा होता है तो परीक्षा के दिनों में तनाव की नौबत ही नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के तनाव को कम करने में शिक्षक की अहम भूमिका होती है। इसलिए शिक्षक और छात्रों के बीच हमेशा सकारात्मक रिश्ता रहना चाहिए। शिक्षक का काम सिर्फ जॉब करना नहीं, बल्कि जिंदगी को संवारना है, जिंदगी को सामर्थ्य देना है, यही परिवर्तन लाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक को सिलेबस से आगे बढ़कर छात्रों से संग रिश्ता बनाना चाहिए। इसी से छात्रों के उन्नत, सक्षम, प्रखर एवं चरित्रसम्पन्न जीवन की संभावनाओं का धरातल मजबूत होगा और इसी से वे वर्चस्वी और यशस्वी बनेंगे, उनकी रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतिभा निखरेगी। संभवतः इसी से सशक्त भारत एवं विकसित भारत का सपना आकार ले सकेगा। ग्रामीण छात्रों की पसंद विज्ञान एवं तकनीकी विषयों की बजाय आर्ट्स विषय ही होना, शिक्षा के प्रति उपेक्षा एवं शिक्षकों की उदासीनता को ही दर्शा रहा है। समस्या गणित या भाषा नहीं है, ग्रामीण क्षेत्रों की पढ़ाई में यह पिछड़ापन अपने देश के लिए कोई नई बात नहीं। यह चुनौती बड़ी इसलिए है कि नवीन शिक्षा नीति घोषित होने के बावजूद स्कूली पढ़ाई की नियमित प्रक्रिया में इसका इलाज नहीं तलाशा गया है। जाहिर है, विशेष प्रयास करने पड़ेंगे, ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा को प्राथमिकता देनी होगी अन्यथा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बनने की राह पर बढ़ रहे देश के लिये यह चुनौती एक अंधेरा ही है। इसके लिये शिक्षकों एवं छात्रों के रिश्ते को नये आकार में ढालने की अपेक्षा है। भारत जैसे देश में शिक्षा और उसके पढ़ाई के स्तर पर ऐसी कई पेचीदिगियां एवं चुनौतियां हैं। पढ़ाई का स्तर और पढ़ाई के ढंग की वजह का सीधा असर छात्रों के परीक्षा पर पड़ता है। ये भी हकीकत है कि 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद से शिक्षा के क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन की शुरुआत की गयी है, नयी शिक्षा नीति घोषित की गयी है, लेकिन अभी भी शिक्षा में कई क्रांतिकारी परिवर्तन की जरूरत है। भारत में परीक्षा का तनाव इतना घातक है कि इसके तनाव से छात्र खुदकुशी तक कर लेते हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक परीक्षा में फेल होने के कारण साल 2014 से साल 2020 के बीच कुल 12,582 छात्रों ने आत्महत्याएं की हैं। आधुनिक शिक्षा के सामने आज अनेक चुनौतियां हैं। जबकि हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरंतर सामंजस्यपूर्ण विकास करके हमारे स्वभाव को परिवर्तित करने का सशक्त माध्यम है। हमने प्राचीन शिक्षा प्रणाली की इन विशेषताओं को भुला दिया है। आजादी के बाद से चली आ रही शिक्षा प्रणाली में शिक्षालय मिशन न होकर व्यवसाय बन गया था। मोदी 'परीक्षा पे चर्चा' से शिक्षा के गौरव को स्थापित करने को भी तत्पर हैं। 'परीक्षा पे चर्चा' में अनेक छोटी-छोटी बातों पर भी ध्यान आकर्षित किया गया। जैसे हाथ से लिखने की आदत का कम होना।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
परिवार की तरफ से आप खुशी और संतोष प्राप्त कर सकेंगे। आज आप मित्रों और सगे-सम्बंधियों से घिरे रहेंगे। काम या बिजनेस के लिए बाहर जाने की संभावना है। बिजनेस में आप पैसे के साथ मान-सम्मान भी प्राप्त कर सकेंगे।

**वृष**
माता और स्त्री वर्ग की चिंता सताएगी। आज के दिन यात्रा स्थगित रखें। समय से भोजन और पर्याप्त, नींद न आने के कारण शरीर में अस्वस्थता अनुभव होगा। पारिवारिक संपत्ति बारे में सावधानी से काम लेना हितकर है।

**मिथुन**
काम में निर्धारित सफलता नहीं प्राप्त कर सकेंगे। दूर के स्थानों पर रहने वाले रिश्तेदारों से अच्छी बातचीत होगी। आपका दिन अच्छा गुजरेगा। ईश्वर भक्ति और पूजा-पाठ से दिन की शुरूआत करें। परिवार में मंगलकारी वातावरण रहेगा।

**कर्क**
आध्यात्मिक तथा गूढ़ विद्या के प्रति रुचि होगी। यात्रा या प्रवास होने की संभावना है। परिजनों के साथ होने वाली गलतफहमी से बचें। मानसिक उचाट और दुविधा के कारण महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। दोस्तों और सगे-संबंधियों से भेंट-उपहार मिलने से आनंद का अनुभव होगा।

**सिंह**
ननिहाल पक्ष से चिंताजनक समाचार आएंगे। उच्च अधिकारियों के साथ संघर्ष टालना उचित होगा। आज आपके मन में चिंता और भय का माहौल रहेगा। आपको स्वास्थ्य और संतान की चिंता हो सकती है। व्यर्थ में धन खर्च हो सकता है।

**कन्या**
नौकरी में पदोन्नति मिल सकती है। आज आपको पानी, अग्नि और दुर्घटना से संभलकर रहना होगा। काम का बोझ अधिक रहेगा। विदेश गमन के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। विदेश बसने वाले स्नेही या मित्रों का समाचार मिलेगा। सभी कार्य सरलता से पूरे होंगे।

**तुला**
भागीदारी लाभदायक साबित होगी। किसी बात को लेकर संदेह की भावना आपके मन को बेचैन बनाएगी। दैनिक काम विलंब से पूरे होंगे। परिश्रम तो अधिक करेंगे, परंतु फल कम मिलेगा। साथियों का सहयोग कम मिलेगा।

**वृश्चिक**
संवेदनशीलता और प्रेम की भावनाओं से हरा-भरा मन आज नए लोगों की ओर अधिक आकर्षित होगा। वैभव, मौज-शौक की वस्तुएं, वस्त्राभूषण तथा वाहन आदि की खरीदारी होगी। उत्तम दांपत्य जीवन का साथ मिलेगा।

**धनु**
बीमार व्यक्ति नई चिकित्सा या ऑपरेशन न कराएं। बदनामी न हो इसका ध्यान रखें। कम बोलकर वाद-विवाद या मनमुटाव दूर कर सकेंगे। खर्च की मात्रा बढ़ेगी। स्वास्थ्य खराब होगा। मानसिक रूप से आपके मन में हताशा छायी रहेगी।

**मकर**
व्यापारियों को व्यापार में धन लाभ होगा। नए आयोजन हाथ में ले सकेंगे। लंबी दूरी की यात्रा होगी या तीर्थ यात्रा होगी। आध्यात्मिकता में प्रगति कर सकेंगे। स्वास्थ्य का ख्याल रखें। गुस्से की भावना आपको हानि पहुंचा सकती है।

**कुंभ**
पेट में अपच की शिकायत होगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल नहीं है। अचानक खर्च हो सकता है। शेयर-सट्टे से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। विचारों की भरमार आपको मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएगी।

**मीन**
कार्य सफलता, आर्थिक लाभ और भाग्यवृद्धि का योग है। भाई-बहनों के साथ पारिवारिक चर्चा और आयोजन होगा। तन-मन में स्फूर्ति और आनंद अनुभव होगा। मित्रों तथा सगे- संबंधियों का घर पर आगमन होने से आनंद होगा। आज नौकरी-धंधे में लाभ हो सकता है।

## आज का इतिहास

### 31 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- मुगल बादशाह अकबर के संरक्षक बैरम खाँ की 1561 में गुजरात के पाटण में हत्या कर दी गई।
- ब्रिटेन की रानी एलिज़ाबेथ प्रथम के आदेश पर 1599 में भारत में ब्रिटेन की पहली ईस्ट इंडिया कम्पनी की स्थापना हुई।
- ब्रिटेन में तख़्त के खिलाफ साजिश करने वाले गाइफ़ाक्स को 1606 में मौत के घाट उतार दिया।
- चीन में 1850 को ताए पींगहा (जनता का संकल्प) नाम से सबसे बड़ा जनान्दोलन आरंभ हुआ।
- अमेरिका में 'दासता उन्मूलन' संबंधी 13वां संशोधन विधेयक 1865 में स्वीकृत हुआ।
- अफगानिस्तान के अमीर के मर्व को रूसी फौजों ने 1884 में छीन लिया।
- अमेरिका में पहली बार 1893 में 'कोका कोला' ट्रेडमार्क का पेटेंट किया गया।
- 'प्रथम विश्व युद्ध' के दौरान जर्मनी ने 1915 में रूस के ख़िलाफ़ ज़हरीली गैस का इस्तेमाल किया।
- 1943 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी के फ़ील्ड मार्शल फ्रेडरिक पोलस ने सोवियत संघ की सेना के समक्ष हथियार डाले।
- तत्कालीन सोवियत संघ के मॉडल के आधार पर 31 जनवरी, 1946 को यूगोस्लाविया के 6 देशों (बोस्त्रिया-हर्जेगोविना, सर्बिया, मैसेडोनिया, मोंटेनेग्रो, स्लोवेनिया, क्रोएशिया) का विघटन।
- 1953 में हुए आईरिश सागर में नौका दुर्घटना में चालक दल के सदस्यों के साथ कम से कम 200 यात्रियों की मौत हो गई।
- अबादान से तेहरान तक पाइपलाइन बिछाने का काम 1957 में पूरा हुआ।
- अमेरिका ने 1958 में पहले भू-उपग्रह का प्रक्षेपण किया।
- अमेरिकी देशों के संगठन ने 1962 में क्यूबा को न शामिल करने का फैसला किया।
- मोर को 1963 में भारत का राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया।
- सोवियत संघ ने 31 जनवरी, साल 1966 को लूना कार्यक्रम के तहत मानवरहित लूना 9 स्पेशक्राफ्ट की लांचिंग की।
- प्रशान्त महासागर में स्थित द्वीपीय देश नौरू को 1968 में आस्ट्रेलिया से स्वाधीनता मिली।
- अमेरिका ने 1968 में नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- पूर्व और पश्चिमी बर्लिन के बीच 19 साल के अंतराल के बाद 1971 में फिर से टेलीफोन सेवा बहाल हुई।
- बीरेन्द्र बीर बिक्रम शाह 1972 में नेपाल के 12वें राजा बने।
- पेन अमेरिका एयरवेज़ का विमान 1974 में अमेरिकी सीमाओं में दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिसमें लगभग 25 लोग मारे गये।
- चीन ने 1979 में सोवियत संघ को विश्वयुद्ध भड़काने वाला मुख्य देश होने का आरोप लगाया।
- कोलकाता में 1983 को पहला शुष्क बंदरगाह शुरू हुआ।
- रूस की राजधानी मास्को में 1990 में विश्व का सबसे बड़ा मेकडोनाल्ड स्टोर शुरू हुआ।
- श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में 1996 में हुए आत्मघाती हमले में 86 की मौत, 1400 घायल।
- सन 2000 में हवाला केस के सभी आरोपी बरी।
- झारखंड के राज्यपाल प्रभात कुमार ने 2002 में इस्तीफ़ा दिया।
- पाकिस्तानी परमाणु कार्यक्रम के जनक डॉक्टर अब्दुल कादिर खान को अन्य देशों को परमाणु प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण के मामले में 31 जनवरी 2004 को गिरफ्तार किया गया।

## विशेष आलेख

# ममता और नीतीश के बाद अब कांग्रेस को झटका देने की तैयारी में नजर आ रहे हैं अखिलेश यादव

अजय कुमार।



समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा था कि वह जनवरी के अंत तक गठबंधन में सीटों का बंटवारा कर देंगे। अखिलेश ने ऐसा किया भी। गत सप्ताह के अंत में उन्होंने एक्स पर पोस्ट करके कहा कि कांग्रेस को 11 सीटें देने के साथ समझौता हो गया है, लेकिन इसके तत्काल बाद ही कांग्रेस की प्रतिक्रिया आई और उसने साफ कह दिया कि वह इतनी सीटों पर राजी नहीं है। अब आगे क्या होगा, यह भी जल्द तय हो जायेगा। यदि कांग्रेस इतने पर नहीं मानी तो यूपी में भी इंडी गठबंधन टूट सकता है। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर करने के लिए बना इंडी गठबंधन उत्तर भारत में हासिये पर पहुंच गया है। पश्चिम बंगाल और बिहार में इंडी गठबंधन की 'रीढ़' टूट चुकी है। आम आदमी पार्टी का रुख भी पंजाब को लेकर ऐसा ही नजर आ रहा है। अब बस उत्तर प्रदेश बचा है, लेकिन यहां भी हालात बहुत अच्छे नहीं हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी कांग्रेस के ढुलमुल रवैये से असहज महसूस कर रहे हैं। वहीं बसपा तो बाहर थी ही। बात जयंत चौधरी की पार्टी राष्ट्रीय लोकदल की कि जाये तो अखिलेश ने उन्हें पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सात लोकसभा सीटें समझौते के तहत दे दी हैं। इसी के साथ समाजवादी पार्टी ने अपने हिस्से की भी करीब-करीब सभी सीटों पर अपने प्रत्याशियों की तलाश तेज कर दी है। कुछ सीटों पर उम्मीदवार तय भी हो गये हैं। इंडी गठबंधन का हाल यह है कि यूपी में समाजवादी पार्टी ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से किनारा करके पीडीए यात्रा चला रखी है। उन्हें लगता है कि पीडीए ही एनडीए को हराएगी। हालात यह हैं कि समाजवादी पार्टी ने यहां तक घोषणा कर दी है कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा के उत्तर प्रदेश से गुजरने के दौरान पार्टी नेता उसमें शिरकत नहीं करेंगे। अखिलेश की बातों से लग रहा है कि वह भी नीतीश कुमार और ममता बनर्जी की तरह इंडी गठबंधन से दूरी बनाने का फैसला कभी भी ले सकते हैं, लेकिन अखिलेश ने अभी तक इंडी गठबंधन के खिलाफ मुंह नहीं खोला है। अखिलेश यादव यह जरूर कह रहे हैं कि कांग्रेस को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। ममता बनर्जी को मनाएं और साथ में लें। साथ ही छोटे-छोटे दलों को भी साथ में रखें। नीतीश के इंडी गठबंधन से बाहर जाने से अखिलेश थोड़ा असहज जरूर हैं, लेकिन उनके पारिवारिक संबंध लालू के परिवार से होने के कारण वह (अखिलेश) नीतीश के साथ खड़ा नजर नहीं आना चाहते हैं। परंतु ममता बनर्जी का इंडी गठबंधन से दूरी बनाना अखिलेश को बिल्कुल भी रास नहीं आ रहा है। इसकी वजह ममता बनर्जी और अखिलेश के बीच अच्छी कैमिस्ट्री होना है। दरअसल, अखिलेश यादव कई बार इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका को लेकर अपनी निराशा जाहिर कर चुके हैं। उन्होंने साफ कह दिया कि नीतीश की पहल पर ये गठबंधन बना था लेकिन कांग्रेस ने इसे लेकर कोई तत्परता नहीं दिखाई। अगर नीतीश इंडिया गठबंधन में रहते तो प्रधानमंत्री बन सकते थे। गौरतलब है कि इंडिया गठबंधन का जब ऐलान हुआ तो यूपी से राष्ट्रीय लोकदल के साथ समाजवादी पार्टी इसमें शामिल हुई थी, लेकिन समय बीतने के साथ कांग्रेस और अखिलेश यादव के रिश्ते बिगड़ते गए। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ चुनावों में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस और सपा के बीच तनातनी सब ने देखी थी। बात लोकसभा चुनाव की कि जाये तो चुनाव में अब तीन महीने का समय बचा है लेकिन लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग फार्मूला भी तय नहीं हो पा रहा है। दरअसल कांग्रेस चाहती है कि यूपी में 2009 के उसके प्रदर्शन के आधार पर उसे सीटें दी जाएं, जबकि अखिलेश इस पर राजी नहीं हैं। सपा की तरफ से पहले ही संदेश दिया जा चुका है कि यूपी में वह ही प्रमुख विपक्षी पार्टी है और जो भी सीटें दी जाएंगीं, वह उसे अपने पास से ही देगी। दूसरी तरफ यूपी कांग्रेस का रुख भी समाजवादी पार्टी से अलग अपनी राह बनाने का दिख रहा है। वह सपा के कंधे पर रख कर बंदूक चलाना चाहती है। हाल यह है कि एक तरफ कांग्रेस में प्रदेश भर में यात्राएं कर जनाधार मजबूत करने की कवायद चल रही है, वहीं दूसरी तरफ अयोध्या में सरयू स्नान के जरिये भी संदेश देने की कोशिश की गयी। वहीं सपा और कांग्रेस के बीच एक-दूसरे के लिए तल्ख बयानबाजी भी सामने आ रही है। पार्टी के नेताओं द्वारा कांग्रेस की नीयत पर सवाल उठाये जा रहे हैं, हालांकि अखिलेश यादव सीधे-सीधे कुछ भी कहने से बचते रहे हैं। कुल मिलाकर अखिलेश यादव ने इंडिया गठबंधन की ताजा स्थिति का लेकर कांग्रेस को ही कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की पहल पर भी गठबंधन को बनाया गया था। लेकिन पहली बैठक में ही कांग्रेस ज्यादा तत्पर नहीं दिखी।

# नीतीश कुमार की एनडीए में वापसी अधर में लटका 'इंडिया' का भविष्य!

लोकसभा चुनाव के पहले नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच तीसरी बार गठबंधन हुआ है लेकिन लगता नहीं कि इससे बिहार की तकदीर में कोई बदलाव आएगा। एक बार फिर भाजपानीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ समझौता करके उन्होंने नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके राजग और लालू प्रसाद के राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बीच निष्ठा बदलने की इस प्रक्रिया में शासन बहुत पहले ही पीछे छूट चुका था।

राज्य के राजनीतिक मामलों की बात करें तो नीतीश के जनता दल (यूनाइटेड) के पास राज्य विधानसभा में 45 सीट हैं। परंतु 243 विधानसभा सीट वाले प्रदेश में 78 सीट वाली भाजपा और 79 सीट वाले राजग के बीच वह एक प्रभावशाली स्थिति रखता है। बिहार में 2025 तक विधानसभा चुनाव नहीं होने हैं लेकिन नीतीश के दोबारा राजग में जाने में सबसे अहम बात यह है कि यह कांग्रेसनीत इंडियन नैशनल डेवलपमेंट इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की चुनावी संभावनाओं के लिए बड़ा झटका है।

नीतीश को इस गठबंधन के प्रमुख शिल्पकारों में शामिल माना जा रहा था। अब उनके गठबंधन से अलग होने और ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा दो ऐसे झटके हैं जिनसे निपटने में 'इंडिया' को काफी संघर्ष करना होगा। रोचक बात यह है कि नीतीश और ममता दोनों ने यह शिकायत की थी कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने देश के पूर्वी से पश्चिमी हिस्से की ओर भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करने के पहले उनसे मशविरा नहीं किया और उनके राज्यों से यात्रा निकलने देने के लिए अनुमति नहीं मांगी। विचार यह था कि यात्रा को 'इंडिया' गठबंधन के बैनर तले आयोजित किया जाना चाहिए था। परंतु अंदर की बात यह है कि दोनों ही राजनेता आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जीतने लायक साझेदार नहीं मानते। खासतौर पर मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में पार्टी की भारी पराजय के बाद। 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस को बिहार में एक और पश्चिम बंगाल में दो सीट पर जीत मिली थी। जनता दल (यूनाइटेड) और तृणमूल कांग्रेस के 'इंडिया' से बाहर होने के बाद कांग्रेस को गठबंधन के अन्य दलों के साथ मोलतोल करने में दिक्कत होगी। गठजोड़ के पीछे यह सिद्धांत है कि किसी भी राज्य में सर्वाधिक सीट वाला साझेदार सीट की साझेदारी पर निर्णय लेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# रवि पण्डित 01 गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

## 5 हजार रूपये का ईनामी व टॉप्टेन अपराधी गिरफ्तार




बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** स्थानीय पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे रवि पण्डित 01 गैग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है एवं 5 हजार रूपये के एक ईनामी व टॉप 10 अपराधी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरिपालसिंह ने बताया कि अपराधियों की धरपकड अभियान को लेकर पुलिस अधीक्षक राजर्षिराज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्श चौधरी के निर्देशानुसार डीवाईएसपी महावीरसिंह के सुपर विजय में रवि पण्डित गैग के 2 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि उक्त अपराधी 5 हजार रूपये के ईनामी एवं टोंक जिले के टॉप टेन अपराधियों की सूची में शामिल है। उन्होंने बताया कि गैग के एक अपराधी को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया गया जिससे एक देशी पिस्टल, एक देशी कटटा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किए जा चुके है। उक्त कार्यवाही को लेकर टीम का गठन किया। टीम में मय थानाधिकारी सिंह सहित सहायक पुलिस उपनिरीक्षक राजेन्द्रसिंह, हैड कानि गजराजसिंह, प्रेमनारायण, नीरज, राधाकिशन, पायलट, भारतभूषण, धर्मराज व राजेश को शामिल किया गया। टीम ने धरपकड अभियान को लेकर आर्म्स एक्ट के दर्ज मामले में फरार चल रहे गैंग के अपराधी रवि कलाल उर्फ रविराज चौधरी पुत्र देवीलाल कलाल निवासी पारेल थाना केसरिया जिला प्रतापगढ, हाल निवासी रामचन्द्रपुरा भाकरोटा, रामप्रसाद उर्फ आरपी पुत्र सीताराम यादव निवासी भोजीयादण्ड थाना शिवदासपुरा जिला जयपुर हाल निवासी कृषि नगर बम्बाला पुलिया थाना मालपुरा गेट जिला जयपुर को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए एक वर्ष से फरार 5 हजार रूपये के ईनामी अपराधी बाबूलाल मीणा पुत्र सीताराम मीणा निवासी शीशवाली ढाणी महेशपुरा थाना कोटखावदा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से गहन्ता से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से अन्य मामले का भी खुलासा होने की संभावना है।

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं : जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा

बढ़ता राजस्थान



**टोंक( का.स. )।** जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. सौम्या झा भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 में कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं, इसे लेकर विशेष प्रयास कर रही है। उन्होंने अर्हता दिनांक 1 जनवरी 2024 के संदर्भ में 18-19 आयु वर्ग के नवीन मतदाताओं के रजिस्ट्रेशन पर भी जोर दिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला परिषद के सीईओ, सभी राजकीय व निजी महाविद्यालयों के प्राचार्य, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं सीबीईओ, विकास अधिकारी, नगर परिषद आयुक्त, सीएमएचओ एवं बीएलओं को मतदाता सूची में नाम जुड़ने से वंचित मतदाताओं के नाम जोड़ने के निर्देश दिए है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आमजन से भी अपील कि है कि वह अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सकरात्मक भूमिका निभाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम के तहत महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं जिनकी जन्म तिथि 2 जनवरी 2004 से 1 जनवरी 2006 के मध्य है को चिन्हित करने के निर्देश दिए है। इसी तरह शिक्षा विभाग के सीडीईओ एवं सीबीईओ को राजकीय एवं निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों के संस्था प्रधानों के साथ समन्वय स्थापित कर 18 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थी जिनके नाम मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं हुए है उनको वोटर हेल्पलाइन ऐप (वीएचए) एवं एनवीएसपी पोर्टल के माध्यम से आवेदन कराना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने शहरी में अधिशासी अधिकारी व ग्रामीण क्षेत्रों में विकास अधिकारी निर्देशित किया है कि जन्म पंजिका (1 जनवरी 2004 से 1 जनवरी 2006 तक) एवं मृत्यु पंजिका (गत 1 वर्ष के दौरान मृत्यु की दिनांक से) एवं विवाह पंजिका (गत एक वर्ष से) की प्रति संबंधित ईआरओ को उपलब्ध कराएंगे। साथ ही, बीएलओ डोर टू डोर सर्वे कर अपने क्षेत्र में छूटे हुए मतदाताओं को जोड़ने का कार्य करेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके दिव्यांगजनों के नाम मतदाता सूची में पंजीकृत हो इसके लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक एवं सीएमएचओ को समन्वय बनाकर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार त्यागी को नरेगा में मेट के माध्यम से मस्टरोल से जुड़ी महिलाओं के नाम अगर मतदाता सूची में नहीं है तो ग्राम विकास अधिकारी के माध्यम से उनके नाम मतदाता सूची में जुड़वाया जाएं। साथ ही, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू परिवारों के नाम भी मतदाता सूची में जोड़े जाएं।

# वार्षिकोत्सव, भामाशाह सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कुरावदा में मंगलवार को वार्षिकोत्सव, भामाशाह सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा व शंकर विधुडी ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। प्रधानाध्यापक जयनारायण मीणा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत तुर्किया सरपंच नितेश मीणा ने की विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य हंसराज मीणा व भाजपा देहात मंडल महामंत्री बुद्धराम मीणा रहें। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ने गत वर्ष का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान विद्यालय विकास में योगदान देने वाले भामाशाहों, बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्रों तथा राजकीय सेवा में चयनित होने वाले पूर्व छात्रों का माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीरामपुरा सरपंच शिवजीराम गुर्जर, प्रधानाचार्य हीरालाल मीणा, एसएमसी अध्यक्ष सुरेश गुर्जर,हनुमान जाट, हरि कररिया , राकेश बैंसला, वार्ड पंच कैलाश गुर्जर, देवालाल गुर्जर, हरिराम मीणा, शिवराज चेची सहित विद्यालय स्टाफ सहित छात्र - छात्राएं व अभिभावकों सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मौसमी नेता बनाने लगे हैं कांग्रेस से दूरियां भाजपा में शामिल होने की अफवाह तेज

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा क्षैत्र के कतिपय मौसमी नेता राज बदलते ही कांग्रेस के कार्यक्रमो से दूरियां बनाने लगे हैं। मालपुरा क्षैत्र में कुछ नेता ऐसे हैं जो राज बदलने के साथ ही अपना दल भी बदलने की फिराक में रहते हैं। पिछले कई सालो से देखा जा रहा है कि ये कतिपय नेता राज के साथ ही रहते हैं। इन नेताओं की यह परम्परा है कि जैसे ही राज बदलता है उसी के साथ ये नेता सत्ताधारी दल से निकटता बढ़ाने में लग जाते हैं। अंत में इस तरह के मौसम के अनुसार दल बदलने वाले अपना दल भी बदल लेते हैं। दल बदलने के साथ ही ये मौसमी नेता अधिकारियो कर्मचारियो सहिति आम लोगो पर सत्ता का रोब जमा कर अपना उल्लू सीधा करने में लग जाते हैं। प्रदेश में जब कांग्रेस सत्ता में थी उस समय मौसमी नेताओं ने अपना दल बदल कर कांग्रेस का दामन थामा। कांग्रेस का दामन थामने के साथ ये मौसमी नेता अपने आपको कांग्रेस का बहुत बड़ा नेता मानने लगे। कांग्रेस के सत्ता में रहने के दौरान क्षैत्र में कांग्रेस के हर छोटे बड़े कार्यक्रमो में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर अपने आपको सत्ताधारी दल का नेता दर्शाने में जुट गए। विधानसभा चुनावो के दौरान भी ये नेता केवल यह दर्शाने में लगे रहे कि क्षैत्र की जनता पर उनका बहुत प्रभाव है और उनके इशारो पर मतदाता नाचते हैं और उनके कहे अनुसार की वोट देते हैं। विधानसभा चुनाव समाप्त हुए और जैसे ही प्रदेश में भाजपा ने सत्ता संभाली उसी के साथ क्षैत्र के मौसमी नेताओं का कांग्रेस से मोह भंग होता दिखाई देने लगा। सत्ता के समय अपने आपको कांग्रेस का नेता दर्शाने वाले मौसमी नेता सत्ता परिवर्तन के दिन से कांग्रेस के कार्यक्रमो से दूरिया बनाते दिखाई देने लगे। इतना ही नहीं अपने खास आदमियो के जरिए क्षैत्र में यह अफवाह फैलाने में लग गए कि नेताजी शीध्र ही सत्ताधारी भाजपा के साथ आने वाले। इसको साबित करने के लिए मौसमी नेताओं ने कांग्रेस के कार्यक्रमो से दूरिया बनानी शुरू भी कर दी है। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के बाद कांग्रेस की ओर से आयोजित वाले कार्यक्रमो से ये मौसमी नेता नदारद दिखाई देने लगे हैं। जिसका आभास स्वयं कांग्रेसजनो सहित भाजपा वालो को भी हैं। लेकिन क्षैत्र के दलीय आला नेता सब कुछ आभास होने के बावजूद चुप्पी साधे बैठे है और समय का इन्तजार कर रहे हैं। अब देखना यह है कि ये मौसमी नेता एक बार फिर सत्ता का सुख भोगने में सफल होते हैं या नहीं।

# पुण्य तिथि पर पुष्पाजंली अर्पित



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के मौके पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी मालपुरा की ओर से गांधी पार्क स्थित गांधी जी की प्रतिमा के सामने कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मौजुद कांग्रेसजनो को वक्ताओं ने महात्मा गांधी के अहिंसावादी सिद्धान्त को अपना कर शांति सद्भाव कायम करने के लिए कार्य करने का आव्हान किया गया। अंत में मौजुद सभी कांग्रेसजनो ने गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पाजंली अर्पित कर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धाजंली अर्पित की। इस दौरान शहर अध्यक्ष इश्हाक नकवी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कैलाश गुर्जर, डीआर रहे किशनलाल फगोड़िया, कैलाश सोनी, मुंशी खां बेलिम, अब्दुल्ला गहलोत, बुद्धिप्रकाश टेलर, रामलाल फौजी, भैंरूलाल चौधरी, प्रभूलाल सैनी, बजरंग टोडावत, रामकिशन चौधरी सहित अन्य कई कांग्रेसजन मौजुद रहे।

# 31 जनवरी तक आयोजित होगा विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांच शिविर : उप प्रधानाचार्य खान

बढ़ता राजस्थान

**टोंक( का.स. )।** पीएम श्री स्कूल योजना के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोठी नातमाम टोंक में मंगलवार को छात्र-छात्राओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित हुआ। शिविर में विद्यार्थियों की शारीरिक समस्याओं के निराकरण के लिए स्वास्थ्य जांच गई। कोठी नातमाम के उप प्रधानाचार्य साहिबज़ादा अब्दुल मुनीम खान ने बताया कि शिविर में राजकीय सआदत चिकित्सालय टोंक के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. योगेश कुमार, नर्सिंग ऑफिसर पंकज वर्मा, नेत्र सहायक राशिद खान ने विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की आंखों की जांच, हिमोग्लोबिन, रक्त, दांत एवं त्वचा की जांच कर दवाईयां देकर उन्हें परामर्श दिया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक रहने, पोषक एवं संतुलित भोजन ग्रहण करने, नशा नहीं करने, जंक फूड से दूरी बनाने, भरपूर व पर्याप्त नींद लेने तथा योग व व्यायाम करने के बारे में बताया। उप प्रधानाचार्य अब्दुल मुनीम ने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर में प्राचार्य शंकर शंभु गोगवाल, व्याख्याता नाजिया खान एवं शाहीन अफरोज सहित अन्य अध्यापकों ने चिकित्सकों का स्वागत किया।

# नगरपालिका अध्यक्ष ने घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग कर बनाई जा रही सड़क को लेकर विभागीय अधिकारियो को शिकायत की

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा नगरपालिका मालपुरा क्षैत्र के वार्ड लं. 31 में निर्माणाधीन सड़क में उपयोग ली जा रही घटिया निर्माण सामग्री को लेकर नगरपालिका अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियो को पत्र लिखा। नगरपालिका मालपुरा के पार्षद लोकेश बड़ोलिया ने एक शिकायती पत्र नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी को लिखा गया। पत्र में अवगत कराया गया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा वार्ड नं. 31 में सीमेन्ट सड़क निर्माण कराया जा रहा है। पार्षद ने पत्र में यह भी अवगत कराया गया कि इस बाबत उनकी ओर से पहले भी अधिकारियो को लिख कर घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग की शिकायत की गई। लेकिन अधिकारियो व कार्यकारी एजेंसी की मिलीभगत होनें के चलते शिकायत पर न तो किसी प्रकार की कार्रवाई हुई है और न ही जांच हुई। वार्ड पार्षद की ओर से प्राप्त शिकायती पत्र के बाद नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता को पत्र की लिखकर शिकायत की जांच करवाने और कार्य गुणवत्ता के साथ कराए जाने की मांग की गई।

# भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री अल्कासिंह गुर्जर कार्यकर्ताओं से हुई रूबरू



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** ग्राम पंचायत झिलाय मंगलवार को भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री अल्कासिंह गुर्जर का सरपंच कान्ता देवी शर्मा एवं प्रमुख समाजसेवी छोटूलाल शर्मा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। छोटूलाल शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय महामंत्री चौथ का बरवाडा में चौथ माता के दर्शन करके लौटते समय झिलाय में भाजपा के कार्यकर्ताओं से जनसमस्याओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष शिवदयाल गुर्जर, देवीशंकर धाभाई,नरेश सिगवाडिया, देवालाल गुर्जर, भंवरलाल गुर्जर, मुकेश चौधरी, भंवर बलाई, हीरालाल गुर्जर, रतन कुम्हार, रामरख जाट, सूरजमल यादव, जीतू सिंगवाडिया सहित कई कार्यकर्ताओं राष्ट्रीय महामंत्री अल्कासिंह गुर्जर का शॉल ओढाकर भव्य स्वागत किया।

# महिलाओं ने की सुहाग की देवी चौथ माता की पूजा

## चन्द्रमा को अर्क देकर ग्रहण किया भोजन



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र की महिलाओं व बालिकाओ ने सुहाग की देवी चौथ माता की पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना व श्रेष्ठ सुहाग मिलने की कामना को लेकर चन्द्रमा को अर्क देने के बाद चौथ माता की प्रसादी के रूप में भोजन ग्रहण किया।

संकट चतुर्थी के पावन अवसर पर क्षैत्र की सुहागिन महिलाओं व बालिकाओं ने दिन भर व्रत उपवास रखा। सायंकाल के समय नवीन व रंगीन परिधान पहनकर चौथ माता के सामने बैठकर पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस दौरान पूजा करने वाली सुहागिन महिलाओं ने चौथ माता से अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना की व बालिकाओं ने श्रेष्ठ सुहाग मिलने की कामना के साथ महाआरती की। पूजा करने वाली महिलाओं व बालिकाओं से बूजुर्गो के पेर छूककर आर्शिवाद प्राप्त किया। वहीं देर रात्रि लगभग दस बजे चन्द्रोदय होने के बाद चन्द्रमा को अर्क देकर चौथ माता की प्रसादी के रूप में भोजन ग्रहण किया।

# निवाई मे अयोध्या जैन तीर्थ प्रभावना रथ का आगमन 7 को

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर पर अयोध्या जैन तीर्थ प्रभावना रथ के आगमन को लेकर बैठक आयोजित हुई। जिसमें आर्यिका ज्ञानमती माताजी द्वारा तीर्थंकर ऋषभदेव अजीतनाथ अभिनन्दननाथ सुमतिनाथ एवं अनन्तनाथ के साथ पांच तीर्थंकरों की जन्म भूमि शास्वत तीर्थ अयोध्या से प्रवर्तित अयोध्या जैन तीर्थ प्रभावना रथ का निवाई मे 7 फरवरी को आगमन होने पर भव्य स्वागत किया जाएगा। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला एवं राकेश संघी ने बताया कि रथ प्रवर्तन के संयोजक उदयभान जैन एवं दिलीप जैन जयपुर ने निवाई मे अयोध्या तीर्थ रथ के आगमन की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया। जिसमें मंदिर अध्यक्ष प्रेमचन्द जैन, मंत्री मुकेश बनेठा, जैन समाज अध्यक्ष नेमीचंद गंगवाल, मंत्री महावीरप्रसाद पराणा, हुकमचंद जैन, विमल जौंला, लालचंद झिराना, पदमचंद जैन, धर्मचन्द जैन, पारसमल जैन, पिंकी जैन सहित कई लोगो को आमंत्रण पत्र एवं पत्रिका देकर समाज बन्धुओं को निमंत्रण दिया एवं सभी से तीर्थ रथ आगमन पर मंगल प्रवेश मे शामिल होने की अपील की। सुनील भाणजा ने बताया कि जैन धर्म के पांच तीर्थंकर की शाश्वत भूमि से जैन समाज में जन जागरण प्रवर्तन के लिए तीर्थ प्रभावना मे रथयात्रा धर्म प्रभावना करते हुए निवाई मे 7 फरवरी को मंगल आगमन करेगी।

# देवली पुलिस उपाधीक्षक सुरेश कुमार बने एडिशनल एसपी

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( नि.स. )।** देवली पुलिस उपाधीक्षक सुरेश कुमार पुत्र मालाराम अब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बन गए हैं। मंगलवार को जानकारी मिली है की प्रदेश के संयुक्त शासन सचिव पुलिस जगवीर सिंह ने आदेश जारी कर जिला टोंक पुलिस अधीक्षक राजश्री को निर्देश जारी किए की देवली पुलिस उपाधीक्षक सुरेश कुमार की वर्दी पर अशोक स्तंभ लगाकर उन्हें एडिशनल एसपी के पद पर पदोन्नत किया जावे । इस पर जिला टोंक पुलिस अधीक्षक राजश्री ने देवली उपखंड पुलिस उपाधीक्षक सुरेश कुमार को बधाई दी। साथ ही उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भेंट की इसी के साथ पुलिस विभाग के अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी पदोन्नत एडिशनल एसपी सुरेश कुमार को शुभकामनाएं और बधाइयां भेंट की। उल्लेखनीय की एडिशनल एसपी सुरेश कुमार एक सरल स्वभाव के कुशल व्यवहारिक अधिकारी हैं।

# शिक्षक ही बने भामाशाह 82 हजार रूपये की दी सहयोग राशि

बढ़ता राजस्थान

**पीपलू( नि.स. )।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय लावा में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य रणवीर सिंह, अतिथि सरपंच कमल जैन, बन्नालाल सैनी, अशोक जैन ने प्रतिभाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर सत्यनारायण जांगिड, शिवानी, अजीत, बनवारी, राजेंद्र, सीता खुशीराम, वेद प्रकाश, रामप्रसाद, आशा, विष्णु, राजाराम सहित कई शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण जांगिड़ ने किया। प्रधानाचार्य रणवीर सिंह ने बताया की विद्यालय के स्टाफ द्वारा दिए गए 82 हजार रूपये की सहयोग राशि से विद्यालय भवन का रंग रोगन तथा शौचालय निर्माण एवं मरम्मत का कार्य करवाया जाएगा।

# किसान उत्पादन कम्पनी के संचालक मंडल एंव सीईओ का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान



**अलवर( का.स. )।** लुपिन ह्यूमन वेलफेयर एंड रिसर्च फाउण्डेशन , अलवर व कृषि मंत्रालय, भारत सरकार एंव नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के निर्माण व संवर्धन की केन्द्रीय प्रवर्तित योजनार्न्तगत किसान उत्पादन कम्पनी के संचालक मंडल एंव सीईओ के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अरावली होटल, अलवर में मंगलवार को शुभारम्भ किया गया। संस्था की सीएसआर हैड़ तुषारा शंकर ने बताया कि लुपिन फाउण्डेशन आजिविका विकास एंव स्वास्थ्य के दो मुख्यता कार्य कर रही है व अलवर में योजनार्न्तगत सात कृषक उत्पादक संगठनो का संचालन किया जा रहा है, इस अवसर पर कृषक उत्पाद संगठन के मुख्य बिन्दुओं व प्रगति पर चर्चा की गई व बताया कि यह एक सतत् प्रक्रिया है तथा निदेशक मंडल में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया ।आजिविका विकास कार्यक्रम के हैड़ योगेश राउत बताया कि कृषक उत्पादक संगठन की प्रगति में लगातार वृद्वि हो रही है इस हेतु संस्था प्रयासरत है इसके लिए किसानो का प्रयास करने एंव सभी किसानो की भागीदारी आवश्यक होने पर बल दिया । नाबार्ड के सहायक महाप्रबंधक प्रदीप चौधरी ने कृषक उत्पादक संगठन के संवर्धन व प्रशिक्षण के द्वारा उन्हें व्यवसायिक मॉडल तैयार करने व परिणाम तथा उनकी आय में वृद्वि करने तरीके बताये ।संस्था के स्टेट हैड़ वेद प्रकाश शर्मा ने कृषक उत्पादक संगठन की प्रगति व कार्ययोजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा उनके उदश्यों के बारे में तथा लुपिन द्वारा दी जाने वाली योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।

प्रशिक्षण में संदर्भ व्यक्ति के रूप में अविनाश दास द्वारा एडवांस ट्रेंनिंग माड्यूल पर विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया उनके व्यवसाय का संचालन, प्रबंधन व व्यवसाय की प्लानिंग की उनके उत्पाद का ब्रांडिंग पैकेजिंग एवं मार्केटिंग के साथ-साथ व्यवसाय न्यायालय वाली समस्याओं और उनका निदान एवं विभिन्न पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ।कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार ने किया एंव कार्यक्रम में रामगढ़, तिजारा,बानसूर, टहला,मालाखेड़ा, गोविन्दगढ़ व थानागाजी ब्लॉक के 40 से अघिक निदेशक मंड़ल व सीईओ आदि उपस्थित थे।



# जिला मुख्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व शहीदों को किया नमन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( नि.स. )।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को जिले भर में शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार कार्यक्रम आयोजित हुई ।जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की उपस्थिति में श्रद्धांजलि सभा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुआ। जिला कलक्टर सहित जनप्रतिनिधियों व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने गांधी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कर राष्ट्रपिता को नमन किया ।इस अवसर पर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व अतिरिक्त जिला कलक्टर योगेश कुमार डागुर ने महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलते हुए जनहित में सेवा कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा राम धुन के साथ गांधी जी के प्रिय गीतों का गायन कर गांधीजी को याद किया ।इस अवसर पर परिषद कमिश्नर फतेह सिंह मीणा, डीओआईटी के उपनिदेशक सुनील मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह यादव,पीआरओ नितिन कुमार,तहसीलदार सौरभ गुर्जर, डीटीओ सुनील सैनी,सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे तथा गांधीवादी विचारक व गणमान्य लोग की भागीदारी रही ।अंत में सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया।

# सरकारी स्कूल और मंदिर के सामने फैला कीचड़, बीमारी फैलने का अंदेशा

## शिक्षा के मंदिर के सामने फैली गंदगी, प्रशासन मोन

बढ़ता राजस्थान



**पावटा( नि.स. )।** पावटा उपखंड क्षेत्र के ग्राम माँजुकोट में सरकारी स्कूल और आस्था का केंद्र नृसिंह मंदिर के सामने आम रास्ते में जगह-जगह कीचड़ व गन्दा पानी भरा होने से आमजन व राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।स्थानीय निवासियों ने बताया कि माँजुकोट के मुख्य रास्ते में लम्बे समय से पानी की निकासी के लिए नालियों का निर्माण नहीं होने से घरों का सारा गन्दा पानी आम रास्ते में जगह-जगह फैल रहा है। गांव में कीचड़ होने के कारण गन्दगी से बीमारियां फैलने का अंदेशा है। गन्दगी का आलम होने के कारण कई तरह के रोग फैलने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीण लोकेश शर्मा, हेमंत, महेश शर्मा ने बताया कि आस्था का केन्द्र होने के कारण यहाँ पर रोज जयपुर दिल्ली कोटपूतली सीकर जिले सहित सैकड़ों लोग झाड़ा लगवाने आते हैं जिससे उनको भी परेशानी का सामना करना पड़ता है ।ग्रामीण बलवान वर्मा और रामअवतार जांगिड़ ने बताया कि विद्यार्थीयो सहित अनेक बाहरी लोगों का आवागमन रहता है जिससे बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# कोटपूतली पहुंचे कुश्ती कोच बनकर धर्मवीर पहलवान का किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( नि.स. )।** विगत दिसम्बर 2023 से जनवरी 2024 तक पंजाब के पटियाला स्थित स्पोर्ट्स एथोरिटी ऑफ इण्डिया (साई) द्वारा संचालित नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल अकादमी में विशेष छ: सप्ताह के पहलवानी कोच प्रशिक्षण सर्टिफिकेट कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण कर कुश्ती कोच बनकर कोटपूतली पहुंचे धर्मवीर पहलवान का मंगलवार को जोरदार स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि ग्राम अजीतपुरा निवासी धर्मवीर पहलवान पुत्र रोहिताश धानका कस्बा स्थित राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय के छात्र है। जो कि महाविधालय परिसर स्थित इन्डोर स्टेडियम में कुश्ती पहलवानी की तैयारी के साथ-साथ अन्य खिलाडियों को प्रशिक्षण भी देते है। धर्मवीर क्षेत्र के तेजी से उभरते हुए पहलवान है, उन्होंने विगत दिनों राजधानी नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित हुई नेशनल चैम्पियनशिप 2023-24 की कुश्ती प्रतियोगिता के मॉश रेसलिंग के 60 किलो भार वर्ग में सिल्वर मैडल भी प्राप्त किया था। धर्मवीर के कोटपूतली पहुंचने पर पूर्व पार्षद तारा पूतली के नेतृत्व में कस्बे के मुख्य मार्गो से स्वागत जुलूस निकालकर स्वागत किया गया। पूतली कट से लेकर राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय पहुंचने पर उनका स्वागत अभिनंदन हुआ। जहां महाविधालय के प्राचार्य प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने उन्हें बधाई दी। धर्मवीर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरू अन्तर्राष्ट्रीय कुश्ती कोच राजकुमार पहलवान को दिया। इस दौरान शिवम वेंकटेश, दिनेश स्वामी, बबलू चंदेला, सौरभ सुठवाल, दीपक गुर्जर, विक्की जाट, नवीन धानका, अशोक महाराज, राजवीर कसाना, कमल गुर्जर, फरदीन कुरैशी, देशराज आर्य, भूपसिंह पूतली, सचिन खेड़ा, मोहित खेड़ा, अमरसिंह आर्य, अरूण मीणा समेत अन्य मौजूद थे।

# बानसूर के चूला गांव में मिले टाइगर के पगमार्क : वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, थाना प्रभारी ने सतर्क रहने की अपील की

बढ़ता राजस्थान

**अलवर( का.स. )।** अलवर जिले के सरिस्का टाइगर रिजर्व बफर जोन का ढाई साल का बाघ-2303 अपनी टेरेटरी बनाने के लिए घूम रहा है। यह बाघ पिछले कई दिनों से जंगल से निकलकर हरियाणा और राजस्थान के आवासीय बॉर्डर इलाके से निकलकर बहरोड़ और बानसूर की तरफ आ गया है। मंगलावार सुबह बानसूर के ग्राम पंचायत चूला के गांव लाडपुर में ग्रामीणों को पगमार्क मिलने पर इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना पर बहराम का बास चौकी से विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पगमार्क लिए गए। हालांकि अभी तक विभाग ने टाइगर होने की पुष्टि नहीं की है। वनपाल मनोज नागा ने बताया कि सुबह ग्रामीणों से सूचना मिली कि खेतों में किसी जानवर के पगमार्क मिले है। सूचना पर विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पगमार्क लिए गए हैं। उन्होंने बताया की रेत में पगमार्क साफ नहीं दिखाई दे रहे है। अभी तक कोई पुष्टि नहीं है कि यह पगमार्क टाइगर के है या लेपर्ड के है। टीम लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। टाइगर की मूवमेंट बानसूर क्षेत्र में होने पर हरसौरा थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से अपील की है कि पिछले कई दिनों से टाइगर जंगल से निकलकर आबादी क्षेत्र में आ गया है। ग्रामीणों से अपील है कि आप अपने खेतोंमें जाते समय अकेले नहीं जाए और अपने बच्चो को अकेला नहीं छोड़े।

# ट्रोला और बस की आमने-सामने की टक्कर : कोहरे में अलवर-भरतपुर मार्ग पर हादसा, बस में सवार 25 सवारियां घायल

बढ़ता राजस्थान

**अलवर( का.स. )।**अलवर-भरतपुर मार्ग पर ट्रोला और रोडवेज बस की आमने-सामने की टक्कर हो गई। बस भरतपुर की तरफ से आ रही थी। टक्कर में करीब 25 से ज्यादा सवारी घायल हो गई, जिसमें से 10 सवारियों को गंभीर चोट लगी है। वहीं ट्रक ड्राइवर का पैर फ्रैक्चर हो गया। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती करवाया गया। बस में सुबह नौकरी पर जाने वाले कर्मचारी ज्यादा थे। हादसा बडौदोमव से आगे जालूकी पुलिस थाना क्षेत्र में हुआ। बस में सवार बुद्धालाल ने बताया कि वह जलालपुर से अलवर आ रहे थे। सुबह के समय कोहरा ज्यादा था। ट्रक ड्राइवर ने स्पीड ब्रेकर को बचाने के लिए रांग साइड लिया था। इस कारण बस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई।

## टक्कर के बाद मची चीख-पुकार

टक्कर के बाद चीख-पुकार मच गई। सवारियों को नीचे उतारा गया। टक्कर में बस में सवार 25 लोग घायल हो गए। 10 को गंभीर चोट आई है। एंबुलेंस से घायलों को बडौदामेव अस्पताल भेजा गया। कुछ सवारियों को अलवर रैफर किया गया। अब अलग-अलग अस्पतालों में घायलों का इलाज जारी है।

# शहीद दिवस पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अलवर ने मनाया कोरोना शहीद दिवस

## कोरोना वारियर्स डॉक्टर्स (शहीदों) की वीरांगनाओ को घर जाकर शौल उढ़ाकर, पुष्पगुच्छ देकर किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**अलवर( का.स. )।** मंगलवार को जहाँ पूरा भारत वर्ष शहीद दिवस मनाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दे रहे थे वही इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अलवर द्वारा आज अलवर के कोरोना वारियर्स डॉक्टर्स (शहीदों) की पत्नियों (वीरांगनाओ) को उनके घर जाकर शौल उढ़ाकर पुष्पगुच्छ देकर किया सम्मानित किया गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अलवर के अध्यक्ष डॉ. एस. सी. मित्तल ने 4 लाइन शहीदों को नमन करते हुए कहा कि 'मै भारतवर्ष का हरदम अमिट सम्मान करता हूँ , यहाँ की चाँदनी मिट्टी का ही गुणगान करता हूँ । मुझे चिंता नहीं है स्वर्ग जाकर मोक्ष पाने की , तिरंगा हो कफ़न मेरा बस यही अरमान रखता हूँ । इन्ही भावो को लेकर इस वर्ष से आई.एम.ए. अलवर ने कोरोना काल में अपनी सर्विसेज देते हुए जिन चिकित्सको ने अपनी जान दी है उन सभी डॉक्टर्स की पत्नियों (वीरांगनाओ) को उनके घर जाकर आज शौल उढ़ाकर पुष्पगुच्छ देकर किया सम्मानित किया गया ।

यह कार्यक्रम इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा स्टेट एवं नेशनल लेवल पर भी किया जा रहा है । आई.एम.ए. सचिव डॉ. विजय सिंह चौधरी ने बताया कि आज सुबह काला कुआँ स्थित स्व. डॉ. जी. के. माथुर जी (वरिष्ठ सर्जन ) की पत्नी श्रीमती उषा माथुर को डॉ.नन्दनी शर्मा , डॉ. कुमुद गुप्ता , डॉ. सुधीर गुप्ता ने तथा दिन में एन.ई.बी. स्थित स्व. डॉ.एस.के.गर्ग जी (वरिष्ठ चेस्ट एंड टी,बी. रोग विशेषज्ञ ) की पत्नी श्रीमती रेणु गर्ग को आई.एम.ए. अध्यक्ष डॉ.एस.सी.मित्तल, डॉ.महेश जैन, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. कुमुद गुप्ता, डॉ. पायल गुप्ता ने घर जाकर आज शौल उढ़ाकर पुष्पगुच्छ देकर किया सम्मानित किया वही कोरोना शहीद दिवस पर दोनों चिकित्सको के परिजनों को सम्बल प्रदान करते हुए पुण्य आत्माओ की शांति की प्रार्थना भी की ।

# पवाना अहीर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया याद

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( नि.स. )।** कोटपूतली के ग्राम पवाना अहीर मूलचंद प्रभूदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि शहीद दिवस पर उनकी प्रतिमा के आगे पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया।

गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन व रघुपति राघव राजा राम गाया गया। तथा इस दौरान दो मिनिट का मौन भी रखा गया ।प्राचार्य महेश चंद्र यादव ने कहा कि भारत को आजादी दिलाने में गांधी जी का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। 30 जनवरी को शहीद दिवस के अवसर पर भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री,रक्षा मंत्री और तीनों सेना प्रमुख राजघाट स्थित महात्मा गांधी की समाधि पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। सेना के जवान भी इस अवसर पर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि देने के लिए अपने हथियार झुकाते हैं। अत: हमें इनसे प्रेरणा लेकर सत्य अहिंसा को परमोधर्म मानते हुए राष्ट्र निर्माण में सहयोग करना चाहिए।

# रोजगार मेले में 120 युवाओं ने साक्षात्कार दिया

बढ़ता राजस्थान



**नारायणपुर ( नि.स. )।** कस्बे में बानसूर सड़क मार्ग पर स्थित गुरुकृपा निजी औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को संस्था निर्देशक कमलेश यादव के निर्देशन में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमे नारायणपुर, थानागाजी, बानसूर सहित आसपास के युवाओं ने भाग लिया। मेले में भिवाडी से राव कंसलटेंसी मैंन पॉवर कम्पनी के सानिध्य में चार कम्पनियों के अधिकारी पहुंचे। इस दौरान क्षेत्र के करीब 120 युवाओं ने बाहर से आई कंपनी के समक्ष अपने इंटरव्यू दिए। रोजगार के लिए आये युवाओं में मेले को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर कॉलेज के अनुदेशक संतोष शुक्ला ने कंपनी के नियम कानून की जानकारी दी व भविष्य विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर के बारे में बताया। इस मौके पर राकेश चौधरी, रामसिंह शुक्ला, रामसिंह शेर, रोहिताश सैनी, संजय बसवाल आदि कॉलेज स्टाफ मौजूद था।

## स्पर्श कुष्ठ जागरूकता रथ को सीएमएचओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# कुष्ठ की जांच व उपचार चिकित्सा केन्द्रों पर नि:शुल्क उपलब्ध : सीएमएचओ डॉ. खान

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाडा( नि.स. )।** कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में ''कलंक मिटाएं-गरिमा अपनाएं'' थीम के आधार पर 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान का संचालन किया जा रहा है। मंगलवार को जन मानस में कुष्ठ रोग के प्रति जनचेतना जागृत करने के लिए जागरूकता रथ को सीएमएचओ परिसर से रवाना किया गया। जागरूकता रथ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुस्ताक खान ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ शहर के प्रमुख मार्गो से होकर आमजन को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता करेंगा। इस दौरान जिला आरसीएच अधिकारी डॉ0 संजीव शर्मा, जिला लेखा अधिकारी केदारमल हेडा, एपिडिमियोलॉजिस्ट डॉ0 सुरेश चौधरी, चन्द्रदेव आर्य सहित कार्यालय के अन्य अनुभाग अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुस्ताक खान ने बताया कि कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता के लिए जिले में 30 जनवरी मंगलवार से जिले में 'स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान' का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जिले की 255 ग्राम सभाओं तक कुष्ठ रोग के बारे में फैली भ्रांतियों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए अनैकों गतिविधियों का संचालन कर आमजन को कुष्ठ रोग के लक्षण, पहचान और उपचार के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान ग्राम सभाओं में सरपंच द्वारा ग्राम सभा के सदस्यों से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव दूर करने के लिए सार्थक प्रयास करने के लिए अपील की गयी। उन्होंने बताया कि कुष्ठ होने पर बहु-औषधीय उपचार (एमडीटी) लेने, बरती जाने वाले सांवधानियों, जल्द जांच और समय से ईलाज के लिए स्वास्थ्यकर्मियों के माध्यम से फिल्ड में जाकर प्रेरित किया जा रहा है। कुष्ठ रोग आसानी से ठीक होने वाली बीमारी है। इस रोग का जांच व उपचार सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में नि:शुल्क उपलब्ध है। किसी व्यक्ति के शरीर के रंग से हल्का, सुन्न दाग-धब्बा हो, या चमडी पर तैलिया-तामियां चमक हो, हथेली व तलवों में झुनझुनाहट हो, तो उसे कुष्ठ रोग हो सकता है। ऐसे व्यक्ति को तुरन्त स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर चिकित्सक को दिखाना चाहिए। उपचार में विलम्ब होने पर शरीर में विकृति की संभावना रहती है। इसके लिए प्रारम्भिक अवस्था में रोग की पहचान एवं पूर्ण उपचार से रोगी ठीक हो जाता है एवं विकलांगता से बचा जा सकता है।

### तालेड़ा एसडीएम कार्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

# पालनहार योजना में कोई भी पात्र वंचित नहीं रहे : जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने मंगलवार को तालेडा के पंचायत समिति सभागार में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर संचालित योजनाओं तथा कार्यक्रमों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर ने विकसित आयुष्मान भारत कार्ड की प्रगति जानी और ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रेरित कर अधिकाधिक पंजीयन करवाएं जाए। कार्ड पंजीयन में लापरवाही बरतने के संबंध में उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित एएनएम के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावे। उन्होंने तालेडा ब्लॉक में उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। साथ ही डाबी एवं तालेडा में संस्थागत प्रसव की कम प्रगति को बढाने के निर्देश दिए।

उन्होंने सिविल निर्माण कार्यों के संबंध में निर्देश दिए कि जिन कार्यों के टेंडर जारी हो चुके है उनका कार्य शीघ्र शुरू करवाकर पूर्ण करवाएं। उन्होंने मनरेगा कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ के कार्यों के प्रस्ताव बनाकर उपखण्ड अधिकारी को अवगत कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर आंगनबाड़ी केन्द्रों की भूमि पर अतिक्रमण के प्रकरण है, ऐसे प्रकरणों को उपखण्ड अधिकारी के ध्यान में लाकर कार्यवाही करवाई जावे।

उन्होंने राजीविका के तहत आयोजित होने वाली विविध स्किल डेवलपमेंट गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिए कि पालनहार योजना में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा शिक्षा विभाग बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए पात्र बच्चों को योजना का अधिकाधिक लाभ दिलाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि शिक्षा के अधिकारी ऐसे वंचित बच्चों को चिन्हित करें, जिनको योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। यह सुनिश्चित करें कि उपखण्ड क्षेत्र में कोई भी पात्र योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि सामाजिक सुरक्षा योजना में पात्र लोगों को पेंशन मिले। इस संबंध में विकास अधिकारी संबंधित ग्राम पंचायतों के माध्यम से इसकी सुनिश्चितता कराएं। उन्होंने सीएम कन्यादान योजना की जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने सिलिकोसिस प्रकरणों की समीक्षा की और चिकित्सा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को निर्देश दिए कि खनन क्षेत्रों में बीमारी की रोकथाम तथा सुरक्षात्मक उपायों के साथ खनन कार्य करने के प्रबंध रहे। साथ ही राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के तहत पीड़ित व्यक्तियों को इलाज की सुविधा मिले। इस दौरान उन्होंने स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मनरेगा योजना के तहत संचालित कार्यों की समीक्षा भी की। उन्होंने निर्देश दिए कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग उनके माध्यम से संचालित परियोजनाओं एवं कार्यों को गति प्रदान कर निर्धारित समय पर पूरा करें।

# शहीद दिवस पर राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि

### रघुपति राघव राजा राम ...वैष्णव जन तो तेने कहिए, भजनों का हुआ गायन



बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** शहीद दिवस मंगलवार को जिलेभर में मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई। 2 मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। जिला स्तरीय समारोह गांधी उद्यान चंबल गार्डन में आयोजित किया गया। यहां उपमहापौर कोटा दक्षिण पवन मीणा, वरिष्ठ गांधीवादी विचारक नरेश विजयवर्गीय,संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह, जिला कलेक्टर डॉ रविंद्र गोस्वामी, अतिरिक्त कलेक्टर शहर बृजमोहन बैरवा एवं जिला प्रशासन के विभिन्न अधिकारियों कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता को पुष्पांजलि अर्पित की। गांधी उद्यान में संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर एवं अन्य सभी ने महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महात्मा गांधी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए.. रघुपति राघव राजा राम एवं अन्य भजनों की प्रस्तुति रमेश प्रजापति एवं साथियों द्वारा दी गई। कार्यक्रम में एडीएम सीलिंग दिवांशु शर्मा, नगर निगम आयुक्त अनुराग भार्गव, सरिता अतिरिक्त आयुक्त जवाहरलाल जैन, उपायुक्त महावीर सिंह, दयावती सैनी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन एनयूएलएम की हेमलता गांधी ने किया। कलेक्ट्रेट परिसर में अतिरिक्त कलेक्टर प्रशासन भगवत सिंह राठौड़ एवं एसीईएम सपना कुमारी की मौजूदगी में अधिकारियों कर्मचारियों ने मौन धारण किया।शहीद दिवस पर जिला, उपखंड एवं ब्लॉक स्तरीय विभिन्न कार्यालयों में मौन धारण कर शहीदों को नमन किया गया।

# पक्षी गणना में नज़र आए देश विदेशी प्रजाति के प्रवासी पक्षी

## वन्यजीव विभाग की और से 28 जनवरी से जारी गणना





बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** उम्मेदगंज पक्षी विहार कंजर्वेशन रिजर्व में वन्य जीव विभाग द्वारा मिड विंटर वाटर फोल पापुलेशन ऐस्टीमेशन 2024 के तहत पक्षी गणना करवाई गई। गणना में देश विदेश के अनेक प्रजाति के प्रवासी पक्षी नजर आए जिनमें कोमन पोचार्ड, क्रेस्टेड पोचर्ड, टफ्टेड , लिटिल गीब, गल, स्टार्क, प्रेटीनकोल, लिटिल रिंग फ्लॉवर, रफ, कॉमन टील, नार्थन सोवलर, ब्लू थ्रोट, जिंटिंग सिस्टिकोला, विस्किर्ड टर्न, रिवर टर्न, कॉमन कूट, गेडवेल, कॉटन पिग्मी गीज, सारस क्रेन, सहित अन्य कई प्रजाति के प्रवासी पक्षी नजर आए। हाडोती नेचुरल सोसायटी के रविंद्र सिंह तोमर के अनुसार इस वर्ष गत वर्ष की तुलना में प्रवासी पक्षी कम नजर आए है। गणना में विभाग की और से दुर्गेश कहार, मनोज शर्मा, बुधराम जाट, रंजू कुमारी, रेणु कुमारी, सत्यनारायण , मुन्नी कुमारी सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहें। बुधवार को प्रवासी पक्षियों का गणना कार्य अभेडा बायोलॉजिकल पार्क स्थित तालाब वेटलेंड पर किया जाएगा।

## सोते समय धारदार हथियार से सिर पर वार कर बुजुर्ग की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जिले के इटावा थाना इलाके में एक बुजुर्ग व्यक्ति की नृशंस हत्या का मामला सामने आया है। बुजुर्ग के सिर पर धारदार हथियार से कई वार किए गए, जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक इटावा सोजीलाल और इटावा थाना अधिकारी नंदकिशोर वर्मा भी मौके पर पहुंचे। वहीं फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस उपाधीक्षक सोजीलाल ने बताया कि इटावा बायपास पर 70 वर्षीय नंदकिशोर गुर्जर अपनी पत्नी गुड्डी बाई के साथ छोटी दुकान चलाते हैं। इस दुकान के पास ही घर बनाकर दोनों रहते भी थे। घटना के समय बुजुर्ग घर पर अकेला था और चारपाई पर सो रहा था। उसकी पत्नी अपने बेटों के पास इटावा गई हुई थी। इस दौरान अज्ञात आरोपी ने हमला कर नंदकिशोर की हत्या कर दी। घटना की जानकारी जानकारी मंगलवार सुबह मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को इटावा अस्पताल में रखवाया।

पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग को ठीक से दिखाई भी नहीं देता था। वहीं, मृतक के परिजनों का कहना है कि बुजुर्ग दंपती के तीन बेटे हैं। दोनों का खाना बेटों के यहां से ही आता था, लेकिन तिल चौथ होने के चलते गुड्डी बाई अपने बेटों के यहां पर चली गई थी। इसके बाद बुजुर्ग नंदकिशोर घर पर अकेले ही थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शिक्षिका रेहाना ने बोर्ड पर उकेरी गांधी जी की जीवनी बच्चों को दिया संदेश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** राजकीय उच्च विद्यालय बड़ोदिया में शहीद दिवस के उपलक्ष्य में गांधी जी को याद किया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य नवप्रभात दुबे ने देश के लिए उनके बलिदान और स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका सहित उनके द्वारा चलाए गए विभिन्न आंदोलनों पर विद्यार्थियों को जानकारी दी गई।

वरिष्ठ अध्यापक रेहाना चिश्ती ने ब्लैक बोर्ड पर गांधी जी का और उनकी समाधि स्थल का सुंदर पोस्टर बनाकर गांधी जी के अहिंसा के सिद्धांत पर प्रकाश डाला और उनके तीन बंदरों के द्वारा उन्होंने जो संदेश दुनिया को दिया उसके बारे में बच्चों को जानकारी प्रदान की।

## तनाव ने ली युवक की जान, फंदा लगाकर की आत्महत्या, चार दिन पहले पीहर गई थी पत्नी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** कैथूनी पोल थाना क्षेत्र में एक युवक ने सुसाइड कर लिया। युवक 4-5 महीने से मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। उसका इलाज चल रहा था। उसने घर में ही फांसी लगा ली। पता लगने पर परिजन उसे नीचे उतारकर एमबीएस हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। युवक संदीप सेन (33) अफीम गोदाम रेतवाली का रहने वाला था। सैलून चलाता था। बताया जा रहा है कि 12 साल पहले संदीप ने लव मैरिज की थी। शादी के 4 साल बाद विवाद के चलते उसकी पत्नी उसे छोड़कर दूसरे व्यक्ति के साथ रहने लग गई थी। संदीप ने कोर्ट में केस कर रखा। संदीप मानसिक तनाव में चल रहा था। अभी कुछ दिन पहले ही उसकी पत्नी वापस लौट कर आई थी। फिर चली गई। कैथूनीपोल थाना हेड कांस्टेबल रामेश्वर ने बताया कि संदीप ने लव मैरिज की थी। उसके 9 साल की बेटी व 5 साल का बेटा है। अपनी मां व बड़े भाई के साथ रहता था। बड़े भाई कुलदीप ने बताया कि संदीप 4-5 महीने से दिमागी तौर पर परेशान था। उसका इलाज चल रहा था। सोमवार शाम को संदीप ने अपने कमरे में पंखे से फंदा लगा लिया। संदीप की पत्नी 4-5 दिन पहले ही अपने पीहर गई थी। दोनों बच्चे संदीप के पास ही थे। भाई कुलदीप ने संदीप के मानसिक रोगी होने बात बताई है। शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है।

## बीसीएमओ लाडपुरा डॉ.सामर ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**कैथून( नि.स. )।** एनीमिया मुक्त राजस्थान को लेकर चलाए जा रहे शक्ति दिवस प्रोग्राम का मंगलवार को बीसीएमओ लाडपुरा ने आंगनबाड़ी केंद्रों को निरीक्षण किया । डॉ. सामर ने बताया कि शक्ति दिवस प्रत्येक मंगलवार को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों राजकीय विद्यालयऔर स्वास्थ्य केंद्रों हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर ,पीएचसी सीएचसी जनता क्लिनिको एव चिकित्सा संस्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शक्ति दिवस प्रोग्राम का मूल उद्देश्य अनीमिया की स्क्रिंगिंग, परीक्षण कर इलाज के दृष्टिकोण से प्रारंभिक अवस्था में एनीमिया की पहचान करना एवं एनीमिया की दर को कम करना ही शक्ति दिवस का मुख्य उद्देश्य हैं । डॉ. सामर ने बताया कि 9 माह से 59 माह तक के बच्चों को दवा पिलाई जाती है एवं 5 से 9 साल तक के बच्चों को गुलाबी गोली, 10 से 19 साल के किशोर किशोरियों को नीली गोली, गर्भवती, स्तनपान एवं प्रजनन आयु वाली वर्ग की महिलाओं को लाल गोली खिलाई जाती है। इस दिन मुख्य रूप से एनीमिया की स्क्रीनिंग हीमोग्लोबिन की जांच कर का उपचार किया जाता है तथा आयरन की टेबलेट वितरित की जाती है।

# लेपर्ड का मूवमेंट, इलाके में दहशत इटावा क्षेत्र में नजर आया लेपर्ड

बढ़ता राजस्थान



**कोटा( का.स. )।** जिले के इटावा थाना क्षेत्र के झाड़ोल गांव में लेपर्ड के मूवमेंट से इलाके में दहशत का माहौल है। दो दिन से इस गांव में एक लेपर्ड के होने सूचना पर फारेस्ट विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इसी के साथ गांव के खेत में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। फिलहाल फारेस्ट विभाग की टीम को लेपर्ड के पगमार्क नहीं मिले है। स्थानीय निवासी व पूर्व सरपंच अशोक मीणा में बताया कि गांव में दो दिन से लेपर्ड का मूवमेंट है। सोमवार दोपहर केदारलाल के खेत से लेपर्ड गुजरा था। खेत पर केदार का लड़का रखवाली कर रहा था। लेपर्ड को देखकर डर के मारे मचान पर जा बैठा। उसने मचान पर बैठे बैठे 20 से 30 फीट दूरी से वीडियो भी बनाया। कुछ दूरी के बाद आगे जाकर लेपर्ड रामकिशन मीणा के खेत से ओझल हो गया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने व लेपर्ड के मूवमेंट से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। इस इलाके से नहर निकल रही है।

लेपर्ड नहर की तरफ जाकर ओझल हो गया।टीम के अनुसार लेपर्ड की लोकेशन भैरू जी के चबूतरे के तरफ, झाड़ोल के खुरी की पुलिया के पास बताई जा रही है। फारेस्ट रेंजर संजय नागर ने बताया कि उन्हें वायरल वीडियो के जरिए लेपर्ड के गांव में मूवमेंट की जानकारी मिली थी। जिस पर फारेस्ट की टीम को मौके पर भेजा है।

टीम के सदस्यों ने ग्रामीणों से बातचीत की है। मौके पर लेपर्ड के पगमार्क नहीं मिले है। आसपास के इलाके में तलाश जारी है। पगमार्क मिलने पर अधिकारियों के निर्देश पर ट्रेंकुलाइज की प्रक्रिया की जाएगी।

# एमबीएस हॉस्पिटल में वरिष्ठ नर्सिंग ऑफिसर को 10 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** एंटी करप्शन ब्यूरो कोटा की टीम ने कोटा एमबीएस हॉस्पिटल में वरिष्ठ नर्सिंग ऑफिसर को 10 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा है। आरोपी मंसूर अली हॉस्पिटल में वर्कशॉप इंचार्ज है। मंसूर अली ने बिल पास करवाने की एवज में खुद के लिए, बाबू मनीष पाल व अकाउंट ऑफिसर रोहित दीक्षित के लिए ठेकेदार से रिश्वत मांगी थी। एसीबी की टीम ने एमबीएस हॉस्पिटल में 10 हजार लेते नर्सिंग ऑफिसर को रंगे हाथों पकड़ा। एमबीएस हॉस्पिटल में ट्रेप की कार्रवाई से हड़कंप मच गया। एडिशनल एसपी एंटी करप्शन ब्यूरो कोटा विजय स्वर्णकार ने बताया कि परिवादी ने कोटा एसीबी चौकी में शिकायत दी थी, जिसमें बताया था उसकी फर्म लंबे समय से हॉस्पिटल में सप्लाई व मेंटेनेंस का टेंडर लेती है।। एमबीएस हॉस्पिटल में वरिष्ठ नर्सिंग ऑफिसर मंसूर अली ने बिल पास करने के एवज में डिमांड की। खुद के लिए, बाबू मनीष पाल व अकाउंट ऑफिसर रोहित दीक्षित के लिए 15 हजार की रिश्वत मांगी। सोमवार को 5 हजार रुपए ले चुका था। बाकी के दस हजार लेकर मंगलवार को हॉस्पिटल बुलाया था। जिस पर टीम ने मंसूर अली को नर्सिंग अधीक्षक कार्यालय में 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप कोटा मेन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

## 21 बोर्ड सदस्य एवं 24 नए सदस्यों ने ली सेवा कार्यों की शपथ

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप कोटा मैन का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास से आयोजित किया गया। अध्यक्ष उत्सव बड़जात्या, सचिव कुलदीप जैन व कोषाध्यक्ष शोभित जैन सहित 21 सदस्य टीम को फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेश चाँदवाद ने पद व सेवा की शपथ ग्रहण करवाई।

उत्सव बड़जात्या ने अपने शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया और शिक्षा व जनसेवा के कार्यो के लिए वर्षभर कार्य करने की बात कही। इसके उपरान्त 24 नए मेंबर्स को रीजन अध्यक्ष अनुराग सेठी ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम में कुल 90 मेंबर्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम में सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष विमल नांता , डीवाईएसपी अंकित जैन,राष्ट्रीय अतिरिक्त महासचिव (फेडरेशन)जे के जैन, यातायात पुलिस उपनिरिक्षक राजेश ढाका सहित कई लोग उपस्थित रहे। विकास जैन अजमेरा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर ग्रुप मेंबर्स के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। बच्चो व कपल्स के लिए आकर्षक गेम्स भी रखे गए।

## प्रमोद भाया, राखी गौतम पर्यवेक्षक नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। राजस्थान महिला काँग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राखी गौतम एवं पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया को कांग्रेस पार्टी द्वारा राजस्थान लोकसभा चुनाव को लेकर अहम जिम्मेदारी सौंपते हुए लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बीकानेर, चूरू और गंगानगर का प्रभारी/पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। सम्बंधित क्षेत्र में जाकर वहां के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं तथा संभावित लोकसभा चुनाव प्रत्याशियों से मुलाकात कर जितने वाले प्रत्याशी का चयन करने को प्राथमिकता देने के लिए निर्देशित किया। गौतम ने आलाकमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव प्रभार क्षेत्र मे जाकर अपना कार्य करना प्रारंभ कर देंगी।

## सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलकर गांधी जी ने देश को आजादी दिलाई



बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शहर अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने मंगलवार को रामपुरा गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर गोष्ठी का आयोजन किया। साथ ही 2 मिनट का का मौन रखा। उसके बाद सर्वधर्म प्रार्थना कर रामधुन का गान किया। इस दौरान शहर कांग्रेस के नेता डॉ विजय सोनी, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष राखी गौतम,महापौर मंजू मेहरा,महापौर राजीव अग्रवाल,पीसीसी डॉ जफर मोहम्मद,उपमहापौर शोनू कुरैशी,उपमहापौर पवन मीणा,उपाध्यक्ष जगदीश ठाड़ा, सेवादल अध्यक्ष हंसराज गोस्वामी ,सतीश गोपालनी सहित कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पीएनबी बैंक से पैसे निकालने गई महिला का पर्स हुआ गायब

## बैंक के कमरे में एक महिला और पुरुष लेकर गए पर्स, शहर के कैमरे मिले बंद, कुछ महीने पहले लगे नगर पालिका के कैमरे नहीं कर रहे काम, पुलिस को नहीं मिल रहा सहयोग



पीली साड़ी और काले मफ्लर में संदिग्ध

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर के पीएनबी बैंक परिसर में पैसे निकालने गई एक महिला के स्लिप भरने के दौरान पर्स के गायब होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर बैंक के सीसीटीवी कैमरो में एक महिला और पुरुष उक्त पर्स को लेकर जाते देखे गए हैं। घटना के बाद पीड़ित महिला और उसके परिजनों द्वारा शहर के सीसीटीवी कैमरो में भी आरोपी महिला और पुरुष की तलाश की गई लेकिन शहर के अधिकांश कैमरे या तो बंद मिले या काम नहीं करते हुए देखे गए। उक्त मामले को लेकर पीड़ित महिला ने कोतवाली थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार बाड़ी शहर की बजरंग कॉलोनी निवासी महिला मधु शर्मा पत्नी पवन शर्मा ने बताया कि वह बैंक से अपने घर की जरूरत के लिए कुछ पैसे निकालने आई थी। उसने अपने पर्स को स्लिप काउंटर पर रख स्लिप भरने लगी। इस दौरान किसी ने उसका पर्स पार कर दिया। उसने इधर-उधर देखा लेकिन पर्स कहीं नहीं मिला। इस पर उसने अपने परिजनों को फोन पर बैंक बुलाया और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद बैंक मैनेजर से संपर्क किया गया और पूरे घटनाक्रम को बताते हुए बैंक के सीसीटीवी फुटेज देखे। जिसमे एक महिला और पुरुष उक्त पर्स को लेकर जाते हुए देखे गए हैं। पीड़ित महिला मधु शर्मा ने बताया कि उसके पर्स में करीब तीस हजार की कीमत के दो एंड्राइड मोबाइल और दो से तीन हजार रुपये नगदी के साथ कुछ जरूरी कागजात थे जो गायब है।

घटना के बाद आरोपी महिला पुरुष का पता लगाने के लिए शहर में अभी कुछ महीने पहले नगर पालिका द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की भी कोतवाली थाने में जाकर जांच की गई तो 57 कैमरा में से 37 कैमरे बंद मिले। कुछ कैमरो का लाइट कनेक्शन खराब बताया गया तो कुछ बाजार में लगी हुई त्रिपालों या अन्य किसी रूकावट के चलते काम नहीं कर रहे थे। ऐसे में शहर के सीसीटीवी कैमरो में आरोपी दंपति दिखाई नहीं दिये। लेकिन पीएनबी बैंक के कैमरे में कैद हुए है । घटना को लेकर कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शहीद दिवस पर किया गया राष्ट्रपिता गांधी जी को याद

## गांधी पार्क में हुआ उपखण्ड स्तरीय कार्यक्रम, कांग्रेस कार्यालय सहित स्कूलों में आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**बाड़ी ( नि.स. )।** महात्मा गांधी के बलिदान दिवस को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। 30 जनवरी 1948 को महात्मा गांधी को दिल्ली में नाथूराम गोडसे ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। ऐसे में सरकार द्वारा 30 जनवरी को शहीद दिवस घोषित करते हुए बापू को याद करने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। प्रदेश सरकार द्वारा भी इस मौके पर उपखंड स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं निजी और सरकारी स्कूलों में भी बापू को याद किया गया। कांग्रेस कार्यालय पर महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कांग्रेसियों ने बापू के बलिदान को याद करते हुए उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। महात्मा गांधी पार्क में आयोजित हुए उपखंड स्तरीय कार्यक्रम में एसडीएम यशवंत मीणा ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश की आजादी के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। गांधी द्वारा अंग्रेजों को इतना परेशान किया गया कि उन्हें भारत को आजाद करना पड़ा। गांधी ने न केवल देश की आजादी में बल्कि कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ऐसे अतुलनीय काम किये जिनकी संख्या बहुत अधिक है। ऐसे में आज शहीद दिवस पर सरकार ने जो भी कार्यक्रम आयोजित किए हैं उनकी मंशा यही है कि बच्चों में और हर उम्र के लोगों में महात्मा गांधी को जिंदा रखा जाए और लोग उनसे प्रेरणा ले सके। इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दाऊदयाल शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी, पालिका के अध्यक्ष होतम सिंह सहित पार्षद गण और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**कांग्रेस कार्यालय पर किया बापू को याद :** बाड़ी कांग्रेस कार्यालय पर भी महात्मा गांधी को याद किया गया। वरिष्ठ पार्षद राजकुमार भारद्वाज रोशनी शिवहरे सेवादल जिला सचिव और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सलीम कुरैशी के साथ कांग्रेस पदाधिकारी ने महात्मा गांधी को याद करते हुए उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

इस मौके पर कांग्रेस सेवादल की महिला जिला अध्यक्ष आरती शिवहरे, पूर्व नगर अध्यक्ष रामसेवक अजर, राजकुमार भारद्वाज, अनिल अरेला, अजय मीणा सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

**निजी और सरकारी स्कूलों में भी आयोजन :** गांधी की पुण्यतिथि पर भी स्कूलों में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जहां स्कूली बच्चों के साथ शिक्षकों ने गांधी को याद किया और उनको श्रद्धांजली देते हुए गांधी जी को प्रिय रामधुन की।

# नसबंदी शिविर में भारी अनियमिताएं ,नसबंदी ऑपरेशन के लिए आई महिलाएं परेशान

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( नि.स. )।** सामान्य चिकित्सालय में इन दिनों चल रहे नसबंदी शिविर में भारी अनियमिताएं देखने को मिल रही हैं जिसके चलते नसबंदी ऑपरेशन के लिए आई महिलाएं भी परेशान दिखाई दे रही हैं साथ ही टारगेट के आधार पर काम करने वाली आशा सहयोगिनी, स्टाफ नर्स आदि भी अस्पताल प्रशासन की शिकायत करते नजर आता है जिसका सबसे बड़ा कारण अस्पताल में बिना बताए बड़ी संख्या में नसबंदी के लिए महिलाओं को बुलाना और फिर बिना ऑपरेशन के वापस भेजना है।

जानकारी के मुताबिक नसबंदी शिविर के दौरान विभिन्न आशा सहयोगिनी तथा नर्सिंग स्टाफ को अलग-अलग टारगेट दिए जाते हैं जो इन शिविरों में ग्रामीण इलाकों से नसबंदी की इच्छुक महिलाओं को लेकर अस्पताल पहुंचती हैं लेकिन अस्पताल पहुंचने के बाद मात्र 30 महिलाओं का ऑपरेशन कर सभी को वापस भेज दिया जाता है जिससे आशा सहयोगिनियों के साथ अन्य नर्सिंग स्टाफ का कहना है कि यदि ऑपरेशन 30 ही किए जाने हैं तो इतनी बड़ी संख्या में टारगेट क्यों दिए जाते हैं।टारगेट पर काम करने वाले आशा सहयोगिनी विमला व अन्य कर्मियों ने बताया कि शिविर के दौरान उन्हें अधिक से अधिक नसबंदी करने वाली महिलाओं को लाने की बात कही जाती है और जब वे ग्रामीण इलाकों से बड़े पैमाने पर महिलाओं को अस्पताल लेकर पहुंचती है तो सुबह 9.00 बजे से उन्हें भूखा प्यासा कतार में खड़ा कर दिया जाता है जबकि सर्जन 2.00 बजे आते हैं उसके बाद भी अस्पताल प्रशासन के द्वारा मात्र 30 महिलाओं का ऑपरेशन करने की बात कहकर सभी को वापस भेज दिया जाता है जिससे आशा सहयोगिनियों के विहाफ पर आई महिलाएं झगड़ा करने पर उतारू हो जाती हैं और उनका समय खराब करने के साथ स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने तक का आरोप लगाती हैं।

# सामूहिक दुष्कर्म की शिकार नाबालिका छात्रा की मौत के बाद दुष्कर्म के मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

## सामूहिक दुष्कर्म के बाद से ही अवसाद में थी दुष्कर्म पीड़िता

बढ़ता राजस्थान



**टोंक ( का.स. ) ।** उनियारा उपखण्ड के सोप थानां क्षेत्र में बीते सप्ताह खेत पर जा रही नाबालिका छात्रा के साथ जबरन सामूहिक दुष्कर्म करने के मुख्य आरोपी को पुलिस ने कोटड़ी के जंगल से गिरफ्तार किया है। दुष्कर्म पीड़िता की बीती शाम को उपचार के दौरान सवाई माधोपुर अस्पताल में मौत हो गई थी। पुलिस उप अधीक्षक उनियारा रोहित मीणा ने बताया कि पीड़िता के मामा श्योजीराम मीणा ने 25 जनवरी को सोप थाने में अपनी नाबालिक भांजी के साथ खेत मे ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म का नामजद मामला दर्ज कराया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहे थे। आरोपियों में एक आरोपी गोलु पीड़िता का रिश्तेदार बताया जाता है। जो अभी फरार चल रहा है। बताया जाता है कि हादसे के सदमे से पीड़िता बाहर नही निकल पाई थी तथा उसका सवाई माधोपुर के राजकीय अस्पताल में उपचार चल रहा था। सोमवार को देर शाम पीड़िता की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। टोंक एसपी राजर्षि राज के निर्देश पर उनियारा डीएसपी रोहित मीणा के सुपरविजन में गठित टीमो ने जगह जगह दबिशें दी। मुखबिर की सूचना पर सोप थाना क्षेत्र के कोटड़ी जगंल में एक आरोपी के होने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने घेरा डालकर दुष्कर्म का मुख्य आरोपी भानु पुत्र बाबू लाल मीणा निवासी बसउ थानां कुंडेरा जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया है। डीएसपी रोहित मीणा ने बताया की मामले में फरार चल रहे दूसरे आरोपी की पुलिस तलाश में जुटी हुई है।

बताया जाता है कि गिरफ्तार मुख्य आरोपी भानु पुत्र बाबु लाल मीणा निवासी बसउ थानां कुंडेरा सवाई माधोपुर तथा गोलु मीणा दोनों दोस्त थे। आरोपी गोलु मीणा दुष्कर्म पीड़िता के चाचा के साले का लड़का था जिसका घर पर आना जाना था।

मुख्य आरोपी भी अक्सर गोलु के पास आता रहता था। घटना के दिन आरोपी भानु ने मौका देखकर खेत पर जाते समय अकेला देखकर जबरन दुष्कर्म किया। इस दौरन गोलु भी साथ था।

# अलीगढ़ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. ) ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अलीगढ़ में वार्षिक उत्सव में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर दुर्गा लाल सैनी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रहे। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राखी वर्मा ने की। समारोह में विशिष्ट अथिति फय्यजुद्दीन शेख उर्फ लाडला मियां रहे। वार्षिक उत्सव समारोह की शुरुआत कार्यक्रम के मुख्याथिति ने मां सरस्वती के सामने दिया जला कर व छात्राओं ने सरस्वती वंदना कर के की। जिसके पश्चात समारोह में मौजूद अथितियो का माला व सफा पहना कर स्वागत सम्मान किया गया।

**वार्षिक उत्सव में दिखी राजस्थानी संस्कृति की झलक :** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अलीगढ़ के वार्षिक उत्सव समारोह में विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी जिसमे राजस्थानी लोक गीतों पर नृत्य प्रमुख रहा , आदिवासी गीतों पर भी प्रस्तुति दी छोटे छोटे बच्चो के द्वारा भी मनमोहक प्रस्तुतियां दी ।

**प्रतिभाओं व भामाशाहओ का किया सम्मान :** राजकीय विद्यालय के वार्षिक उत्सव में सत्र 2022-23 के प्रतिभाओं को प्रमाण पत्र व भामाशाह को प्रशसनीय चिन्ह देकर सम्मान किया इस अवसर पर दुर्गा लाल सैनी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि,फेयाजुद्दीन शेख एसडीएमसी सदस्य,इमरान खान एसडीएमसी सदस्य,अशोक सैनी वार्ड पंच,रामबाबू शर्मा, आदि गणमान्य अभिभावक व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जैतारण उपखंड अधिकारी विश्नोई ने किया सिटी राउंड

## तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण कर राजस्व प्रकरणो के निराकरण मे तेजी लाने के दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**निमाज ( नि.स. )।** उपखंड मुख्यालय पर मंगलवार को जैतारण उपखंड अधिकारी श्याम सुंदर विश्नोई ने सिटी का राउंड किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति मे मनाये गये शहीद दिवस मे भाग लिया। इस दौरान मुख्य बस स्टैंड पर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की मूर्ति पर माला अर्पित करने के बाद 2 मिनट का मौन रखा गया। साथ ही विश्नोई ने तहसील कार्यालय जैतारण का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में लोक सेवा केन्द्र की सेवाएं, तहसीलदार न्यायालय के राजस्व के प्रकरण, कानूनगो शाखा की जांच कर उपखंड अधिकारी ने तहसीलदार को राजस्व के प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने की बात कही। सभी कार्मिकों को सुबह 9.30 बजे कार्यालय में नियमित रूप से उपस्थित होने व कार्यालय में मूवमेंट रजिस्टर संधारण करने के निर्देश दिए। साथ ही बिजली घर चौराहे से लेकर नगर पालिका तक शहर की मुख्य सड़क का निर्माण जल्द ही चालू करने के लिए दिए निर्देश।

# शहीद दिवस पर जिला कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** भारत को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराने में गांधी जी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने भारत की आजादी, विकास और समृद्धि के लिए अपना जीवन तक बलिदान कर दिया। गांधी जी के इस बलिदान की याद में और उन्हें सम्मान देने के लिए हर साल 30 जनवरी का दिन शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिला स्तर पर जिला कलेक्ट्रेट परिसर में इसी उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर नमित मेहता, जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर वंदना खोरवाल, सीईओ जिला परिषद मोहनलाल खटनावलिया ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा श्रद्धासुमन अर्पित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा उन सभी शहीदों को याद किया जिन्होंने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों ने रामधुनी व गाँधीजी के प्रिय भजनो की सुना। जिला कलक्टर ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर उद्यान में स्थापित दांडी यात्रा प्रतिकृति पर भी पुष्प अर्पित किए।

# गृह क्लेश से तंग आकर महिला ने किया विषाक्त का सेवन, तंबियत बिगड़ने पर अस्पताल में कराया भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( नि.स. )।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के गुमट बाबडी मोहल्ले में सोमवार की देर शाम एक महिला ने गृह क्लेश के चलते विषाक्त का सेवन कर लिया। जब महिला की तबियत बिगड़ी को परिजन उसे अस्पताल लेकर आये। यहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार गुमट बाबडी क्षेत्र निवासी 28 वर्षीय महिला पूनम पत्नी भागीरथ कोली ने गृह क्लेश और झगड़े से तंग आकर घर में रखें किसी विषाक्त का सेवन कर लिया।जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। घटना के बाद जब महिला की हालत बिगड़ी तो परिजन उसे अस्पताल लेकर आए। जहां मौके पर मौजूद चिकित्सक डॉ रूपेंद्र शर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है।

# वार्षिक उत्सव एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( नि.स. )।** उपखंड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मत्सुरा बाड़ी में राजस्थान सरकार के आदेश अनुसार वार्षिक उत्सव एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की अर्चना एवं वंदना के साथ की गई ।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व छात्र रामदुलार गोस्वामी, वरिष्ठ अध्यापक दिनेश शर्मा, अध्यापक नीरज शर्मा व्याख्याता एवं मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच किसन सिंह, गुर्जर एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह के द्वारा की गई । विद्यालय की छात्रों के द्वारा स्वागत गान के माध्यम से सभी अतिथि एव आगंतुकों का स्वागत किया गया।

छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जिनमे देश भक्ति गीत, भक्ति गीत मेरे घर प्रभु राम आये है ,लघु नाटिका, ओर नृत्य छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गए जिनका उपस्थित छात्रों एवं ग्रामवासियो द्वारा आनंद लिया गया और छात्रो का उत्सवर्धन किया गया ।

विद्यालय के पूर्व छात्र एव भामाशाहों द्वारा विद्यालय विकास के लिए सहयोग राशि विद्यालय को सुपुर्द की प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय की वार्षिक कार्ययोजना प्रस्तुत की ।विद्यालय के प्रतिभावान एव नियमित छात्रों को पुरष्कृत किया गया कार्यक्रम का संचालन दिलीप मंगल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ शिव सिंह मीणा रामनिवास मीणा अनवर खान गंगाराम गॉड रामविलास गिरी दिनेश प्रजापति दिलीप मंगल परशुराम शर्मा गीता जाटव रघुवीर सिंह सर्वेश शाक्य बंटी शर्मा विनोद गुर्जर रामकरण गुर्जर एव समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

# राष्ट्रपिता गांधी की पुण्यतिथि पर मनाया शहीद दिवस




बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर बसेड़ी में शहीद दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें कस्बे के गांधी तिराहा स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष एसडीएम रामसिंह राजावत द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई व दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर एसडीएम राजावत ने महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलते हुए जनहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि सभी लोग देशहित में कार्य कर देश को आगे बढ़ाए। इस दौरान चैयरमेन प्रतिनिधि रामदीन कुशवाह, प्रशासनिक अधिकारी ऋतुराज शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। इसके बाद कस्बा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में संवेदनशील सुशासन पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें एसडीएम ने सभी को शपथ दिलाई तथा कहा कि हम जिम्मेदार लोकसेवक होने के नाते, सरकार द्वारा निर्धारित समय पर अपने कार्यालय पर उपस्थित होंगे। अपने कार्यालय को स्वच्छ बनायेंगे। जनता के कार्यों का निर्धारित समय अवधि में निस्तारण करेंगे। आमजन को गुणवत्तापूर्ण राजकीय सेवाएं उपलब्ध करवायेंगे।

जनप्रतिनिधियों, आमजन के प्रति सम्मानजनक व्यवहार रखेंगे। मीडिया के साथ विनम्र रहेंगे। हम एक टीम भावना के रूप में कार्य करते हुए, हमारे कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे और सरकार की मंशानुरूप अनुशासित संवेनशील, सुशासन स्थापित करेंगे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर विद्यालय में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय कपासन में मंगलवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका कपासन पार्षद लोकेश राव,रतन पुर्बिया,पुष्पा त्रिपाठी,लीला भील, सुमन रेगर,बेबी रावत,पिंकी वर्मा,विमला कुमावत सहित स्थानीय वार्डवासी उपस्थित रहे।इस मौके पर विद्यालयी बालक-बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। प्रधानाध्यापिका निर्मला शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा सत्र 2023-24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर शिक्षक राजकुमार मीना,शंकरलाल वर्मा,शिक्षिका दीपा कुमारी शर्मा,सरोज जांगिड़,अनुश्री,मीरा रावत, साक्षी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## श्री विश्वकर्मा मंदिर परिसर में जांगिड़ समाज की मीटिंग का आयोजन हुआ

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** कस्बे के बिचून रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर परिसर मे मंगलवार को ओम दत्त (लोको ड्राईवर) की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें आगामी 22 फरवरी को भगवान श्री विश्वकर्मा जी की जयंती महोत्सव को लेकर सम्पूर्ण कार्यक्रम की रुप रेखा तैयार की गई । इस अवसर पर मीटिंग में कस्बे के आस पास के सभी गांव के जांगिड़ समाज के सदस्यो उपस्थित रहे।

## विघुत बिल समस्या समाधान शिविर बुधवार को

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला मै विघुत विभाग सहायक अभियंता कार्यालय चौमहला में बुधवार को विघुत बिल समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जयपुर वितरण निगम के सहायक अभियंता ने बताया कि गुरुवार 31 जनवरी को शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक सहायक अभियंता कार्यालय पर आयोजित होगा जिसमे पुराने कटे बिजली कनेक्शन के बिजली के बिल समन्धित , वीसीआर से सम्बंधित व पुराने बकाया समन्धित बिलो की समस्या का समाधान किया जावेगा।

## कांग्रेसजनों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि मनाई



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** निम्बाहेड़ा में यहां कांग्रेसजनों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मंगलवार को सुबह 11 बजे कांग्रेसजनों की उपस्थिति में स्थानीय ज़िला अस्पताल परिसर में स्थित महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन करते हुए महात्मा गांधी का स्मरण किया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी के आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया और उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया एवं महात्मा गांधी अमर रहे के गगन भेदी नारे लगाए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा, क्रय विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान गोपाललाल आंजना, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बंशीलाल राइवाल,जिला फुटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष एवं पालिका पार्षद मनोज पारख, जिला पेंशनर समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रबोध शर्मा, जिला क्रीड़ा परिषद के पूर्व सदस्य मुकेश पारख, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना,नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष दिग्वेंद्र प्रताप सिंह, विधानसभा एनएसयूआई के अध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़, खाद्य व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अशीष अग्रवाल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष साजन सोनी, पालिका पार्षद शमशू कमर, रोमी पोरवाल, राजेश सांड, नितेश लोट, राधाकिशन गवारिया, पूर्व पालिका पार्षद शोभाराम जाट, बिहारीलाल सोलंकी, शांतिलाल लाडना एवं यू.एस. शर्मा, मोहम्मद अली भाई, बाबू खान मेव, प्रदीप मदानिया, कैलाश दुबे, शरीफुद्दीन मंसूरी, इम्तियाज अहमद, गुलशेर खान, ब्रह्मलाल उपाध्याय, और कार्यालय सहायक जाकिर हुसैन तथा कार्यक्रम का संचालन महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला सह संयोजक महेश धूत ने किया।

# विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सड़क सुरक्षा पर जन चेतना कार्यशाला व नुक्कड़ नाटक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

### 'आपकी धड़कन मोबाइल कॉल से महंगी है', 'हाय रे मोबाइल ने ले ली जान' नुक्कड़ नाटक के मंचन से दिया

बढ़ता राजस्थान

**बून्दी ( नि.स. )।** जिले भर में सड़क दुर्घटनाओं के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से इन दिनों जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर व्यापक जन चेतना गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति लापरवाही से वाहन चलाते समय मोबाइल, ब्लूटूथ ईयर फोन के प्रयोग के युवाओं में बढ़ते प्रचलन के प्रति जागृति हेतु मंगलवार को भारत स्काउट गाइड के सहयोग से रोवर स्काउट्स द्वारा बहादुर सिंह सर्किल पर वाहन चलाते समय मोबाइल दुर्घटनाओं का जीवंत प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राधिकरण सचिव सुमन गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर जन चेतना कार्यशाला का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक मंचन के अवसर पर मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुमन गुप्ता ने आभासी घटना स्थल पर पहुंचकर युवाओं को गाड़ी चलाते हुए मोबाइल कॉल के साथ ब्लूटूथ या एअर फोन के प्रयोग से हुई जानलेवा सड़क दुर्घटना से आमजन को सीख लेकर सड़क सुरक्षा नियमों का पूर्ण पालन करने हेतु जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आज बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं के प्रति स्वयं सजग होकर दूसरों को जागरूक करना हमारा सामूहिक दायित्व है। उन्होंने अपील की कि घटनाओं के समय आम व्यक्ति मानवता का परिचय देकर मददगार बने व पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल पहचाने सहित आवश्यक सहयोगी भूमिका निभाएं। दुर्घटनाओं के जीवंत चित्रण में युवा रोवरमेट आतिश वर्मा के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में एक युवक कानों में ईयर फोन लगाकर गाने सुनते हुए दुपहिया वाहन चलाता है तथा पीछे से आते वाहन के हॉर्न की आवाज सुन नहीं पाता फलस्वरूप दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क पर तड़प तड़प कर अपनी जान दे देता है। यूनिट लीडर सर्वेश तिवारी के निर्देशन में स्काउट कृष्ण मोहन गोयल व जय तीर्थानी टीम द्वारा दुर्घटना का प्रदर्शन किया गया इस अचानक हुए घटनाक्रम ने सबको चिंतित कर दिया । नाटक के सजीव मंचन में सड़क पर अचानक घटित एक्सीडेंट से राहगीरों की भीड़ जमा हो गयी सब हतप्रभ होकर सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता प्रकट करने लगे। कार्यक्रम संयोजक सर्वेश तिवारी ने बताया कि सेवा प्राधिकरण द्वारा किए गए इस जनचेतना प्रदर्शन कार्यक्रम ने लोगो के मानस पटल को चिंतन हेतु मजबूर कर दिया। घटना को देखकर लोगों ने एक दूसरे को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु नसीहत भी दी। स्काउट गाइड स्थानीय संघ सचिव देवी सिंह सेनानी ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर स्काउट गाइड विभाग के पदाधिकारियों व संभागियो ने शिरकत की।




## कोटा में जुटेंगे देशभर के बुनकर दिखेगा विभिन्न प्रदेशों का हस्तशिल्प

### दशहरा मैदान में 3 से 8 फरवरी तक होगा आत्मनिर्भर भारत उत्सव प्रदर्शनी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** कोटा के दशहरा मैदान में देश भर के बुनकर जुटेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों से केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय की ओर से 3 से 8 फरवरी तक आत्मनिर्भर भारत उत्सव प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में आने वाले हस्तशिल्प में भारत के विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति, कला और परम्पराओं की झलक देखने को मिलेगी। विकसित भारत के संकल्प के तहत देश के बुनकरों के सशक्तिकरण तथा भारत के परम्परागत हस्तशिल्प के वैभव को पुनर्जागृत करने के उद्देश्य से केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय द्वारा कोटा में आत्मनिर्भर भारत उत्सव प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन लोक सभा अध्यक्ष बिरला और केंद्रीय वस्त्र राज्य मंत्री दर्शना जरदोश करेंगे।

इस प्रदर्शनी में 150 से अधिक दुकानें रहेंगी जिसमें विभिन्न प्रदेशों से आए बुनकर अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। एक ही स्थान पर पैठनी, कोटपाड़, कोटा डोरिया, टँगाइल, पोचमपल्ली, कांचीपुरम, थिरुबुवनम, जामदानी, शांतिपुरी, चंदेरी, माहेश्वरी, पटोला, मोइरंगफी, बनारसी ब्रोकेड, तनचोई, भागलपुरी सिल्क, बावन बूटी, पश्मीना साड़ियां खरीदने का मौका मिलेगा।

## अधिशाषी अभियंता शर्मा के सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** जल ग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग निम्बाहेड़ा के अधिशाषी अभियंता अरविंद शर्मा के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। निम्बाहेड़ा पीडब्ल्यूडी ठेकेदार एसोसिएशन द्वारा जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग निम्बाहेड़ा के अधिशाषी अभियंता अरविंद शर्मा के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत समिति निम्बाहेड़ा के प्रधान बगदीराम धाकड़ थे, वहीं अध्यक्षता विशाल कुमार छिपा विकास अधिकारी पंचायत समिति निंबाहेड़ा ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि बलवंत कुमार सुथार पवन कुमार सेठिया अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी निम्बाहेड़ा, अनिल जैन सहायक अभियन्ता इत्यादि मंचासीन थे। ठेकेदार एसोसिएशन निम्बाहेड़ा के अध्यक्ष रत्नेश कुमार छाजेड़ ने अरविंद शर्मा को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ सभी अतिथियों का स्वागत उद्बोधन दिया। प्रधान बगदीराम धाकड़ ने अपने उद्बोधन में शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति के पश्चात अपना जीवन समाज सेवा के कार्य में एवं परिवार के साथ हंसी खुशी से बिता कर अपना जीवन व्यतीत करें। पवन सेठिया अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग खंड निम्बाहेडा ने अपने सम्बोधन में कहा कि अरविंद शर्मा के अल्पकालिक कार्यकाल में विभाग के सभी कार्यों में गति प्रदान करते हुए निष्पक्ष रूप से विभागीय कार्य करने में अपनी पूर्ण जिम्मेदारी निभाई है। पंचायत समिति निम्बाहेडा के विकास अधिकारी विशाल कुमार सिपा ने अरविंद शर्मा के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं सहित बधाई दी। इस अवसर पर लेखाधिकारी इब्राहिम कुरेशी, सहायक अभियन्ता दशरथ धाकड़, सहायक विकास अधिकारी देवीलाल दशोरा, अविनाश कराजगीर संवेदक भरत आंजना, रत्नेश कुमार छाजेड़, शांतिलाल मेनारिया, सागरमल धाकड़, गणेश धाकड़, ओम प्रकाश सालवी, आशीष कुमार जैन, दिनेश कुमार खटीक, पारसमल गर्ग, राजेश कुमार धाकड़, बृजेश धाकड़, मुकेश कुमार शर्मा, गंगाराम रेगर तथा जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग निम्बाहेडा के अधिकारी, कर्मचारी, पंचायत समिति निम्बाहेडा के अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेकेदार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सागरमल धाकड़ ने किया एवं दशरथ धाकड़ ने आभार प्रकट किया।

## राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनियों के साथ एमओयू जिनसे विद्यार्थियों को शत प्रतिशत रोजगार के अवसर प्रदान होंगे : प्रो. भारत शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय रानपुर कोटा के होटल मैनेजमेन्ट विभाग के विद्यार्थियों को होटल कन्ट्री इन्न एण्ड सुईट कोटा का शैक्षिक भ्रमण करवाया गया। जिसमें होटल के फूड एवं ब्रेवरेज विभाग के हेड रजनीश कुमार ने विद्यार्थियों को होटल के प्रमुख विभागों से अवगत करवाया। साथ ही होटल द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारें में भी जानकारी दी। इसी के साथ वर्तमान में हॉस्पेटिलिटी क्षेत्र में राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार की अपार संभावनाओं से भी अवगत करवाया। होटल में विद्यार्थियों को गेस्ट चेक-इन, चेक-आउट, रिजर्वेशन सिस्टम, रूम सर्विस के साथ-साथ होटल सॉफ्टवेयर की भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने होटल में डिजिटल फूड मेन्यू तकनीक के साथ-साथ ''डिजिटल रूम की'' बनाना भी सीखा। विश्वविद्यालय में होटल मैनेजमेन्ट विभागाध्यक्ष प्रोफेसर भारत शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय का हॉस्पेटिलिटी क्षेत्र में कई राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनियों के साथ एमओयू हो चुका है, जिनमें विद्यार्थियों को शत प्रतिशत रोजगार के अवसर प्रदान होंगे। उन्होने आगे बताया कि विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ नियमित कक्षाऐं एवं प्रेक्टिकल भी संचालित किए जाते है। प्रोफेसर शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय में होटल मैनेजमेन्ट कोर्स में कोटा संभाग के अलावा शेखावाटी संभाग के सीकर व झुन्झुनु के विद्यार्थी भी अध्ययरत है।

विद्यार्थियों ने इस शैक्षिक भ्रमण के बारे में अपना सकारात्मक रूझान व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय की सभी सुविधाओं, कोर्सेज की प्रशंसा की।

## उत्कृष्ट कार्य करने पर उप मुख्यमंत्री ने गुढाबैरसल के कर्मचारियो को सम्मानित किया



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** कस्बे के समीपस्थित ग्रामगुढाबैरसल मे कार्यरत चार कर्मचारियो को उत्कृष्ट कार्य करने पर दूदू जिला मुख्यालय पर आयोजित गणतंत्र दिवस पर राज्य की उपमुख्य मंत्री दियाकुमारी ने सम्मानित किया। गुढाबैरसल की महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य बालकिशन शर्मा, पशुधन सहायक गौरीशंकर यादव, पंम्प चालक दुलेद्र सिंह और हेड पंप मिस्त्री रामगोपाल जाट को दूदू जिले में आयोजित गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर दूदू जिला जिला कलेक्टर व उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा सहित अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थितथे ।ग्रामके चारो कर्मचारीयो को प्रशासन द्वारा सम्मानित करने पर भारतीय जनता पार्टी दूदू मण्डल उपाध्यक्ष उमाशंकर कुमावत ने सम्मानित हुए कर्मचारीयो को बधाई प्रेषित करते हुए प्रशासन का आभार व्यक्त किया ।

## सेवा निवृत आईएएस सैनी का माली समाज ने किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** कस्बे के श्रीरामनगर स्थित माली सैनी समाज भवन में वरिष्ठ आईएएस ओ पी सैनी के फुलेरा आगमन पर समाज द्वारा भव्य स्वागत किया। माली समाज संस्था की आवश्यक बैठक संस्था अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। माली समाज द्वारा सैनी का माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया गया। इसी क्रम में सेवा निवृत वरिष्ठ आईएएस ओ पी सैनी ने फुलेरा में माली सैनी समाज फुलेरा के प्रबुद्धजन नागरिकों से राजनीतिक सामाजिक विचार विमर्श कर चर्चा की। इस मौके पर महंत सत्य नारायण महाराज, माली सैनी समाज अध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी, सुरेश सैनी मार्बल, शिवचरण सैनी, लेखराज, शेषनारायण सैनी, श्यामलाल, पार्षद पूजा भाटी, आशा सैनी, पार्वती सैनी सहित सैंकड़ों की तादाद में माली सैनी समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहें। गौरतलब है की आगामी कुछ समय उपरांत लोकसभा चुनाव होने वाले है और सेवा निवृत वरिष्ठ आईएएस ओ पी सैनी जयपुर ग्रामीण से अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं।

## राजकीय विद्यालय कल्याणपुरा में वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन( नि.स. )।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुरा में वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमे भामाशाहों का सम्मान करने सहित विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी।उक्त कार्यक्रम में अतिथि संस्था प्रधान दयाचंद,पीईईओ मुंगना चंदनबाला पारीख, सरपंच मुंगाना प्रेम अहीर,राजेंद्र व्यास,मालती चाष्टा,दुर्गा जोशी, सत्वीर, सत्यनारायण शर्मा,अशोक मंडोवरा आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे। अध्यापक रामनारायण विश्नोई ने बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम में विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी।साथ ही भामाशाहों एवं पूर्व विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन रिचा सिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर रेखा मंडोवरा, बबली चौधरी, भवानीशंकर सेन, महिपाल चौधरी, विष्णु गाडरी आदि उपस्थित रहे।

## नपा कपासन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस रूप में मनाया




बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** स्थानीय नगर पालिका के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मंगलवार को शहीद दिवस के रूप में मनाई गयी।

अधिशाषी अधिकारी भानुप्रताप सिंह ने बताया कि नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी, पार्षद लोकेश राव,राजीव सोनी,शंभुलाल बागड़ा, पूर्व नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर,मनीष बारेगामा सहित नगर पालिका कार्मिकों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं द्वारा महात्मा गांधी के जीवन पर विचार प्रकट कर इनके बताए मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया गया।

इस मौके पर अर्जुनदास के दल द्वारा महात्मा गांधी के भजनों की प्रस्तुति दी गयी। इस कार्यक्रम का संचालन ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन के अध्यक्ष एवं पूर्व नपा पार्षद नंदकिशोर टेलर द्वारा किया। इस अवसर पर पालिका कनिष्ठ सहायक नंदलाल मेनारिया,प्रकाश शर्मा,स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी कोदली,सचिन सोनवाल,जमादार मुकेश कोदली, सत्यनारायण बेनीवाल आदि पालिका कार्मिकों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर इनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प व्यक्त किया गया।

# शमार जोसेफ आईएलटी 20 से बाहर : इंजरी का इलाज कराने वेस्टइंडीज जाएंगे; स्टार्क की यॉर्कर से हुए थे चोटिल



**नई दिल्ली**

वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ यूएई में आईएलटी20 नहीं खेल पाएंगे। ब्रिसबेन टेस्ट में उनके पैर पर लगी चोट बेहद गंभीर है, जिसका इलाज कराने के लिए वह वेस्टइंडीज जाएंगे। इस कारण वह दुबई कैपिटल्स से फ्रेंचाइजी क्रिकेट नहीं खेल सकेंगे। शमार ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट की दूसरी पारी में 7 विकेट लिए थे। उनके प्रदर्शन के दम पर टीम ने ऑस्ट्रेलिया को उन्हीं के घर में 27 साल बाद टेस्ट मैच हराया।

### लिमिटेड ओवर्स स्कॉड का हिस्सा नहीं थे शमार

शमार ऑस्ट्रेलिया दौरे पर केवल टेस्ट खेलने गए थे। टेस्ट सीरीज खत्म होते ही उन्हें आईएलटी20 की दुबई टीम से खेलना था। लेकिन अब वह लीग नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उनके पैर का इलाज होना बाकी है। लीग यूएई में जनवरी से चल रही है, टूर्नामेंट का फाइनल 19 फरवरी को होगा।

### इलाज के बाद पाकिस्तान जाएंगे

शमार मंगलवार को ही वेस्टइंडीज के लिए रवाना हो जाएंगे। वहां वह अपने पैर का इलाज करवाएंगे और फिर पाकिस्तान चले जाएंगे। यहां वह पाकिस्तान सुपर लीग में हिस्सा लेंगे। उन्हें पेशावर जाल्मी ने इंग्लिश पेसर गस एटिंकसन की जगह शामिल किया था। एटकिंसन फिलहाल भारत में इंग्लैंड टेस्ट टीम के साथ हैं। पीएसएल 17 फरवरी से शुरू होगा।

### शमार ने ऑस्ट्रेलिया में 13 विकेट लिए

शमार जोसेफ को 15 दिन पहले तक बहुत कम लोग जानते थे। लेकिन 17 जनवरी को उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए टेस्ट डेब्यू किया और पहले ही विकेट के रूप में स्टीव स्मिथ को पवेलियन भेज दिया। उन्होंने पारी में 5 विकेट लिए और क्रिकेट फैंस ने जाना कि कोई शमार जोसेफ हैं। लेकिन शमार पहले टेस्ट के बाद कहां रुकने वाले थे। दूसरे टेस्ट में बैटिंग करते हुए उन्हें कंगारू पेसर मिचेल स्टार्क ने यॉर्कर फेंकी, जो सीधे उनके पैर पर लगी। वह रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे और वहां से सीधे हॉस्पिटल चले गए। डॉक्टर्स ने कह दिया कि शमार अब दूसरे टेस्ट में बॉलिंग नहीं कर सकेंगे। इसके बावजूद शमार ग्राउंड पहुंचे और मैदान में बॉलिंग करने के लिए भी उतर गए। 216 के टारगेट में ऑस्ट्रेलिया ने 2 विकेट पर 113 रन बना लिए थे।

शमार जोसेफ ने 7 ओवर में 6 विकेट लिए और स्कोर 8 विकेट के नुकसान पर 175 रन कर दिया। उन्होंने जोश हेजलवुड को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया को 10वां झटका भी दिया और वेस्टइंडीज को 8 रन से रोमांचक टेस्ट जिता दिया। वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को 21 साल बाद कोई टेस्ट हराया। टीम को 27 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में जीत मिली और टीम ने 36 साल बाद गाबा के मैदान पर कंगारुओं के खिलाफ टेस्ट में जीत दर्ज की।

मैच खत्म होने के बाद शमार जोसेफ ने कहा, मैं वेस्टइंडीज से टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए हमेशा ही तैयार हूं। भविष्य में मेरे पास भी टी-20 या टेस्ट में किसी एक को चुनने का फैसला रहेगा। तब मैं टेस्ट को ही चुनूंगा। भले ही मुझे बहुत ज्यादा ही पैसा क्यों न मिले।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज 1-1 से ड्रॉ कराने के बाद वेस्टइंडीज अब वनडे और टी-20 सीरीज खेलेगी। 3 वनडे की सीरीज का पहला मुकाबला 2 फरवरी से मेलबर्न में खेला जाएगा। फिर 9 फरवरी से टी-20 सीरीज भी शुरू होगा। वनडे में शाई होप और टी-20 में रोवमन पॉवेल वेस्टइंडीज की कप्तानी करेंगे।

# श्रीलंका टेस्ट के लिए अफगानिस्तान में 4 अनकैप्ड को मौका

## राशिद खान इंजरी के कारण बाहर; 16 प्लेयर्स स्कॉड में कईस अहमद शामिल



**नई दिल्ली**

श्रीलंका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए अफगानिस्तान ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। टीम में 4 अनकैप्ड प्लेयर्स को मौका मिला। वहीं राशिद खान पीठ की सर्जरी के कारण टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। उनकी जगह लेग स्पिनर कईस अहमद को 16 प्लेयर्स के स्कॉड में शामिल किया गया। श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट मैच 2 फरवरी से शुरू हो रहा है। मुकाबला कोलंबो में खेला जाएगा।

### 2 महीने से बाहर हैं राशिद खान

राशिद खान ने नवंबर में वनडे वर्ल्ड कप के दौरान आखिरी मुकाबला खेला था। टूर्नामेंट खत्म होने के बाद उन्होंने अपनी पीठ की सर्जरी करवाई। सर्जरी के कारण ही वह भारत में 3 टी-20 की सीरीज भी नहीं खेल सके। अब उनका श्रीलंका में खेलना कन्फर्म नहीं है और उन्होंने पाकिस्तान में पीएसएल से भी अपना नाम वापस ले लिया है। पीएसएल 17 फरवरी से शुरू हो रहा है। राशिद की जगह टीम में लेग स्पिनर कईस अहमद को मौका मिला है। कईस ने 2019 में टेस्ट डेब्यू किया था, तब से वह एक भी फर्स्ट क्लास मैच नहीं खेल सके। हालांकि वह लगातार टी-20 खेल रहे हैं और उन्होंने भारत के खिलाफ टी-20 भी खेला था।

### 4 अनकैप्ड प्लेयर्स को मौका

अफगानिस्तान ने टेस्ट स्कॉड में 4 अनकैप्ड प्लेयर्स को भी शामिल किया है। टीम में बैटर नूर अली जादरान, लेफ्ट आर्म स्पिनर जिया-उर-रहमान, विकेटकीपर बैटर मोहम्मद इशाक और राइट आर्म पेसर नवीद जादरान को जगह दी गई है। 35 साल के नूर अली जादरान स्पिनर मुजीब उर-रहमान के अंकल हैं। उन्होंने 2009 में अफगानिस्तान के लिए वनडे डेब्यू किया था। तब से उन्होंने 51 वनडे और 23 टी-20 खेल लिए लेकिन वह टेस्ट में डेब्यू नहीं कर सके। जिया उर ने 28 फर्स्ट क्लास मैचों में 19.1 की औसत से 159 विकेट लिए हैं। स्पिन बॉलिंग के साथ वह लोअर ऑर्डर में बैटिंग भी कर लेते हैं।

### 7 महीने बाद टेस्ट खेलेगा अफगानिस्तान

अफगानिस्तान टीम 7 महीने बाद टेस्ट मैच खेलेगी। टीम ने पिछले साल जून में बांग्लादेश के खिलाफ ढाका में आखिरी टेस्ट खेला था। तब उन्हें 546 रन की बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। उस दौरे के स्कॉड से ऑलराउंडर करीम जनत और आमिर हम्जा को जगह मिली। अफगानिस्तान की कप्तानी हशमतुल्लाह शहीदी करेंगे। उनके साथ इब्राहिम जादरान, अब्दुल मलिक और रहमत शाह भी बैटिंग में टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### 7 में से 3 टेस्ट जीता है अफगानिस्तान

अफगानिस्तान ने 2018 में टेस्ट खेलना शुरू किया। तब से टीम ने 7 टेस्ट खेले और टीम पहली बार ही श्रीलंका का सामना करेगी। अफगानिस्तान ने 3 टेस्ट जीते और 4 गंवाए हैं। श्रीलंका में अफगानिस्तान 3 वनडे और 3 टी-20 भी खेलेगी। वनडे सीरीज 9 फरवरी से शुरू होगी।

# टेस्ट में खल रही कप्तान विराट की कमी

## 12 साल बाद घर में लगातार 3 टेस्ट बिना जीते गुजरे; 10 महीने में दूसरी हार



**नई दिल्ली**

कप्तान रोहित शर्मा के कार्यकाल में एक ऐसा वाकया हो गया है जो पिछले 12 साल से नहीं हुआ था। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला हार गई है। यह घरेलू जमीन पर लगातार तीसरा ऐसा टेस्ट मैच है जिसमें भारतीय टीम को जीत नसीब नहीं हुई है। ऐसा आखिरी बार 2012 में हुआ था। क्या घरेलू परिस्थितियों में भारत के प्रभुत्व का लंबा दौर समाप्त हो रहा है? घरेलू टेस्ट मैचों में रोहित की कप्तानी विराट कोहली की तुलना में कमजोर साबित हो रही है? चलिए आगे जानते हैं।

### 44 टेस्ट मैच बाद आया ऐसा दौर

घरेलू जमीन पर करीब 12 साल और 44 टेस्ट मैच ऐसा दौर आया है जब भारतीय टीम लगातार तीन टेस्ट मैचों में से एक भी नहीं जीत सकी। पिछला मौका 2012 में आया था। तब भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ ही दो टेस्ट मैचों में हार मिली थी और एक मुकाबला ड्रॉ रहा था। इस बार के तीन ऐसे टेस्ट मैचों में से दो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रहे थे। इंदौर टेस्ट में भारत हारा था, जबकि अहमदाबाद टेस्ट ड्रॉ रहा था। अब हैदराबाद में इंग्लैंड ने हमें हरा दिया है।

### विराट कोहली की कप्तानी में घर में कभी नहीं हुआ ऐसा

विराट कोहली ने 2015 में टेस्ट टीम की कप्तानी संभाली। 5 नवंबर, 2015 को उन्होंने भारतीय जमीन पर पहली बार टेस्ट में टीम की कप्तानी की। उनके कार्यकाल में भारत ने 31 टेस्ट मैच अपनी जमीन पर खेले। इन 31 मैचों में कभी ऐसा नहीं हुआ जब भारत को लगातार तीन मुकाबलों में जीत न मिली हो।

विराट की अगुआई में भारत का भारत में जीत हासिल न कर पाने का सबसे लंबा दौर 2 टेस्ट मैचों का रहा। मार्च 2017 में एक टेस्ट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ और इसके ठीक बार एक टेस्ट श्रीलंका के खिलाफ ड्रॉ रहा था। गौर करने लायक बात यह है कि उन मुकाबलों में भी भारत हारा नहीं था।

### विराट की कप्तानी में घर में 6 साल में दो टेस्ट हारे

विराट कोहली ने 2015 से 2021 तक छह साल घरेलू मैदानों पर कप्तानी की। इस दौरान भारत ने घर में 31 टेस्ट मैच खेले। 24 में टीम को जीत मिली और सिर्फ 2 में हार का सामना करना पड़ा। 5 टेस्ट ड्रॉ रहे। विराट की कप्तानी में घर में इन 2 हार के बीच 4 साल का फासला था। दूसरी ओर रोहित ने 2022 से टेस्ट में भारतीय जमीन पर भारतीय टीम की कमान संभाली है। उन्होंने यहां 7 टेस्ट में टीम की कमान संभाली। 4 में भारत को जीत मिली है। 2 में हार झेलनी पड़ी और 1 मैच ड्रॉ रहा है। रोहित की कप्तानी में भारत को घर में दो हार 10 महीने के अंदर मिली है।

# अर्शदीप, सूरज और स्टीवन ने ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई किया

## नेशनल रेसवॉकिंग चैंपियनशिप में टॉप-3 पोजिशन पर रहे; विमेंस में मंजू रानी चैंपियन



**चंडीगढ़।**

अर्शदीप सिंह, सूरज पवार, स्टीवन और अर्शप्रीत सिंह ने ओलिंपिक के रेसवॉकिंग इवेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया है। चंडीगढ़ में आयोजित रेस वॉकिंग चैंपियनशिप के इंडिविजुअल इवेंट में अर्शदीप पहले, सूरज दूसरे, स्टीवन तीसरे और अर्शप्रीत सिंह चौथे नंबर पर रहे। चारों ने क्वालिफाइंग टाइम 1 घंटे 20 मिनट 11 सेकेंड से कम समय लेकर रेस पूरी की।

विमेंस में मंजू रानी चैंपियन रहीं, लेकिन क्वालिफाइंग टाइम पूरा नहीं कर पाने के कारण वह ओलिंपिक में जगह नहीं बना सकीं। मिक्स्ड वॉक रेस ओलिंपिक में पहली बार होने जा रही है। गेम्स इसी साल जुलाई में फ्रांस के पेरिस में होंगे।

### अर्शदीप ने 1:19:37 घंटे में रेस पूरी की

पंजाब के अर्शदीप सिंह ने 20 किमी रेस वॉक एक घंटे 19 मिनट और 37 सेकेंड का समय लेकर जीती। उत्तराखंड के सूरज पवार 1 घंटे 19 मिनट और 43 सेकेंड का समय लेकर दूसरे नंबर पर रहे।

तमिलनाडु के स्टीवन ने एक घंटे 20 मिनट और 3 सेकेंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं चौथे नंबर पर रहे अर्शप्रीत सिंह ने भी क्वालिफाई कर लिया। उन्होंने एक घंटे 20 मिनट और 4 सेकेंड का समय लिया। चारों ने ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई किया। क्वालिफिकेशन के लिए एक घंटे 20 मिनट और 11 सेकेंड के अंदर रेस पूरी करनी थी।

### 10 किमी में आरती और हिमांशु चैंपियन

अंडर-20 की मेंस और विमेंस कैटेगरी में 10 किमी की रेसवॉक हुई। विमेंस में आरती भड़ाना पहले नंबर पर रहीं। वहीं वैष्णवी नेगी दूसरे और चकप्रमनोकिया चानू तीसरे नंबर पर रहीं। मेंस रेसवॉक में हिमांशु कुमार ने रेस जीती। वहीं आदित्य नेगी दूसरे और रोशन कुमार तीसरे नंबर पर रहे।

### विकास और परमजीत भी कर चुके क्वालिफाई

मेंस इवेंट में भारत से अब 6 वॉकर ने ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया है। अर्शदीप, सूरज, स्टीवन और अर्शप्रीत से पहले विकास सिंह और परमजीत बिष्ट ओलिंपिक खेलने के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं।

दोनों ने पिछले साल जापान में एशियन चैंपियनशिप के दौरान क्वालिफाई किया था। तब विकास ने 1 घंटा 20 मिनट और 8 सेकेंड, जबकि परमजीत ने एक घंटा 20 मिनट और 11 सेकेंड का समय लिया था।

अर्शदीप ने पिछले साल नेशनल चैंपियनशिप एक घंटे 20 मिनट 5 सेकेंड का समय लेकर ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया था, उन्होंने इस बार सिर्फ अपना प्रदर्शन सुधारा।

### विमेंस में प्रियंका गोस्वामी कर चुकीं क्वालिफाई

नेशनल विमेंस चैंपियनशिप में कोई भी महिला ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं। चंडीगढ़ की मंजू रानी एक घंटे 34 मिनट 16 सेकेंड का समय लेकर पहले नंबर पर रहीं। लेकिन ओलिंपिक क्वालिफिकेशन के लिए रेस एक घंटे 29 मिनट और 20 सेकेंड के अंदर पूरी करनी थी। दूसरे और तीसरे नंबर पर की वॉकर भी क्वालिफिकेशन के आसपास नहीं पहुंच सकीं।

हालांकि विमेंस में भारत से प्रियंका गोस्वामी पहले ही क्वालिफाई कर चुकी हैं और वह इस वक्त ऑस्ट्रेलिया में ओलिंपिक के लिए तैयारी कर रही हैं।

# सरकार की मदद से देश में पैरा खेलों का हो रहा विकास : पैरा बैडमिंटन कोच गौरव खन्ना



भारतीय पैरा-बैडमिंटन में प्रमोद भगत, रोहित भाकर, नीलेश गायकवाड़, अबु हुबैदा जैसे कई बेहतरीन खिलाड़ी देने वाले राष्ट्रीय कोच गौरव खन्ना ने देश में पैरा खेलों के विकास का श्रेय मौजूदा सरकार को देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पैरा खिलाड़ियों के लिए 'अभिभावक' की तरह है। हाल ही में पद्मश्री से नवाजे गये खन्ना ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' मैं इस बात से बहुत संतुष्ट हूं कि चीजें (पैरा खेलों में) कैसे आगे बढ़ रही हैं। इसका श्रेय सरकार और देश के माननीय प्रधानमंत्री को जाता है। वह पैरा-एथलीटों पर काफी ध्यान दे रहे हैं।'' उन्होंने कहा, '' वह (मोदी) बड़ी स्पर्धाओं में भाग लेने जाने वाले खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते है और सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रेरित करते है। जब ये खिलाड़ी पदक जीत कर लौटते है तो वह उन्हें पार्टी देते है। वह उनके लिए एक अभिभावक की तरह हैं।'' भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने हांगझोउ एशियाई खेलों में 21 पदक जीते थे। भारतीय पैरा बैडमिंटन में इस परिवर्तन का श्रेय द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच गौरव खन्ना को जाता है। खन्ना बचपन से ही बैडमिंटन खिलाड़ी बनना चाहते थे लेकिन 11 दिसंबर 1975 को जन्में खन्ना घुटने के ऑपरेशन के बाद पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर खेल जारी नहीं रख पाये। उन्होंने हालांकि अपने जुनून का पालन किया और बैडमिंटन से जुड़े रहे। उन्होंने दिव्यांग बच्चों को कोचिंग देना शुरू किया। खन्ना ने कोच के तौर पर अपनी यात्रा के बारे में पूछे जाने पर कहा, '' 1996 में (घुटने के) ऑपरेशन के बाद मेरा पेशेवर करियर खत्म हो गया। इसके बाद 1998 में आरपीएस (राजस्थान पुलिस सेवा) में पहली पोस्टिंग हुई।

यहां मैंने कुछ बच्चों को 'इम्प्लांट' पहने हुए देखा। मुझे बताया गया कि वे असामाजिक तत्व है और मुख्य रूप से पॉकेट मारी जैसे अपराध में शामिल बच्चे है।''

उन्होंने कहा, '' मैंने उनसे (बच्चों से) बात की, सांकेतिक सीखी और उनके लिए रैकेट भी खरीदे।'' खन्ना ने अपने जुनून और समर्पण से पैरा-बैडमिंटन को देश में सुर्खियों में ला दिया हो, लेकिन यह कोई आसान काम नहीं था। उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्हें शून्य से शुरुआत करनी पड़ी। जमीनी स्तर पर एक मजबूत टीम बनाने में उत्तर प्रदेश के पूर्व खेल मंत्री दिवंगत चेतन चौहान ने उनकी काफी मदद की। उन्होंने कहा, ''मुझे एहसास हुआ कि भारतीय पैरा-बैडमिंटन में कोई उचित या ठोस जमीनी स्तर की व्यवस्था नहीं है। मैंने कई लोगों से मदद मांगी।

# एसीसी चेयरमैन पद छोड़ सकते हैं जय शाह

## आईसीसी अध्यक्ष बनने के लिए चुनाव लड़ेंगे; इंडोनेशिया में एसीसी की मीटिंग



जय शाह एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे सकते हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में सचिव के पद पर भी काम कर रहे शाह आईसीसी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे। इसीलिए वह एसीसी का पद छोड़ सकते हैं। मंगलवार से इंडोनेशिया के बाली में एसीसी की एनुअल जनरल मीटिंग शुरू हो रही है। मीटिंग 2 दिन की है और 31 जनवरी तक चलेगी। मीटिंग में एसीसी के ब्रॉडकास्टिंग राइट्स को लेकर भी फैसला लिया जाना है।

### नवंबर में होंगे आईसीसी चेयरमैन पद के चुनाव

एसीसी अध्यक्ष पद का चुनाव हर 2 साल में एक बार होता है, जय शाह फिलहाल अपने पद का एक साल पूरा कर चुके हैं। माना जा रहा है कि अगले चुनाव से पहले ही वह अपना पद छोड़ देंगे, क्योंकि उन्हें आईसीसी चेयरमैन पद का चुनाव लड़ना है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) का चुनाव इसी साल नवंबर में होना है, उससे पहले एसीसी मीटिंग में ही तय हो सकता है कि शाह आईसीसी चेयरमैन पद का चुनाव लड़ेंगे या नहीं।

### एसीसी मीडिया राइट्स फिलहाल स्टार के पास

एनुअल मीटिंग में एशिया के सभी क्रिकेट बोर्ड के सदस्य हिस्सा लेंगे। इसमें एसीसी मीडिया राइट्स पर भी फैसला लिया जाएगा। जिसके तहत एशिया कप जैसा बड़ा टूर्नामेंट ब्रॉडकास्ट होता है। इसी में अंडर-23, अंडर-19 और विमेंस एशिया कप के मैच भी दिखाए जाते हैं।

फिलहाल डिजनी प्लस हॉटस्टार के पास डिजिटल और स्टार के पास ही टीवी राइट्स हैं। स्टार ने 8 साल पहले राइट्स खरीदे थे। एसीसी ने मीडिया राइट्स नीलामी के लिए सभी टॉप ब्रॉडकास्टर्स को डिनर पर इन्वाइट भी किया है।

### एशिया कप के वेन्यू पर भी फैसला होगा

मीटिंग में एशिया कप के अगले वेन्यू पर भी फैसला लिया जाना है। अब एशिया कप 2025 में होगा, जो टी-20 फॉर्मेट में कराया जाना है। टूर्नामेंट होस्टिंग के लिए यूएई और ओमान रेस में हैं। 2023 का एशिया कप पाकिस्तान की मेजबानी में श्रीलंका और पाकिस्तान में हुआ था, जिसे भारत ने जीता था। यूएई और ओमान को एशिया कप की होस्टिंग मिलने में एक समस्या और भी है। टूर्नामेंट की मेजबानी फुल मेंबर एशियन बोर्ड को ही मिलती है और दोनों ही देश एसोसिएट नेशन हैं। हालांकि 2018 और 2022 के दौरान टूर्नामेंट यूएई में खेला गया लेकिन तब भारत और श्रीलंका के पास होस्टिंग राइट्स थे। ऐसे में होस्टिंग राइट्स किसी फुल मेंबर बोर्ड के पास ही रहेंगे।

# एफआईएच हॉकी5 विश्व कप क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से हारा भारत

**नई दिल्ली**

मोहम्मद राहील की हैट्रिक के बावजूद भारत को एफआईएच हॉकी5 पुरूष विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को नीदरलैंड ने 7 . 4 से हरा दिया। राहील (पहला, सातवां और 25वां मिनट) के अलावा मनदीप मोर (11वां मिनट) ने भारत के लिये गोल दागे। नीदरलैंड के लिये सैंडर डे विज्न (चौथा और 15वां) और अलेक्जेंडर शॉप (10वां और 26वां) ने दो गाल किये जबकि लुकास मिडेनडोर्प (12वां), जैमी वान आर्ट (13वां) और पेपिन रेयेंगा (20वां) ने एक एक गोल किया।

मैच की शुरूआत काफी अच्छी रही और भारत के लिये राहील ने पहले ही मिनट में गोल दागा। इसके बाद नीदरलैंड को सैंडर ने बराबरी दिलाई। भारत ने जवाबी हमले तेज किये और सातवें मिनट में राहील ने दूसरा गोल दाग दिया। इसे शॉप ने दसवें मिनट में उतारा। मनदीप ने अगले मिनट भारत को फिर बढत दिलाई। नीदरलैंड ने तेजी से मिले बोलना जारी रखा जिसमें मिडेनडोर्प और वान आर्ट ने गोल दाग दिये। हाफटाइम से ठीक पहले सैंडर ने दूसरा गोल करके नीदरलैंड को अच्छी बढत दिला दी। दूसरे हाफ में रेयेंगा और शॉप ने बढत में इजाफा किया। राहील ने 25वें मिनट में हैट्रिक पूरी की लेकिन भारत को जीत नहीं दिला सके। अब भारत का सामना पांचवें से आठवें स्थान के मुकाबले में कीनिया से होगा।

# इस अभिनेत्री संग काम करने के लिए धर्मेंद्र ने किया था 10 साल तक इंतजार

बॉलीवुड के सुपरहिट एक्टर धर्मेंद्र आज किसी पहचान के मोहताज नहीं है। एक्टर ने कई सुपरहिट फिल्मों के लिए काम किया है। हालांकि एक्टर एक ऐसी एक्ट्रेस के साथ काम करना चाहते थे जिन्हें वह काफी ज्यादा पसंद करते थे। इस एक्ट्रेस के साथ काम करने के लिए एक्टर ने करीब 10 साल का इंतज़ार किया है।

### फिल्म लव इन शिमला के लिए पहली पसंद थे धर्मेंद्र

'लव इन शिमला' बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म साल 1960 में रिलीज हुई थी। इस फ़िल्म को दर्शकों ने काफ़ी ज्यादा पसंद किया था। इस फ़िल्म में जॉय मुखर्जी और साधना की केमिस्ट्री को दर्शकों ने काफी ज्यादा पसंद किया था।

### कभी स्क्रीन टेस्ट में रिजेक्ट हुए थे धर्मेंद्र

हालांकि यह फिल्म पहले धर्मेंद्र और साधना करना चाहते थे। किसी कारणवश धर्मेंद्र- साधना के साथ इस फिल्म में काम नहीं कर पाए। रिपोर्ट्स की मानें तो 'लव इन शिमला' के लिए पहली पसंद धर्मेंद्र ही थे। हालांकि धर्मेंद्र स्क्रीन टेस्ट पास न करने के कारण इस फिल्म में काम नहीं कर पाए।

### इस फिल्म में नजर आए थे धर्मेंद्र और साधना

इस फ़िल्म के बाद एक्टर को करीब 10 साल का लंबा इंतज़ार करना पड़ा जिसके बाद उन्हें साधना



के साथ काम करने का दोबारा मौका मिला। 1970 के दशक में आखिरकार धर्मेंद्र को यह मौक़ा मिल ही गया कि वह साधना के साथ काम कर पाए। कपल ने फ़िल्म 'इश्क़' में एक साथ काम किया। इस फ़िल्म में भी दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने काफी ज्यादा पसंद किया था।

# रणबीर पिता ऋषि कपूर के लिए इमोशनल हुए

## बोले- मैं हर दिन आपके बारे में सोचता हूं और आपको याद करता हूं

रविवार की रात 69वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स की अनाउंसमेंट हुई। ये रात रणबीर कपूर के लिए बेहद खास रही। उन्हें संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। वहीं आलिया भट्ट को फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए बेस्ट एक्ट्रेस के अवॉर्ड से नवाजा गया। अवॉर्ड लेने के बाद रणबीर ने अपने दिवंगत पिता ऋषि कपूर को श्रद्धांजलि दी।

### रणबीर ने पिता ऋषि कपूर को याद किया

रणबीर कपूर ने अपने पिता को याद करते हुए कहा- मैं हर दिन आपके बारे में सोचता हूं। हर दिन आपको याद करता हूं। आपके साथ बिताए हुए प्यार भरे लम्हें आज दिन भी नहीं भूला। उम्मीद करता हूं कि आप जहां भी होंगे शांति से होंगे।

### रणबीर ने बेटी राहा को शरारती कहा

रणबीर कपूर की बेटी राहा का जन्म फिल्म एनिमल की शूटिंग से ठीक एक हफ्ते पहले हुआ। रणबीर ने कहा- मेरी बेटी राहा..शरारती..तुम्हारा जन्म हुआ और एक हफ्ते बाद मैंने एनिमल के लिए शूटिंग शुरू कर दी। मेरे लिए सबसे खास लम्हा शूटिंग के बाद घर आकर तुम्हें देखना होता था। आज रात मम्मी पापा तुम्हारे लिए एक बुआ और एक मासी (फिल्मफेयर अवॉर्ड-ब्लैक लेडी) खेलने के लिए ला रहे हैं। मैं तुम्हारे साथ हर रोमांच का अनुभव करना चाहता हूं। मैं तुमसे बहुत प्यार करता हूं..शरारती..रणबीर ने ऑडियंस को भी शुक्रिया कहा।

### रणबीर कपूर की मां ने भी खुशी जाहिर की

रणबीर कपूर की मां नीतू कपूर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा- मैंने तुम दोनों के लिए चुपके से प्रार्थना की थी कि साल 2019 की याद ताजा हो जाए। आप दोनों को बधाइयां। मुझे आप दोनों पर बहुत गर्व है। बता दें, साल 2019 में रणबीर कपूर को संजू और आलिया भट्ट को राजी के लिए बेस्ट एक्टर और बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था।

### रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के आने वाले प्रोजेक्ट्स

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में साथ काम करते नजर आएंगे। इस फिल्म में विक्की कौशल भी अहम किरदार में दिखेंगे। आलिया भट्ट इस साल 27 सितंबर को जिगरा फिल्म में भी नजर आएंगी। जिगरा फिल्म में आलिया पहली बार एक्शन सींस करती दिखेंगी। इस फिल्म को आलिया करण जौहर के साथ को-प्रोड्यूस कर रही हैं।



# कभी डिप्रेशन में चली गयी थी आलिया भट्ट की बहन स्माइली सूरी, खुद बयां किया दर्द

फिल्मी दुनिया में अपने किरदार से खलबली मचाने वाली स्माइली इन दिनों ग्लैमर की दुनिया से काफी दूर है। आपको बता दें कि इस एक्टर ने अपने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि वह काफी समय से डिप्रेशन से जूझ रही थी। आपको बता दें, कि स्माइली सूरी ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत साल 2005 में कलयुग फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। डेब्यू के कुछ समय बाद स्माइली ने शादी कर लीं और इसके बाद उन्होंने थियेटर करना शुरू किया। लेकिन आपको बता दें कि कुणाल खेमू और इमरान हाशमी जैसे बड़े कलाकार के साथ काम करने वाली इस एक्टर की पर्सनल लाइफ कुछ खास नहीं रही।

अपने इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि पर्सनल लाइफ में होने वाली प्रॉब्लम से वह लम्बे समय तक डिप्रेशन का शिकार हो गई थी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उन्होंने लाइफ-पार्टनर चुनने में गलती कर दी थी। साल 2014 में स्माइली ने अपने सालसा डांस टीचर विनीत बंगेरा से शादी कर ली थी। स्माइली ने आगे बताया कि एक साथ रहने के बाद पता चला कि उनके बीच प्यार नहीं बल्कि वह केवल एक जुड़ाव था। इसके बाद उन्होंने कहा कि



उन्होंने अपनी शादी बचाने के लिए काफी प्रयास किया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

### आलिया भट्ट की बहन है स्माइली सूरी

आपको बता दें, कि स्माइली सूरी बॉलीवुड जगत की जाने-माने भट्ट परिवार से संबंध रखती हैं। स्माइली सूरी आलिया भट्ट की चचेरी बहन हैं। अपने करियर को लेकर उन्होंने कहा कि सभी को काम करता देख मुझे बहुत दुख होता था। उन्होंने आगे कहा कि कोरोना महामारी ने मुझे बहुत कुछ सिखाया। मैंने तय कर लिया था कि मेरा भी समय आएगा।

### पोल डांसिंग में आजमाया स्माइली ने हाथ

स्माइली सूरी के पास पोल डासिंग के बेहद ही जानदार हुनर है। डिप्रेशन से निकलने के लिए उन्होंने पोल डासिंग का सहारा लिया। स्माइली कहती हैं कि वह अपने एक्टिंग करियर के साथ-साथ पोल डांसिंग पर भी ध्यान देती हैं।

# सूर्या से डिवोर्स की अफवाहों पर ज्योतिका ने लगाया विराम

## एक्ट्रेस बोली- काम के लिए बच्चों संग मुंबई शिफ्ट हुई हूं, जल्द शैतान में दिखेंगी

साउथ सिनेमा की पॉपुलर जोड़ी सूर्या और ज्योतिका को लेकर पिछले कुछ वक्त से एक खबर सामने आ रही थी कि ये कपल अलग होने वाला है। हालांकि अब इस खबर पर ज्योतिका ने चुप्पी तोड़ी और बताया कि वे अपने पति सूर्या से डिवोर्स नहीं ले रहीं बल्कि काम के सिलसिले में मुंबई में शिफ्ट हुई हैं। ज्योतिका जल्द ही अजय देवगन और आर माधवन स्टारर फिल्म शैतान में नजर आएंगी। ये फिल्म 8 मार्च को रिलीज होगी।

**ज्योतिका ने अलग होने की अफवाहों पर ताला लगाया :** ज्योतिका ने हाल ही में साउथ की सुपरहिट फिल्म कैथल में काम किया था। ज्योतिका ने एक इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने शादी के बाद अपने फिल्मी करियर से ब्रेक ले लिया था। लेकिन अब वो ब्रेक खत्म करके वापस फिल्म इंडस्ट्री में आ रही हैं। ऐसे में उन्हें अलग-अलग भाषाओं के कई ऑफर मिल रहे हैं।

अपने काम और बच्चों की पढ़ाई के बीच बैलेंस बनाने के लिए ज्योतिका ने मुंबई में शिफ्ट होने का फैसला लिया। इस तरह वे अपने बच्चों की पढ़ाई पर भी ध्यान दे पायेंगी और अपने करियर को भी जारी रख सकेंगीं। जैसे ही काम खत्म हो जाएगा, वो वापस चेन्नई लौट जाएंगी।

**ज्योतिका ने पति सूर्या की तारीफ की :** ज्योतिका ने कुछ समय पहले अपने पति सूर्या के बारे में भी बात की थी। उन्होंने



सूर्या को बड़े दृष्टिकोण वाला व्यक्ति बताया। ज्योतिका ने कहा- सूर्या एक बहुत ही सपोर्टिंग हसबैंड हैं। वे चाहते हैं कि मैं खुश रहूं। वे हमेशा हमारे बच्चों के करियर को प्राथमिकता देते हैं और उनकी भलाई के बारे में ही सोचते हैं।

**ज्योतिका के आने वाले प्रोजेक्ट्स :** ज्योतिका ने पिछले साल फिल्म कैथल से मलयालम इंडस्ट्री में अपना कमबैक किया। इस फिल्म को ऑडियंस और क्रिटिक्स ने भी खूब सराहा था।

शैतान के अलावा ज्योतिका श्री और डब्बा कार्टेल जैसे हिंदी प्रोजेक्ट्स में नजर आएंगी। जहां श्री फिल्म में उनके साथ राजकुमार राव होंगे। वहीं डब्बा कार्टेल वेब सीरीज में ज्योतिका, शबाना आजमी और गजराज राव नजर आएंगे।


**सूर्या-ज्योतिका ने 7 फिल्मों में साथ काम किया :** ज्योतिका ने साउथ स्टार सूर्या से साल 2006 में शादी कर ली। शादी के पहले दोनों ने कुछ सालों तक एक-दूसरे को डेट किया था।

ज्योतिका और सूर्या ने साथ में 7 फिल्में भी की हुई हैं। शादी के बाद साल 2007 में ज्योतिका ने बेटी दीया और फिर साल 2010 में बेटे देव को जन्म दिया। साउथ सिनेमा के फैंस के बीच दोनों की जोड़ी भी काफी पॉपुलर है।

# कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट का हुआ रोका

## रिंग के साथ पोज करते नजर आए कपल, दोस्तों के साथ किया सेलिब्रेशन

बॉलीवुड के लॉन्ग टाइम कपल पुलकित सम्राट और कृति खरबंदा रोका की खबरों से सुर्खियों में आ गए हैं। हाल ही में कपल की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं, जिनमें दोनों अपनी रिंग फ्लॉन्ट करते नजर आ रहे हैं। हालांकि अब तक दोनों ने सगाई पर कोई ऑफिशियल कन्फर्मेशन नहीं दी है। कृति और पुलकित की करीबी दोस्त रिया लुथरा ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पेज से फैमिली गेट-टुगेदर की चंद तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में पुलकित और कृति अपने दोस्तों और परिवार के साथ पोज करते दिखे हैं। पहली तस्वीर में पुलकित, कृति को गले लगाए हुए हैं, वहीं दूसरी तस्वीर में दोनों अपनी-अपनी रिंग फ्लॉन्ट करते नजर आए हैं। फिलहाल पुलकित या कृति में से किसी ने भी सगाई पर कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है, हालांकि तस्वीरें सामने आने पर हर कोई उन्हें मुबारकबाद दे रहा है। इस सेरेमनी में कृति ने गोल्डन बॉर्डर वाला पीकॉक ब्लू सूट पहना था, जिसके साथ उन्होंने कॉन्ट्रास्ट बेबी पिंक चुनरी पेयर की है। वहीं पुलकित ने व्हाइट एंड ब्लैक प्रिंटेड कुर्ता पहन रखा है। पुलकित सम्राट और कृति पिछले 5 सालों से



रिलेशनशिप में हैं। दोनों फिल्म तैश, पागलपंती और वीरे दी वेडिंग में साथ नजर आ चुके हैं। साल 2019 से रिलेशनशिप में रहने के बाद दोनों पिछले कुछ सालों से लिव इन में हैं। पुलकित सम्राट ने 3 नवंबर 2014 को सलमान खान की राखी बहन श्वेता रोहिरा से शादी की थी। यही वजह थी कि पुलकित की डेब्यू फिल्म बिट्टू बॉस का सलमान ने खुद प्रमोशन किया था। शादी के कुछ समय बाद पुलकित का नाम यामी गौतम से जुड़ा था, जिससे 2015 में उनकी शादी टूट गई थी। 2018 में पुलकित और यामी का भी ब्रेकअप हो गया था।

# शाहरुख खान के साथ नजर आएंगे केजीएफ स्टार यश

फिल्म केजीएफ से स्टारडम हासिल करने वाले कन्नड़ एक्टर यश जल्द ही नितेश तिवारी की फिल्म रामायण से बॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं। रामायण के साथ ही यश को अब दूसरी फिल्म मिल चुकी है, वो भी बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के साथ। दोनों ही साथ काम करने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं और कुछ बड़ा करने की तैयारी में हैं। एक सूत्र के हवाले से बताया गया है कि यश जल्द ही शाहरुख खान के साथ काम करने वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, यश ने केजीएफ के अगले पार्ट और रामायण की शूटिंग की तैयारी शुरू कर दी है और अब वो धीरे नहीं चलना चाहते। वो पहले ही अपनी दूसरी फिल्म पर बातचीत शुरू कर चुके हैं, जो एक एक्शन प्रोजेक्ट होगा। वो रेड चिल्ली एंटरटेनमेंट के साथ अगले प्रोजेक्ट पर चर्चा कर रहे हैं। यश को प्रोडक्शन का आइडिया पसंद आया है।

**शाहरुख खान के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे यश :** रिपोर्ट में बताया गया है कि यश ने शाहरुख खान के साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की है। ऐसे में उनकी शाहरुख खान के



साथ काम करने पर चर्चा जोरों पर है। दोनों एक आइडिया फिक्स कर चुके हैं, जिस पर काम करने के लिए दोनों ही बेहद एक्साइटेड हैं। दोनों जानते हैं कि साथ आने से फैंस की उम्मीदें बढ़ जाएंगी, ऐसे में दोनों कुछ बड़ा करने की तैयारी में हैं।

**रामायण से बॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं यश :** केजीएफ स्टार यश जल्द ही नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बन रही फिल्म रामायण से बॉलीवुड डेब्यू करेंगे। इस फिल्म में रणबीर कपूर, प्रभु श्री राम के रोल में नजर आएंगे, जब यश फिल्म में रावण का रोल प्ले करेंगे। फिल्म में सीता का रोल निभाकर साई पल्लवी भी बॉलीवुड डेब्यू करेंगी। वहीं हनुमान के लिए सनी देओल को फाइनल कर लिया गया है।

## शाहरुख ने फैंस के साथ सेलिब्रेट की 'डंकी' की सक्सेस

# रोते हुए फैंस को लगाया गले, बोले- अब से दो-तीन महीने का ही ब्रेक लूंगा

शाहरुख खान ने मुंबई के राज स्टूडियों में फैंस के साथ फिल्म 'डंकी' की सक्सेस सेलिब्रेट की। इस स्पेशल फैन इवेंट के दौरान शाहरुख ने कहा कि जब बीते कुछ वक्त में उनकी फिल्में अच्छा परफॉर्म नहीं कर रही थीं तो उनको सेल्फ डाउट हो गया था। इवेंट में शाहरुख ने फैंस के साथ फोटोज भी खिंचवाए और एक रोते हुए फैन को गले से भी लगाया। सोशल मीडिया यूजर्स सुपरस्टार के इस जेस्चर की जमकर तारीफ कर रहे हैं।



**मुझे लगा कि अच्छी फिल्में नहीं बना रहा हूं :** इवेंट में शाहरुख ने कहा, 'मैं बीते 33 साल से काम कर रहा हूं। नॉर्मल आपको कई बार नर्वसनेस फील होती है। हर रिलीज पर आपको फील होता है कि यार ये वाली फिल्म अच्छी चल जाए बस। इन तीनों फिल्मों से पहले मेरी कुछ फिल्में अच्छी नहीं चली थीं। मैं यह सोचने लगा था कि मैं ही अच्छी फिल्में नहीं बना रहा हूं।'

**'अब से दो-तीन महीने का ही ब्रेक लूंगा' :** शाहरुख ने आगे कहा, 'अब जब पठान, जवान और डंकी को आप लोगों ने इतना प्यार दिया है तो मुझे लगा कि चार साल तक के लिए दूर नहीं जाना चाहिए। दो-तीन महीने ही ठीक है। मैं अपनी ऑडियंस का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मुझे यह महसूस करवाया कि जो मैंने किया वो सही था और मुझे यही करते रहना चाहिए।'

**इवेंट में इमोशनल हुए एसआरके फैंस :** इसी इवेंट से शाहरुख का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें वो अपने एक रोते हुए फैन को गले लगाते नजर आए। इवेंट में एसआरके के साथ फोटोज खिंचवाते वक्त कई फैंस इमोशनल हो गए। इवेंट में शाहरुख डैपर लुक में ब्लैक टी-शर्ट पहने नजर आए। उन्होंने इसे ब्लैक लेदर जैकेट से पेयर किया था। 'डंकी' पिछले साल रिलीज हुई शाहरुख की तीसरी फिल्म थी। इससे पहले वो जनवरी 2023 में पठान और सितंबर 2023 में जवान जैसी सुपरहिट फिल्में दे चुके थे। 2023 में शाहरुख की इन तीनों फिल्मों ने ग्लोबली 2 हजार 600 करोड़ रुपए का बिजनेस किया।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान



# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पीएम ने श्रद्धांजलि दी

## कांग्रेस बोली- गोडसे को मानने वालों को भारत को परिभाषित करने नहीं दे सकते

बढ़ता राजस्थान। एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी समेत सभी बड़े नेताओं ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। पीएम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि पूज्य बापू को उनकी 76वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देता हूं। मैं देश के लिए बलिदान देने वाले सभी वीरों को नमन करता हूं। उनका बलिदान हमें जनसेवा करने और देश के लिए हमारे सपनों को पूरा करने की प्रेरणा देता है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बिहार के अररिया में न्याय यात्रा कैंप में बापू के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर लिखा कि न्याय की यह महायात्रा गांधी जी के विचारों से ही प्रेरित है और जो भी उनकी विचारधारा को कुचलने की कोशिश करेंगे, वहां हम खड़े मिलेंगे।

वहीं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 76 साल पहले आज ही के दिन नफरत फैलाने वाली शक्तियों ने महात्मा गांधी की हत्या कर दी थी। उस विचारधारा और उसे मानने वालों के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी, जिन्होंने महात्मा के जीवनकाल में तो उनका विरोध किया, उन्हें नकारा और अंत में उनकी हत्या की, लेकिन अब उनकी विरासत को हथियाने का प्रयास कर रहे हैं।

जयराम ने कहा कि जो लोग गोडसे का महिमामंडन करते हैं, उन्हें आइडिया ऑफ इंडिया को परिभाषित करने की इजाजत न तो दी जानी चाहिए और न ही दी जाएगी।

# अजमेर हाईवे पर लिफ्ट लेकर चढ़े दम्पती, महिला से चालक ने किया रेप!

बढ़ता राजस्थान

**पति-बेटे के साथ लौट रही थी घर, ड्राइवर-खलासी के साथ दम्पती ने भी पी थी ट्रक में शराब**

**जयपुर( का.स. )।** राजधानी के अजमेर हाईवे पर एक ट्रक में महिला से रेप का आरोप लगा है। महिला ब्यूटी पार्लर चलाती है और अपने पति व बच्चे के साथ ट्रक में लिफ्ट लेकर चढ़ी थी।

पुलिस को अपने साथ गुजरे वाकिए के बारे में जानकारी देते हुए पीड़ित महिला ने बताया कि वह अजमेर में दरगाह गए थे और वहां से लौट रहे थे। बगरू से उन्होंने ट्रक में लिफ्ट ली थी। चलते ट्रक के केबिन में ड्राइवर-खलासी ने उनके साथ मिलकर शराब पार्टी की। खलासी के साथ पति को ट्रक से नीचे उतार दिया और इसके बाद ड्राइवर ने महिला से जबरदस्ती की। शराब के नशे में परिवार को हाइवे किनारे उतार ड्राइवर-खलासी ट्रक लेकर फरार हो गए। बगरू थाना पुलिस ने पीड़िता के पर्चा बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार झोटवाड़ा निवासी 29 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह एक ब्यूटी पॉर्लर में जॉब करती है, जबकि पति अपना खुद का प्राइवेट काम करता है। 25 जनवरी की सुबह पति और 4 साल के बेटे के साथ वह उर्स के लिए अजमेर गई थी। किराया देकर एक कार में बैठकर शाम को अजमेर से बगरू तक आए। कार से उतरने के बाद हाइवे पर जयपुर जाने के लिए खड़े थे। जयपुर की ओर जाने वाले ट्रकों को लिफ्ट देने के लिए इशारा किया। इशारा करने पर एक ड्राइवर ने ट्रक रोका। जयपुर छोड़ने की कहने पर तीनों को केबिन में बैठा लिया।

### मामले में सवाल

केबिन में ड्राइवर के साथ बैठने के बाद खलासी भी आकर बैठ गया। कुछ देर बातचीत के बाद ड्राइवर ने शराब की बोतल निकाली। पार्टी करने की कहने पर चलते ट्रक में ड्राइवर-खलासी और पति-पत्नी ने शराब पी। शराब पीने के बाद बगरू टोल से कुछ दूरी पहले ड्राइवर ने ट्रक को हाइवे किनारे खड़ा कर लिया। खलासी के कहने पर पति भी उसके साथ ट्रक से नीचे उतर गया। पति के जाने के बाद शराब के नशे में ड्राइवर ने केबिन में उसके साथ जबरन रेप किया। रेप के बाद तीनों को नीचे उतार ड्राइवर-खलासी ट्रक लेकर फरार हो गए। बगरू थाने में शराब के नशे में दंपती ने आपबीती सुनाई। पुलिस ने पीड़िता के पर्चा बयान के आधार पर रेप का मामला दर्ज किया। सवाल ये है कि पति-पत्नी दोनों ने ड्राइवर और खलासी के साथ चलते ट्रक में शराब क्यों पी? दूसरा सवाल ये है कि ड्राइवर के कहने पर महिला पति खलासी के साथ पत्नी को ट्रक में छोड़कर नीचे क्यों उतर गया?

# दंतेवाड़ा में नक्सलियों के लगाए आईईडी बरामद, बड़ी घटना होने से टली



बढ़ता राजस्थान। एजेंसी

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा कर्मियों को निशाना बनाने के लिए नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी बरामद होने से मंगलवार को एक बड़ी घटना टल गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई खोज के दौरान जिला आरक्षित बल (डीआरजी), छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ), जिला बल और बम निरोधक दस्ते के संयुक्त दल को किरनडुल थानांतर्गत हिरोली गांव के निकट पांच और तीन किलोग्राम के दो आईईडी मिले। उन्होंने कहा, गश्त के दौरान इलाके से गुजरने वाले सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए रास्ते में विस्फोटक लगाए गए थे। बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) ने बाद में बमों को निष्क्रिय कर दिया। एक बड़ी त्रासदी टल गई। सात जिलों वाले बस्तर संभाग में नक्सली अक्सर नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए विस्फोटक लगाते रहते हैं। पुलिस के मुताबिक, पिछले साल छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा लगाए गए लगभग 180 आईईडी बरामद किए थे।

# भारतीय नौसेना का 24 घंटे में एक और सफल ऑपरेशन, समुद्री डाकुओं के चंगुल से छुड़ाए गए 19 पाकिस्तानी

**नई दिल्ली।** सोमाली समुद्री डाकुओं के खिलाफ भारतीय नौसेना की कार्रवाई जारी है। भारतीय नौसेना ने 24 घंटे के अंदर दूसरी बार मछली पकड़ने वाले जहाज अल नामी को बचाया है।

**समुद्री डाकुओं के खिलाफ आईएनएस सुमित्रा का एक और ऑपरेशन**-भारतीय रक्षा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने कोच्चि के तट से लगभग 800 मील की दूर पर समुद्री डाकुओं द्वारा अपहृत मछली पकड़ने वाले जहाज अल नामी को बचाया गया है।

**24 घंटे के अंदर दूसरी बार नाव को कराया मुक्त**-भारतीय रक्षा अधिकारी के मुताबिक, भारतीय नौसेना के समुद्री कमांडो ने चालक दल को सुरक्षित बचाने के लिए ऑपरेशन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने सफलतापूर्वक नाव को बंधकों से मुक्त कराया है। पिछले 24 घंटों में भारतीय नौसेना का दूसरा सफल समुद्री डकैती रोधी अभियान था। भारतीय नौसेना के युद्धपोत हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा प्रदान करने के लिए तैनात किए गए हैं।

**मछली पकड़ने वाले जहाज पर सवार थे 19 पाकिस्तानी**-भारतीय नौसेना ने एक बयान में कहा कि नौसेना के जहाज सुमित्रा ने सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डकैती के खिलाफ एक और सफल अभियान को अंजाम दिया है। भारतीय नौसेना ने मछली पकड़ने वाले जहाज अल नामी और उसके चालक दल को 11 सोमाली समुद्री लुटेरों से बचाया है। इस जहाज पर 19 पाकिस्तानी नागरिक भी सवार थे।

# दबाव पड़ते ही नीतीश यू-टर्न ले लेते हैं : राहुल

## कहा : राजभवन में शॉल छोड़कर आते हैं, लेने जाते हैं तो राज्यपाल चौंक जाते हैं

बढ़ता राजस्थान। एजेंसी



**पूर्णिया।** बिहार में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे दिन राहुल गांधी ने नीतीश कुमार पर अपनी चुप्पी तोड़ी। राहुल ने कहा कि नीतीश पर दबाव पड़ता है तो वो यू टर्न ले लेते हैं। वो शपथ लेते हैं तो खूब तालियां बजती हैं। नीतीश सीएम हाउस की ओर निकल जाते हैं। फिर पता चलता है कि वो अपना शॉल राज्यपाल भवन में छोड़ आए। वो लेने जाते हैं तो गर्वनर भी कहते हैं इतनी जल्दी आ गए। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का बिहार में आज दूसरा दिन है। राहुल गांधी मंगलवार को पूर्णिया के रंगभूमि मैदान पहुंचे। जहां उन्होंने ये बयान दिया।

### किसानों से राहुल ने की बात

इससे पहले राहुल गांधी ने गढबनैली नवोदय विद्यालय के बच्चों से मुलाकात की है। उसके बाद राहुल गांधी ने सीसाबाड़ी में किसान चौपाल के दौरान किसानों से बात की।

### किसानों से जमीन लेकर उद्योगपतियों को मुफ्त में दी जा रही

राहुल गांधी ने कहा कि जो भी राजनेता किसानों की जमीन की रक्षा करने की बात करेगा, उस पर 24 घंटे आक्रमण होगा। हिंदुस्तान की सरकार जमीन अधिग्रहण के कानून को तोड़ रही है। किसानों को चारों ओर से घेरा जा रहा है। आपसे जमीन ली जाती है और अडाणी जैसे बड़े-बड़े उद्योगपतियों को मुफ्त में दी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी 3 काले कानून ले आए और जो आपका था आपकी नाक के सामने से छीनने की कोशिश की। माल्या और अडाणी का कर्जा माफ हो सकता है, लेकिन किसानों का कर्जा माफ नहीं हो सकता है। राहुल गांधी इस दौरान सिर पर गमछा बांधकर खटिया पर बैठे नजर आए। उन्होंने किसान के हाथ से कुल्हड़ में चाय पी। इसके बाद वो होटल में आराम करने के लिए रवाना हो गए।

### अररिया में बापू को दी श्रद्धांजलि

इससे पहले राहुल गांधी ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर अररिया में उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर लिखा कि न्याय की यह महायात्रा गांधी जी के विचारों से ही प्रेरित है और जो भी उनकी विचारधारा को कुचलने की कोशिश करेगा, वहां हम खड़े मिलेंगे।


कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 76 साल पहले आज ही के दिन नफ़रत फैलाने वाली शक्तियों ने महात्मा गांधी की हत्या कर दी थी। उन्हें याद करने के लिए आज सुबह बिहार के अररिया में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के कैंप स्थल पर प्रार्थना सभा आयोजित की गई।

उन्होंने लिखा कि उस विचारधारा और उसे मानने वालों के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। जिन्होंने महात्मा के जीवनकाल में तो उनका विरोध किया, उन्हें नकारा और अंत में उनकी हत्या की, लेकिन अब उनकी विरासत को हथियाने का प्रयास कर रहे हैं। जो लोग गोडसे का महिमामंडन करते हैं, उन्हें आइडिया ऑफ इंडिया को परिभाषित करने की इजाजत न तो दी जानी चाहिए और न ही दी जाएगी।

### बीजेपी पर बरसे केजरीवाल

# आज के दिन गांधी जी की हत्या हुई थी, 76 साल बाद लोकतंत्र की...

बढ़ता राजस्थान। एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मनोज सोनकर ने मंगलवार को चंडीगढ़ मेयर चुनाव में इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार कुलदीप सिंह को हराकर जीत हासिल की। चंडीगढ़ में कांग्रेस और आप ने साझा उम्मीदवार उतारा था। भाजपा की जीत के बाद आप जबरदस्त तरीके से हमलावर है। आप प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर वार करते हुए कहा कि इसी तारीख को गांधी जी की हत्या हुई थी और 76 साल बाद उन्होंने (भाजपा) लोकतंत्र की हत्या की है... यह लोकतंत्र के लिए काला दिन है। उन्होंने खुलेआम गुंडागर्दी की और यह कैमरे में कैद हो गया। केजरीवाल ने कहा कि पूरा देश देख रहा है कि उन्होंने कैसे वोट चुराए... चुनाव कोई भी जीत सकता है या हार सकता है, देश को हारना नहीं चाहिए... मुद्दा यह है कि उन्होंने चंडीगढ़ मेयर का चुनाव खुली धोखाधड़ी से जीता है। उन्होंने कहा कि इस बार इंडिया अलायंस के तहत कांग्रेस और आप एक साथ आए। उनकी (बीजेपी) मंशा शुरू से ही खराब थी। भाजपा पर हमला जारी रखते हुए केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने हमारे और कांग्रेस के पार्षदों को खरीदने की कोशिश की। उन्होंने उन्हें डराने की कोशिश की जैसे वे पूरे देश में करते हैं... लेकिन सौभाग्य से, एक भी पार्षद नहीं टूटा। भगवंत मान ने कहा कि उनके पक्ष के सभी 16 लोग वोट देना जानते हैं और हमारे पक्ष के 8 लोग वोट देना ही नहीं जानते! ...आज लोकतंत्र को लूट लिया गया...अनिल मसीह बीजेपी अल्पसंख्यक विंग के प्रमुख हैं। उन्होंने अपने पदाधिकारी को पीठासीन पदाधिकारी बना दिया। मान ने कहा कि 18 जनवरी को उन्होंने कहा कि उनकी रीढ़ की हड्डी में दिक्कत है इसलिए वह (चुनाव के लिए) नहीं आ सकते। आज मुझे पता चला कि वह बिल्कुल सही थे।

# संसद के बजट सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक संपन्न

## कांग्रेस ने जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के लिए केंद्र पर साधा निशाना

बढ़ता राजस्थान। एजेंसी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने मंगलवार को विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसियों सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दुरुपयोग को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

अंतरिम बजट सत्र से पहले सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में बोलते हुए, कांग्रेस सांसद ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से पूछताछ सत्ता के दुरुपयोग का उदाहरण है। तिवारी ने मीडिया से कहा कि देश में अलिखित तानाशाही कायम है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस सांसद के अनुसार, सर्वदलीय बैठक में पार्टी के पुराने नेताओं ने असम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हिंसक हमले का मुद्दा भी उठाया। संसद पुस्तकालय भवन में संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी की अध्यक्षता में एक सर्वदलीय बैठक में विभिन्न दलों के नेताओं ने भाग लिया।

यह बैठक प्रत्येक संसदीय सत्र से पहले एक पारंपरिक प्रथा थी जिसमें नेता उन मुद्दों पर प्रकाश डालते हैं जिन्हें वे संसद सत्र के दौरान उठाना चाहते हैं।


# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण

किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# सपा ने 16 लोकसभा सीटों पर कैंडिडेट का ऐलान किया : यूपी में यादव परिवार से तीन प्रत्याशी; मुलायम की सीट मैनपुरी से डिंपल लड़ेंगी

बढ़ता राजस्थान। एजेंसी



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इसमें 16 उम्मीदवारों के नाम हैं। इसमें तीन प्रत्याशी यादव परिवार से है। मुलायम सिंह यादव की सीट मैनपुरी से अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव चुनाव लड़ेंगी। डिंपल अभी भी वहीं से सांसद हैं। इसके अलावा बदायूं से धर्मेंद्र यादव, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा, फैजाबाद से अवधेश प्रसाद, अंबेडकर नगर से लाल जी वर्मा, बस्ती से राम प्रसाद चौधरी, गोरखपुर से काजल निषाद को उम्मीदवार बनाया गया है।

### लिस्ट में यादव परिवार से 3 कैंडिडेट

अखिलेश की पत्नी डिंपल यादव मैनपुरी से, फिरोजाबाद से प्रो. रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव और अखिलेश के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव बदायूं से उम्मीदवार होंगे। पहली लिस्ट में एक मुस्लिम, 1 क्षत्रिय, 1 एससी, 2 खत्री, 2 शाक्य और ओबीसी कैंडिडेट शामिल हैं। इसमें 2 ही महिला उम्मीदवार भी हैं।

### धर्मेंद्र यादव की बदायूं से हुई वापसी

मुलायम सिंह के भतीजे धर्मेंद्र यादव को एक बार फिर से बदायूं से सपा ने उम्मीदवार बनाया है। धर्मेंद्र यादव को 2 बड़े सियासी झटकों से गुजरना पड़ा। 2019 में बदायूं से डॉ संघमित्रा मौर्य के हाथों धर्मेंद्र यादव की हार हुई थी। दूसरा झटका आजमगढ़ उपचुनाव में लगा। जब अखिलेश यादव ने करहल विधानसभा सीट जीतने के कारण आजमगढ़ लोकसभा सीट से इस्तीफा दिया। यहां धर्मेंद्र यादव को चुनाव मैदान में उतारा।

मुलायम सिंह यादव के चलते आजमगढ़ सीट यादव परिवार की ही सीट मानी जाती रही। लेकिन, उपचुनाव में बीजेपी से दिनेश लाल निरहुआ ने धर्मेंद्र यादव को बेहद करीबी मुकाबले में हार झेलना पड़ी थी।